रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित हमेशा सच के साथ RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 14 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-83 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने वोरा के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि पत्रकार गोपाल वोरा का बुधवार सवेरे रायपुर में निधन हो गया है। मुख्यमंत्री साय ने गोपाल वोरा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने दैनिक नवभारत, देशबंधु और लोकमत जैसे विभिन्न समाचार पत्रों में कुशलतापूर्वक अपने पत्रकारीय दायित्वों का निर्वहन किया।

### खरगे-राहुल महाराष्ट्र में करेंगे दो-दो चुनावी सभाएं

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महाराष्ट्र में दो दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। खरगे 12 बजे इगतपुरी में

और शाम सात बजे पुणे के वानवाड़ी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वह 2.30 बजे पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। गांधी 12 बजे नंदुरबार में जीटी पाटिल कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद उनकी दूसरी सभा नांदेड में नई अनाज मंडी के नजदीक 3.15 बजे होगी।

### बुसानन को हराकर सिंधु जापान मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कुमामोटो (जापान)।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने

बुधवार को जापान मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। सिंधु ने खेले गये मुकाबले में अपने स्मैश और ड्रॉप्स का शानदार प्रदर्शन करते हुए थाई प्रतिद्वंद्वी बुसानन को 21-12, 21-8 से शिकस्त दी। दूसरे दौर में भारतीय खिलाड़ी सिंधु का मुकाबला मिशेल ली से होगा। सिंधु की शुरुआत खराब रही और इसका फायदा उठाते हुए बुसानन ने पहले गेम की शुरुआत में 5-1 की बढ़त बना ली।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव में नहीं नजर आया मतदाताओं का उत्साह, तकरीबन 10 प्रतिशत कम हुई वोटिंग

### वर्तमान में रायपुर नगर दक्षिण

- कुल मतदाताओं की संख्या - 270936
- पुरुष मतदाताओं की संख्या - 133713
- महिला मतदाताओं की संख्या - 137171
- थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या - 52

### रायपुर नगर दक्षिण : बीते चुनाव परिणामों पर एक नजर

**2023 के विधानसभा चुनाव में कुल 60.2 प्रतिशत हुई वोटिंग**

2023 में भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल 69 प्रतिशत वोट के साथ कुल 109263 मत किये थे हासिल वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार महंत रामसुंदर दास 26.42 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए कुल 41544 मत पाये थे।

**2018 के विधानसभा चुनाव में कुल 61 प्रतिशत हुई वोटिंग**

2018 में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल नें 52.70 प्रतिशत वोटों के साथ कुल 77589 वोट हासिल किए थे।
वहीं कांग्रेस के कन्हैया अग्रवाल को 40.81 प्रतिशत वोटों के साथ कुल 60093 मत हासिल हुए थे।

**2013 के विधानसभा चुनाव में कुल 66.8 प्रतिशत हुई वोटिंग**

2013 में हुए विधानसभा चुनाव में रायपुर नगर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल 60 प्रतिशत मत हासिल करते हुए कुल 81429 वोट हासिल किए।
इसके साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी किरणमयी नायक को 34.50 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। किरणमयी नायक को कुल 46630 मत मिले ।

**2008 के विधानसभा चुनाव में कुल 62.2 प्रतिशत हुई वोटिंग**

रायपुर नगर दक्षिण में 2008 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने 57 प्रतिशत मत हासिल करते हुए कुल 65686 वोट पाये थे।
वहीं कांग्रेस की ओर से योगेश तिवारी ने बतौर प्रत्याशी के रुप में 36 प्रतिशत वोटों के साथ कुल 40747 मत हासिल किए थे।

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आखिरी-आखिरी रायपुर दक्षिण का उप चुनाव काफी रोमांचक हो गया। वहीं बीते साल हुए विधानसभा चुनाव की अपेक्षा इस उप -चुनाव में मतदान प्रतिशत में 10 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई है। बीते विधानसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण में 60.2 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, जो घटकर 50.50 फीसदी सिमटकर रह गई है। निश्चित तौर पर वोंटिग प्रतिशत के घटे हुए आंकड़े बताते हैं कि मतदाताओं में उत्साह की कमी साफ तौर पर दिख रही है। रायपुर दक्षिण में सपन्न हुए उपचुनाव में भाजपा की ओर से सुनील सोनी तो वहीं कांग्रेस ने युवा प्रत्याशी आकाश शर्मा पर दांव लगाया है। दोनो दल के नेता इस उपचुनाव में जमकर पसीने बहाते नजर आये। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदव साय से लेकर तमाम बडे नेताओं की सभा रायपुर दक्षिण में आयोजित की गई, वहीं कांग्रेस की ओर से प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट समेत राज्य के तमाम कांग्रेसी नेता चुनाव प्रचार में जुटे रहे। भाजपा के सुनील और कांग्रेस के आकाश के बीच इस उपचुनाव में सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। इस निर्वाचन क्षेत्र के वोटरों का मानना है कि रायपुर दक्षिण में अब तक का यह सबसे रोमांचक मुकाबला है। पिछले चार चुनावों की बात की जाए तो कांग्रेस इस विधानसभा क्षेत्र में तकरीबन 40 हजार वोट हासिल करने में कामयाब होते रही है। वहीं बृजमोहन अग्रवाल इस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीतकर 35 वर्षो तक विधायक रहे। कांग्रेस के वोट बैंक को देखा जाए तो वह यथावत नजर आता है। 2008 से लेकर 2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस इस निर्वाचन क्षेत्र में गिरी से गिरी हालत पर 40 हजार मत हासिल करने में कामयाब होते रही है। वहीं भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल के जीत का फ ासला हर बार घटते- बढते नजर आया है। चूंकि इस बार रायपुर दक्षिण से भाजपा के प्रत्याशी के रुप में बृजमोहन अग्रवाल मैदान में नहीं हैं। यहां पर मुकाबला सुनील सोनी और आकाश शर्मा के बीच हो रहा है। निश्चित तौर पर प्रत्याशी बदलने पर वोटों के घटने -बढने के आसार दिख रहे हैं। ऐसे मे माना जा रहा है कि रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में मामला काफी नजदीकी हो सकता है। बहरहाल अब इसका खुलासा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद ही हो सकेगा।

## झारखंड के 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त 65 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

एजेंसी < रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार सुबह 7:00 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ और शाम 5:00 बजे शाम शांतिपूर्ण मतदान समाप्त हो गया इस दौरान एक करोड़ 37 लाख मतदाताओं में से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि 43 विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम शांतिपूर्ण मतदान समाप्त हो गया। उन्होंने बताया कि 950 बूथों पर मतदान शाम चार बजे ही समाप्त हो गया था लेकिन अन्य मतदान केंद्रों पर मतदान शाम 5:00 बजे समाप्त हुआ ।इन 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने तक 64.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुमार ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 1.37 करोड़ मतदाता में से पुरुष मतदाता 68.73 लाख पुरुष मतदाता और मह 68.36 लाख महिला मतदाता की संख्या थीह। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 303 है। 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 63,601 थी जबकि, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1.91 लाख और व 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 6.51 लाख थी। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची स्थित मतदान केंद्र पर जाकर आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को लोकतंत्र के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मतदान करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके अलावा उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास जमशेदपुर में, मुख्यमंत्री हेमंत तीन सोरेन उनकी पत्नी कल्पना सोरेन रांची में,रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ रांची में और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार रांची में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झारखंड में पहले चरण में कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया (अजा), चतरा (अजा), बहरागोड़ा, घाटशिला (अजजा), पोटका (अजजा), जुगसलाई (अजा), जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला (अजजा), चाईबासा (अजजा), मझगांव (अजजा), जगन्नाथपुर (अजजा), मनोहरपुर (अजजा), चक्रधरपुर (अजजा), खरसांवा (अजजा), तमाड़ (अजजा), तोरपा (अजजा), खूंटी (अजजा), रांची, हटिया, कांके (अजा), मांडर (अजजा), सिसई (अजजा), गुमला (अजजा), विशुनपुर (अजजा), सिमडेगा (अजजा), कोलेबिरा (अजजा), लोहरदगा (अजजा), मनिका (अजजा), लातेहार (अजा), पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर (अजा), हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्रों में आज मतदान संपन्न हुआ।

## 'बुल्डोजर न्याय' के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिना कानूनी प्रक्रिया तोड़-फोड़ करने वाले होंगे दंडित

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने 'बुल्डोजर न्याय' के खिलाफ सख्त फैसला सुनाया और देशव्यापी दिशा- निर्देश जारी करते हुए कहा बिना उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये किसी अपराध के दोषी या आरोपी की संपत्ति के साथ तोड़-फोड़ करने वाले अधिकारी दंडित किए जाएंगे। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने आश्रय के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का एक पहलू बताते हुए कहा कि किसी अपराध के आरोपी या दोषी की रिहायशी या व्यावसायिक संपत्ति को कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना ध्वस्त नहीं किया जा सकता है। पीठ ने सरकारी अधिकारियों द्वारा इस तरह की मनमानी और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा 'बुलडोजर कार्रवाई' करना शक्ति के पृथक्करण के मूल सिद्धांत का उल्लंघन होगा, जिसके तहत न्यायपालिका को ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेने का काम सौंपा गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति को मनमाने ढंग से नहीं छीना जा सकता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। अदालत ने दोषी ठहराए जाने तक आरोपी के निर्दोष होने के अनुमान के सिद्धांतों पर जोर देते हुए कहा कि दोषी को भी मनमाने तरीके से की गई किसी भी कार्रवाई के खिलाफ कानून के तहत संरक्षण दिया गया है। पीठ ने कहा, महिलाओं, बच्चों और वृद्धों को इस तरह बेघर होते देखना सुखद दृश्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिकारी न्यायपालिका द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने हाथों में नहीं ले सकते और नागरिकों के मौलिक और वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कार्य नहीं कर सकते। अदालत ने कहा कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति को दोषी घोषित करना शुरू कर दे तो यह पूरी तरह से असंवैधानिक होगा। ऐसे मामलों में अनधिकृत निर्माण हो सकते हैं, जिन पर समझौता किया जा सकता है।

## जीपी सिंह को हाईकोर्ट ने दी राहत

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आय से अधिक संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग केस में फंसे आईपीएस जीपी सिंह को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने उनके खिलाफ दर्ज तीनों एफआईआर को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इस तरह से परेशान करने के लिए झूठे केस दर्ज कर फंसाया गया है। किसी भी केस में उनके खिलाफ ठोस सबूत नहीं है। जीपी सिंह ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि उन्हें तत्कालीन सरकार ने राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया है। इस मामले में सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। मामले में जीपी सिंह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गर्ग और अधिवक्ता हिमांशु पांडेय ने दलील दी कि उनके मुवक्किल को राजनीतिक द्वेष के चलते फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में जिस व्यक्ति से सोना जब्त किया गया था, उसे एसीबी ने आरोपी नहीं बनाया, बल्कि जीपी सिंह को झूठा फंसाया गया। अधिवक्ता पांडेय ने आगे कहा कि जिस स्कूटी से सोना बरामद होने का दावा किया गया है, वह भी जीपी सिंह या उनके परिवार के किसी सदस्य के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं है।

## जनजातीय गौरव यात्रा से मिली युवाओं और समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा : मनसुख मांडविया

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती से दो दिन पूर्व उनके स्मृति में जशपुर में आयोजित जनजातीय गौरव यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार में खेल, युवा, श्रम मंत्री मनसुख मांडविया, मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के मंत्रीगण शामिल हुए। स्थानीय रणजीता स्टेडियम में यात्रा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मांडविया ने माई भारत वॉलिंटियर्स द्वारा आयोजित इस यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा में शामिल होकर यहाँ की आदिवासी संस्कृति, विरासत,यहाँ की रहन-सहन,वेशभूषा को देखने और जानने का अवसर मिला और यात्रा से खुशी के साथ सन्तुष्टि भी मिली। इस यात्रा से युवाओं को एकजुट होने और समाज को देश के प्रति जागरूक बनाते हुए उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी से प्रेरणा लेकर समाज आगे बढ़े और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विकसित भारत बनाने लिए गए संकल्प से जुड़कर देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने की दिशा में काम करें। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के विकास के लिए जो योजनाएं बनाई है, उसमें आप सभी को जुड़ना है और माई भारत एप्लिकेशन में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन भी कराए। उन्होंने कहा कि आप सभी स्वच्छता को तन मन से अपनाते हुए देश के लिए कार्य करें। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने पद यात्रा के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए कहा कि सुबह से पदयात्रा करते हुए यहाँ के लोक जीवन का परिचय हुआ। जनजाति समाज सहित अन्य समाज के लोग भी इसमें शामिल नजर आए और जगह-जगह अलग-अलग तरीके से स्वागत, अभिनन्दन करते रहे। जगह-जगह स्टॉल लगाकर पानी पिलाना, फल सहित अन्य खाद्य सामग्री बाटना और यात्रा में शामिल सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए देखकर खुशी हुई। ➢विस्तृत पेज 8 पर

### नारी शक्ति और युवाओं के लिए जो गारंटी दी है, उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा

## रोटी-बेटी-माटी को बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिखा : प्रधानमंत्री मोदी

पायनियर संवाददाता < रांची
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के सारठ और गोड्डा में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि, जो लोग एसी में बैठकर चुनाव का गणित लगा लगा रहे हैं, ये जनसभा में उमड़ी भीड़ उनको बता देगी चुनाव का माहौल क्या है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंति का उत्सव गौरव दिवस के रुप में मनाने जा रहे हैं। भारत के हर कोने में इस गौरव दिवस को मनाया जाएगा। पीएम ने कहा कि, हर तरफ एक ही गूंज है रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार। पीएम मोदी ने कहा कि, आज पहले चरण के लिए मतदान हो रहा है, आज रोटी-बेटी-माटी को बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिख रहा है। भाजपा ने नारी शक्ति और युवाओं के लिए जो गारंटी दी है, उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा है। इस बार संथाल क्षेत्र एक नया इतिहास रचने के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि, संथाल में इस बार झामुमो-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। पीएम ने कहा कि, संथाल में आदिवासियों की संख्या आधी रह गई है, ऐसे ही आदिवासियों की संख्या कम होती रही तो आपकी जमीन-जल-जंगल पर दूसरे लोग कब्जा कर लेंगे। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस-राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि, घुसपैठियों को झारखंड का स्थाई निवासी बनाने के लिए रातों-रात पक्के कागज बना दिए गए।आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और जमीन हड़प ली गई। घुसपैठियों ने आदिवासियों का रोजगार और रोटी छीन ली। लेकिन हेमंत सरकार ने कोर्ट में भी बोल दिया कि, प्रदेश में कोई घुसपैठ नहीं हो रही है। लेकिन भाजपा सरकार बनते ही झारखंड की रोटी-बेटी-माटी के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। हमारी संस्कृति और संस्कारों में माताओं-बहनो-बेटियों के लिए सम्मान होता है। लेकिन कांग्रेस के नेता हमारी बहन को सरेआम गाली देते हैं। बहन सीता सोरेन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया, क्योंकि ये लोग सत्ता में हैं और सरकार चला रहे है। पीएम मोदी ने कहा कि, झामुमो को आदिवासी बेटियों के मान-सम्मान की कोई चिंता नहीं है, इसलिए कांग्रेस के नेता आदिवासी बेटियों का अपमान करते हैं। भाजपा ने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया, लेकिन झामुमो की सहयोगी कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू जी को हराने के लिए पूरा तंत्र लगा दिया। कांग्रेस के नेता आज भी आदिवासी बेटी का अपमान करते हैं, लेकिन झामुमो के लोग चुप्पी साध लेते हैं। पीएम ने कहा कि, कांग्रेस के इरादे खतरनाक है, कांग्रेस एससी-एसटी-ओबीसी के आरक्षण को खत्म करना चाहती है। पीएम मोदी ने कहा कि, राजीव गांधी ने आरक्षण हटाने का ऐलान कर दिया था, अखबार में आरक्षण हटाने को लेकर विज्ञापन दिया था। लेकिन एससी-एसटी-ओबीसी की एकजुटता के कारण वे चुनाव हार गए थे, और आज तक केंद्र में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार नहीं बन पाई है। जिन राज्यों में एससीङ्घएसटी आबादी ज्यादा है, वहां कांग्रेस का सफाया हो चुका है। कांग्रेस एससी-एसटी-ओबीसी समाज को आपस में लड़वाकर बांटना चाहती है।

## गोवा में व्यापम जैसे घोटाले, भाजपा से जुड़े हैं तार : कांग्रेस

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने कहा कि गोवा में पिछले 10 वर्ष के दौरान सरकारी नौकरियों में भर्ती को लेकर व्यापम की तरह कई बड़े घोटाले हुए हैं और इन सब घोटालों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के तार जुड़े हुए हैं। गोवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गिरीश चडोनकर और कांग्रेस सचिव आलोक शर्मा पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोवा में नौकरियों के नाम पर पिछले 10 साल से युवाओं के साथ धोखा हो रहा है और अब गोवा में नौकरियों का घोटाला सामने आया है। उन्होंने कहा, मोदी जी ने कहा था-न खाऊंगा, न खाने दूंगा। लेकिन आज हालात ये हैं कि जब भी किसी परीक्षा में धांधली होती है, चाहे मध्य प्रदेश का व्यापम घोटाला हो, उत्तराखंड के विधानसभा का घोटाला हो, गुजरात में 22 पेपरलीक की घटनाएं हो, हरियाणा में नौकरियों का घोटाला हो या यूपीएससी या नीट का घोटाला हो इन सभी में एक बात समान है कि सबके तार कहीं न कहीं भाजपा से जुड़े मिलते हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा, हमारा आरोप है कि 2019 के बाद जो भी भर्तियां हुई हैं, उनमें प्रोसेस स्कैम हुआ है, जिसमें सही प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। गोवा का ये घोटाला बिल्कुल मध्य प्रदेश के व्यापम तरह है। इस इस घोटाले में जो भी लोग गिरफ्तार हुए हैं, उन सभी की तस्वीरें भाजपा के नेताओं के साथ हैं। इस मामले की जांच गोवा पुलिस कर रही है, जो गृह मंत्री के अधीन है और गृह मंत्रालय यहां के मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा, गोवा में व्यापम पार्ट-2 चल रहा है जिसमें भाजपा लीपापोती करने में लगी है। गोवा में 'कैश फॉर जॉब' के नाम पर सैकड़ों करोड़ रूपये का घोटाला हुआ है। मामले में अब तक करीब 20 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 21 नवंबर से हैदराबाद के दो दिवसीय दौरे पर

वार्ता < हैदराबाद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 21 नवंबर से हैदराबाद की दो दिवसीय यात्रा पर होंगी। तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने राष्ट्रपति की यात्रा के मद्देनजर यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।मुख्य सचिव ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि राष्ट्रपति की यात्रा गरिमापूर्ण और सफल हो, अधिकारियों को मैनुअल के अनुसार व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने राष्ट्रपति की यात्रा के लिए अधिकारियों को उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया जिसमें पुलिस विभाग द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, यातायात और बंदोबस्त योजना शामिल है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि अग्निशमन विभाग के मुख्य सचिव को आवश्यक कर्मचारियों के साथ सभी आयोजन स्थलों पर पर्याप्त अग्निशमन व्यवस्था और फायर टेंडर उपलब्ध कराने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग को सहायक कर्मचारियों के साथ-साथ योग्य डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।इसी तरह सड़क और भवन विभाग को आवश्यक बैरिकेडिंग और अन्य व्यवस्था करने के साथ ही ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम और पुलिस विभाग के समन्वय में सड़क की मरम्मत करने के लिए कहा गया है। म्यूनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन एंड अर्बन डेवलपमेंट (एमएयूडी) विभाग को राष्ट्रपति के ठहरने के स्थान के आसपास की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ऊर्जा विभाग को सभी आयोजन स्थलों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति पर समस्त संलग्न अधिकारियों, आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सराहना की है। शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों तक स्वास्थ्य सुरक्षा पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है। वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश पूरे देश में अग्रणी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना डॉ योगेश भरसट ने बताया कि मध्यप्रदेश में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के अब तक 2 लाख 667 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। वहीं केरल में अब तक 1 लाख 76 हज़ार 167 कार्ड बनाए गए हैं। डॉ. भरसट ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रतिदिन लगभग 30 से 35 हज़ार वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं। डॉ भरसट ने बताया कि लक्षित 34 लाख 73 हज़ार 325 आयुष्मान कार्ड 15 जनवरी तक बना लिये जाएँगे। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ के द्वारा डोर टू डोर दस्तक दी जा रही है। विशेष कैंप आयोजित किये जा रहे हैं। सीईओ डॉ भरसट ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत एक नई पहल शुरू की गयी है, जो 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सुलभ एवं उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है। योजना का शुभारंभ 29 अक्टूबर 2024 को किया गया। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के पात्र वरिष्ठ नागरिक अब राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल या आयुष्मान ऐप के माध्यम से भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं। हितग्राही स्वयं सेल्फ रजिस्ट्रेशन विकल्प का चयन कर घर बैठे ही अपना कार्ड बना सकते हैं। डॉ. भरसट ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना कार्ड नामक एक विशिष्ट कार्ड जारी किया जा रहा है। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं और जिनके परिवार पहले से आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर हैं, उन्हें इस कार्ड के माध्यम से अतिरिक्त 5 लाख रुपये तक की वार्षिक टॉप-अप कवरेज मिलेगी।

# जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़ों के बढ़ने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा: फारूक अब्दुल्ला



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ों के बढ़ने से जमीनी स्तर पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अब्दुल्ला ने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा, आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ पहले भी हुई हैं और भविष्य में भी होती रहेंगी। मैंने पहले भी मुठभेड़ें देखी हैं और भविष्य में भी देखूंगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। नेकां नेता वर्ष 2017 के एक मामले के अदालत में पेश होने के लिए बडगाम गये थे। उन्होंने नये न्यायालय भवन के पुनर्निर्माण की यह कहते हुए वकालत की कि मौजूदा संरचना जिले के लोगों के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा, हम सरकार से नयी अदालत के निर्माण के लिए अनुरोध करेंगे और न्यायमूर्ति मसूदी देखेंगे कि नयी अदालत आधुनिक सुविधाओं के साथ यहां बनेगी ताकि लोगों को लाभ मिल सके।

# हरियाणा को अलग विधानसभा के लिये चंडीगढ़ में जगह देना पंजाब के अधिकारों का हनन: धामी

एजेंसी ◄ अमृतसर
www.dailypioneer.com

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा के लिये अलग से जमीन देने के केंद्र सरकार के फैसले को पंजाब के अधिकारों पर सीधा हमला करार देते हुए कहा कि सरकार का यह रवैया पंजाब और पंजाबियों के खिलाफ है। एडवोकेट धामी ने कहा कि चंडीगढ़ की स्थापना पंजाब के दर्जनों गांवों के अस्तित्व को खत्म करके हुई है, जिसके कारण इस शहर पर केवल पंजाब का ही अधिकार है। केंद्र सरकार द्वारा पंजाब के हकों और हितों की अनदेखी कर अच्छा नहीं किया जा रहा है।

एडवोकेट धामी ने कहा कि केंद्र सरकार शुरू से ही मंशा पंजाब विरोधी रही है। कभी पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से जुड़े लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म करने की बात की जाती है तो कभी चंडीगढ़ में काम करने वाले कर्मचारियों पर केंद्र सरकार के नियम लागू करने का फैसला किया जाता है। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा को चंडीगढ़ में अलग विधानसभा के लिये जगह देना पंजाब के साथ धोखे की पराकाष्ठा है, जिसमें पंजाब की मौजूदा सरकार सीधे तौर पर शामिल है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का दोहरा चेहरा तब उजागर हुआ जब उन्होंने पिछले दिनों एक ट्वीट के माध्यम से अलग पंजाब विधानसभा के लिए जमीन की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा निभाई जा रही षडयंत्रकारी भूमिका के कारण केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ में पंजाब के अधिकारों को नजरअंदाज कर हरियाणा को जगह देने की कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पर सिर्फ पंजाब का हक था, हक है और हक रहेगा। उन्होंने कहा कि हालांकि इस समय इस 10 एकड़ जमीन के बदले हरियाणा द्वारा पंचकुला में 12 एकड़ जमीन देने की बात चल रही है, लेकिन पंजाबियों को धोखे में रखने का एक रास्ता है। एडवोकेट धामी ने कहा कि केंद्र सरकार को यह कार्रवाई तुरंत रोकनी चाहिये और चंडीगढ़ के संबंध में किसी भी फैसले से पहले पंजाब से जुड़े हर राजनीतिक दल, सामाजिक संगठनों और धार्मिक प्रतिनिधि संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श सुनिश्चित करना चाहिये। उन्होंने सभी पंजाब समर्थक पार्टियों से अपील की कि वे इस षडयंत्रकारी फैसले के खिलाफ एक मंच पर इकट्ठा होकर पुरजोर विरोध करें, ताकि इस फैसले को लागू न किया जा सके।

# जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन में 32 हजार करोड़ रुपये के हुये करार

एजेंसी ◄ बीकानेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में बीकानेर में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन में 131 निवेशकों ने करीब 32 हजार करोड़ रुपये के निवेश के करार पर हस्ताक्षर किये। इनसे करीब 24 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश बने। देश तभी विकसित होगा, जब राज्य विकसित होंगे। इसके मद्देनजर राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर राज्य और जिला स्तर पर निवेश सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। इससे निवेश के नये रास्ते खुलेंगे और आने वाले समय में राजस्थान औद्योगिक दृष्टि से अग्रिम पंक्ति में होगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर में हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में सतत प्रयास किये जा रहे हैं। दिसम्बर तक वंदे भारत एक्सप्रेस यहां से शुरू करवाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में ड्राई पोर्ट की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मेघवाल ने कहा कि बीकानेर को विकास की दृष्टि से किसी कीमत पर पीछे नहीं रहने देंगे।

सम्मेलन के दौरान किये गये सभी करार समयबद्ध क्रियान्वित किये जायेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहा कि बीकानेर, पश्चिम राजस्थान का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। जहां पर्यटन, सौर ऊर्जा, सिरेमिक, ऊन, पापड़, भुजिया और मिठाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की अपार संभावनायें हैं।

# बागपत में सेना के जवान की पत्नी को ब्लैकमेल कर किरायेदार ने किया दुष्कर्म

एजेंसी ◄ बागपत
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में बागपत के बड़ौत नगर में एक किरायेदार ने सेना के जवान की पत्नी की कथित वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर उसके साथ रेप किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी युवक सेना के जवान के घर में किराये पर रहता था। फरवरी में आरोपी ने उसकी पत्नी की नहाते समय वीडियो बना ली थी। इसके बाद वह वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। इससे परेशान पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली बड़ौत में मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति सेना में जवान है, जो वर्तमान अरुणाचल प्रदेश में तैनात है। उनके मकान में दोघट थाना क्षेत्र के तमेलागढ़ी गांव निवासी सचिन कुमार किराये पर कमरा लेकर रहता था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने छुपकर उसकी नहाते समय मोबाइल फोन से वीडियो बना ली और उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसने बताया, आठ नवंबर की सुबह आरोपी उसके घर में आया।

# कुख्यात वन्य-जीव तस्कर को प्रोडक्शन वारंट पर वन विभाग तमिलनाडु को सौंपा

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव एसटीएसएफ ने बताया कि कुख्यात वन्य जीव तस्कर एवं शिकारी पुजारी सिंह बावरिया को न्यायालय उडानमंडलम तमिलनाडु द्वारा जारी प्रोडक्शन वारंट के आधार पर न्यायालय नर्मदापुरम मध्यप्रदेश की अनुमति के बाद तमिलनाडु के समकक्ष अधिकारियों को सौंप दिया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव एसटीएसएफ मध्यप्रदेश भोपाल ने बताया कि स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश द्वारा वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली से प्राप्त अलर्ट एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर 18 अगस्त, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय कुख्यात वन्य-जीव तस्कर आदिन सिंह उर्फ कल्ला बावरिया को बाघ एवं पेंगोलिन के अवयवों के साथ गिरफ्तार किया था। उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर अन्य आरोपी पुजारी सिंह वल्द राम कुमार सिंह बावरिया निवासी होशियारपुर पंजाब को गिरफ्तार किया गया था। उक्त दोनों अपराधियों के विरुद्ध महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु राज्य में वन्य-प्राणी बाघ के शिकार एवं उसके अवयवों के अवैध व्यापार के संबंध में प्रकरण दर्ज है। नीलगिरी वन मण्डल तमिलनाडु दल द्वारा केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम से आरोपी पुजारी सिंह बावरिया को नीलगिरी वन मण्डल में बाघ के शिकार एवं उसके अवयवों के अवैध व्यापार में दर्ज प्रकरण में 11 नवम्बर, 2024 को न्यायालय नर्मदापुरम की अनुमति के उपरांत एसटीएसएफ के सहयोग से तमिलनाडु भेजा गया है। आरोपी को विगत कई वर्षों से अन्य प्रदेशों के वन विभाग एवं अन्य कानून प्रवर्तन संस्थाएँ तलाश रही थीं। प्रकरण में विवेचना जारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव एसटीएसएफ मध्यप्रदेश भोपाल ने बताया कि स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा प्रकरण में की गयी सटीक विवेचना के आधार पर प्रकरण में शामिल आरोपी पुजारी सिंह की जमानत याचिका उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा विस्तृत सुनवाई उपरांत खारिज की गयी है।

# सड़क दुर्घटना में दो बाईक सवार घायल

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल के मवेशी से टकरा जाने पर दो घायल व्यक्तियों को डायल-100 से अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहतगढ़ क्षेत्र में बेरखेड़ी व चौकी गाँव के बीच में एक मोटर साइकिल मवेशी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिसमें देशपाल सेन तथा आनंद सेन घायल हो गये हैं। डायल-112/100 जवानों द्वारा घायलों को उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय राहतगढ़ में भर्ती करवाया गया।

# चाकू घोंपकर युवक की हत्या

**हिसार।** हरियाणा में हिसार के डोगरान मोहल्ला में मंगलवार देर रात दो युवकों ने घर में घुसकर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान दीपक तनेजा(28) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर एचटीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिये नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। पुलिस ने बुधवार सुबह मृतक की मां के बयान पर मुलतानी चौक निवासी पुनील और आशीष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साबरमती-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन रहेगी निरस्त

अहमदाबाद। अजमेर मण्डल पर ब्लॉक के कारण साबरमतीङ्कजोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगी। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मण्डल के नाना-केशवगंज स्टेशनों के बीच ब्रिज नंबर 717 किमी 540/6-7 पर आरसीसी बॉक्स लॉन्चिंग हेतु ब्लॉक लिये जाने के कारण साबरमती-जोधपुर-साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है। जोधपुर से 14 और 15 नवंबर को चलने वाली ट्रेन संख्या 14821 जोधपुर-साबरमती एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। इसी तरह 15 और 16 नवंबर को साबरमती से चलने वाली ट्रेन संख्या 14822 साबरमती-जोधुपर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

# सदन के पहले दिन शोक प्रस्ताव पारित

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

हरियाणा विधानसभा (विस) सत्र के पहले दिन सदन में पिछले सत्र और इस सत्र की अवधि के दौरान दिवंगत हुई महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गये और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गयी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इसके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी पार्टी की ओर से भी शोक प्रस्ताव पढ़कर श्रद्धांजलि दी। सदन के सभी सदस्यों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये प्रार्थना भी की। हरियाणा के पूर्व मंत्री जसवंत सिंह, पूर्व राज्य मंत्री भागी राम, हरि सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के पूर्व सदस्य रणधीर सिंह, नरेश यादव, सुभाष चौधरी और राकेश दौलताबाद के निधन के शोक प्रस्ताव पढ़े गये। सदन में पद्म विभूषण रतन नवल टाटा, और स्वतंत्रता सेनानी हरि सिंह के निधन पर भी शोक प्रकट किया गया। इसके अलावा, 11 अप्रैल 2024 को महेंद्रगढ़ जिले के कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस के पलटने से मारे गये छह मासूम बच्चों के दुःखद एवं असामयिक निधन पर भी गहरा शोक प्रकट किया गया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की गयी। सदन में अदम्य साहस और वीरता दिखाते हुये मातृभूमि की एकता और अखंडता की रक्षा करने के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले हरियाणा के 46 वीर सैनिकों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया। इन वीर शहीदों में जिला गुरुग्राम के गांव भोंडसी के सूबेदार मेजर अनिल कुमार, जिला जींद के गांव निडानी के निरीक्षक कुलदीप कुमार, जिला झज्जर के गांव गुढ़ा के सहायक उप निरीक्षक सत्यवान सिंह, जिला सोनीपत के गांव बढ़खालसा के सूबेदार अजीत, जिला झज्जर के गांव सुंदरहेटी के सूबेदार सतपाल यादव, जिला फ्तेहाबाद के गांव हांसावाला के नायब सूबेदार मंजीत, जिला हिसार के गांव थुराना के हवलदार सुधीर पानू, जिला रोहतक के गांव गद्दी खेड़ी के हवलदार मोहित, जिला झज्जर के गांव दूबलधन के हवलदार मंजीत, जिला हिसार के गांव सुलचानी के हवलदार राजकुमार, जिला झज्जर के गांव दूबलधन के हवलदार सुरेन्द्र कुमार, जिला चरखी दादरी के गांव अचिना हवलदार रामबीर शर्मा, जिला भिवानी के गांव कलिंगा के हवलदार निशांत, जिला पलवल के गांव बामनी खेड़ा के हवलदार सुंदर लाल, जिला भिवानी के गांव सिरसा घोघड़ा के हवलदार संदीप यादव, जिला भिवानी के गांव सोंहासड़ा के हवलदार बलजिंद्र सिंह, जिला गुरुग्राम के गांव राठीवास के हवलदार संजीत कुमार, जिला महेन्द्रगढ़ के गांव दौंगड़ा अहीर के हवलदार प्रवेश कुमार, जिला सोनीपत के गांव तिहाड़ कलां के कारपोरल प्रवीण दहिया, जिला सिरसा के गांव रोहण के राइफलमैन जीवन सिंह और जिला हिसार के गांव बड़ाला के नायक बिजेन्द्र सिंह शामिल हैं।

# हिसार में फिर छाया स्मॉग, एक्यूआई पहुंचा 285

वार्ता ◄ हिसार
www.dailypioneer.com

हरियाणा के हिसार में स्मॉग के कारण आम जनजीवन प्रभावित रहा और एक्यूआई 285 पहुंच गया, जो खराब श्रेणी में आता है। हिसार में सुबह से लोगों के आंखों में जलन हो रही थी और इस दौरान लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण दिन के तापमान में भी गिरावट आई। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दो-तीन दिनों में तेज हवायें चलने की संभावना के चलते कोहरा कम हो सकता है। फिलहाल बारिश की उम्मीद नहीं है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष के डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों मे स्मॉग की स्थिति बनी हुई है। इसका मुख्य कारण एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 11 नवंबर को पहाड़ों की तरफ बढ़ा, जिससे धीमी गति से पुरवाई हवायें चलने से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से धूल और अन्य प्रदूषक तत्व निचले वातावरण में संघनित हो गये, जिससे स्मॉग बना। आने वाले दो-तीन दिन मे कम होने की संभावना है। फिलहाल बारिश के कोई आसार नहीं हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 17 नवंबर तक परिवर्तनशील परंतु शुष्क रहने की संभावना है। राज्य में 14 नवंबर को उत्तरी और उत्तरी पश्चिमी हवायें हल्की गति से चलने की संभावना से स्मॉग की स्थिति में कहीं-कहीं हल्की कमी आने का अनुमान है। चौदह नवंबर रात से एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ बढ़ने से 15-16 नवंबर को पुरवाई हवायें चलने से बीच-बीच में आंशिक बादल और हल्का स्मॉग होने के आसार हैं।

# पन्ना में हीरों की नीलामी 4 दिसम्बर से

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की उथली हीरा खदानों से प्राप्त हीरों की नीलामी आगामी 4 दिसम्बर से प्रारंभ होगी। कलेक्ट्रेट भवन में प्रतिदिन हीरों की नीलामी तक जारी रहेगा। हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि सुबह 9 से 11 बजे तक हीरों के निरीक्षण उपरांत बोली की जाएगी। नीलामी में उज्ज्वल, मैले एवं औद्योगिक किस्म के लगभग 78 हीरे रखे जाएंगे। इनका कुल वजन लगभग 221.07 कैरेट तथा अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड़ 53 लाख 27 हजार 186 रूपए है।

# पश्चिम चंपारण में 12 कार्टन विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

बेतिया। बिहार में पश्चिम चंपारण के मद्य निषेध विभाग की टीम ने बेतिया मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कठैया बड़ी नहर के समीप छापेमारी कर कार से12 कार्टन विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मद्य निषेध उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बेतिया-जगदीशपुर रोड पर कठैया बड़ी नहर के समीप छापेमारी कर कार से विदेशी शराब जब्त किया गया है। मामले में कार चालक मुफस्सिल थाना क्षेत्र पूर्वी करगहिया निवासी प्रमोद साह एवं सहचालक कालीबाग थाना क्षेत्र के वार्ड दो निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है। कार को भी जब्त कर लिया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बरामद शराब में एट पीएम स्पेशल ब्रांड के 180 मिलीलीटर के 10 कार्टन टेट्रा पैक व एट पीएम गोल्ड ब्रांड के दो कार्टन शराब है। जब्त शराब की कुल मात्रा 103.680 लीटर है। गिरफ्तार चालक एवं सहचालक से पूछताछ किया जा रहा है।

# एनआईए ने बंगलादेश से जुड़े अलकायदा के खिलाफ देशभर में छापेमारी

वार्ता ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने देश भर में व्यापक और समन्वित तलाशी अभियान चलाकर कथित तौर पर बंगलादेशी नागरिकों द्वारा अल-कायदा के साजिश के तहत देश को अस्थिर करने के प्रयासों से जुड़े दस्तावेज़ जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई अल-कायदा की आतंकवादी गतिविधियों को रोकने और देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए की गई है। एनआईए ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा की गतिविधियों को समर्थन और वित्त पोषण करने के संदिग्ध व्यक्तियों से जुड़े नौ स्थानों पर सोमवार तड़के जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार, त्रिपुरा और असम में कार्रवाई शुरू हुई। तलाशी में विस्तृत बैंकिंग लेनदेन, मोबाइल फोन सहित डिजिटल उपकरणों और आतंकी फंडिंग गतिविधियों से जुडे होने के अन्य सबूत दिखाने वाले आपत्तिजनक दस्तावेज़ बरामद हुए। एनआईए की जांच के अनुसार, जिन संदिग्धों के परिसरों पर छापे मारे गए वे बंगलादेश स्थित अल-कायदा नेटवर्क के समर्थक हैं। यह तलाशी अभियान 2023 के एक मामले में एनआईए की चल रही जांच का हिस्सा थी। गिरफ्तार व्यक्तियों के सहयोग से बंगलादेश स्थित अल-कायदा के गुर्गों द्वारा साजिश रची गई। एनआईए के बयान में कहा गया है, ÷साजिश का उद्देश्य अल-कायदा की आतंकवादी गतिविधियों का प्रचार करना और भारत में भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाना है। एनआईए ने नवंबर, 2023 में चार बंगलादेशी नागरिकों सहित पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। उनकी पहचान मोहम्मद सोजिबमियान, मुन्ना खालिद अंसारी या मुन्ना खान, अजारुल इस्लाम जहांगीर या आकाश खान और अब्दुल लतीफ मोमिनुल अंसारी के रूप में की गई थी।

# दिनदहाड़े व्यवसाई की पत्नी की घर में हत्या, लूट की आशंका

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के लार में अज्ञात बदमाशों ने व्यवसाई की पत्नी की दिन दहाड़े उसकी घर में घुसकर हत्या कर फरार हो गये। आशंका व्यक्त की जा रही है कि घर में लूटपाट भी की गई है। पुलिस सूत्रों ने यहाँ बताया कि लार क्षेत्र के लार नगर पंचायत के शास्त्री नगर वार्ड निवासी घनश्याम गुप्ता मकान बनवाकर परिवार सहित रहते हैं और उनके तीन पुत्र हैं। बड़ा बेटा अखिलेश आभूषण की दुकान करता है,दूसरे नम्बर का राकेश पिता के साथ दुकान पर रहता है और सबसे छोटा अजय शिक्षक है। आज वे लोग अपने अपने काम चले गये। दोपहर में अजय गुप्ता अपने बेटे को स्कूल से लेकर घर छोड़ने आये तो मेन गेट सहित घर के सभी कमरे खुले मिले तथा तथा तिजोरी खुली मिली और कमरा अस्त व्यस्त मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस दौरान व्यवसाई की पत्नी चन्द्रवती देवी(65) कमरे में मृत मिली तथा कमरे में खून फैला हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच कर रही है।

# कुकी उग्रवादियों के हमले के विरोध में मणिपुर में बंद

वार्ता ◄ इंफाल
www.dailypioneer.com

मणिपुर में कुकी उग्रवादियों द्वारा महिलाओं की कथित हत्या, वरिष्ठ नागरिकों को जलाने, आठ महीने की बच्ची समेत महिलाओं और बच्चों का अपहरण करने के विरोध में बुधवार को मणिपुर बंद रहा जिससे जनजीवन ठप हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री ओकरम इबोबी सिंह ने सवाल किया कि क्या मणिपुर के लोग भारतीय नहीं हैं क्योंकि सरकार ने लोगों की हत्या के बाद भी कार्रवाई नहीं की है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का समय मांगने के लिए नयी दिल्ली में डेरा डाला, लेकिन कोई तारीख नहीं दी गई, यहां तक कि भाजपा नेताओं को भी समय नहीं दिया गया। इंटरनेशनल पीस एंड सोशल एडवांसमेंट (आईपीएसए) और क्लस्टर लेवल फ़ेडरेशन (सीएलके) समेत 13 संगठनों ने बंद का आह्वान किया। सभी शैक्षणिक और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर दिये गये। विभिन्न संगठनों ने कुकी उग्रवादियों से सोमवार को जिरीबाम जिले से अगवा की गई तीन महिलाओं और बच्चों को रिहा करने की अपील की। जिरिबाम में मंगलवार को मैतेई समुदाय के 76 और 54 वर्षीय लोगों की जलकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने कहा कि उग्रवादियों की तलाश जारी है, जिन्होंने 60, 31 और 25 वर्षीय तीन महिलाओं और तीन बच्चों का अपहरण किया है। सबसे छोटा आठ महीने का है। सभी अपहृत व्यक्ति मैतेई समुदाय के हैं। इससे पहले रास्ता भटक चुके दो युवकों का अपहरण कर लिया गया था और कूकी कैदियों के बदले कूकी संगठन सीओटीयू ने उन्हें रिहा किया था।

# आज से पूर्व धान खरीदी की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने आगामी 4-5 माह में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने सभी लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितने भी निर्माण कार्य अधूरे अथवा अपूर्ण हैं, उन्हें आगमा 4-5 माह में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। कलेक्टर ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर सहित चयनित सभी गांवों में शासन की योजनाएं की पहुंच सुनिश्चित हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से ध्यान दें। कलेक्टोरेट सभाकक्ष के आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में मोबाइल टॉवर की स्थापना हेतु सर्वे स्तर तक का कार्य अग्रिम रूप से पूरा करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही वन अधिकार अधिनियम के तहत वितरित पट्टों की ऑनलाइन एंट्री का कार्य भी जल्द करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया। इसी तरह राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 14 नवम्बर से धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकतानुसार बारदाने की उपलब्धता, स्टेकिंग, तारपोलिन, भण्डारण एवं परिवहन सहित धान उपार्जन केन्द्रों में सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश खाद्य अधिकारी, विपणन अधिकारी, नान प्रबंधक तथा नोडल अधिकारी सहकारिता को दिए। बस्तर ओलम्पिक-2024 की जिले में प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आगामी 21 से 23 नवम्बर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय ओलम्पिक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश खेल अधिकारी को दिए। इसके लिए एसडीएम कांकेर को आवश्यक समन्वय करते हुए प्रतिभागियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसी तरह आगामी शुक्रवार 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को दिए।

बैठक में कलेक्टर क्षीरसागर ने नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है, जिसके क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को गंभीरता दिखाएं। उन्होंने कहा कि गत 08 नवम्बर को राज्य शासन के उच्चाधिकारियों की टीम ने जिले के प्रवास एवं समीक्षा बैठक के दौरान ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के अनुपस्थित रहने की शिकायत की गई। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित शेड्यूल के अनुसार अपनी ड्यूटी पर अनिवार्यतः मौजूद रहें, यह सुनिश्चित करें। इसके अलावा कलेक्टर ने अनुभागवार एवं विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज, लखपति दीदी, जल जीवन मिशन, पीएम श्री, पोषण पुनर्वास केन्द्र सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों कों आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ हेमचंद पहारे, एडीएम एस. अहिरवार, बी.एस. उईके, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

**राज्योत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व विभाग हुए सम्मानित-** बैठक के दौरान कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 05 नवम्बर को नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित राज्योत्सव-2024 में बेहतर ढंग से दायित्व निर्वहन करने वाले अधिकारियों तथा विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाने वाले 21 विभागों के अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इनमें डीएफओ कांकेर आलोक वाजपेयी, एडीएम एस. अहिरवार, बी.एस. उईके, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम कांकेर अशोक मारबल सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशु पालन, नगरीय प्रशासन, पुलिस, कृषि, जल संसाधन, रेशम, स्वास्थ्य, जनसम्पर्क, आदिवासी विकास, समाज कल्याण, लोक सेवा केन्द्र, महिला एवं बाल विकास तथा नियद नेल्लानार योजना पर आधारित (लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सेतु निगम) प्रदर्शनी शामिल थी।

# रंग लाई स्कूल फिर चले अभियान की मुहिम

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और बच्चों को शाला से जोड़ने के जिला प्रशासन के अभिनव पहल स्कूल फिर चले अभियान को जिले में आशानुकूल सफलता मिली है। स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम अभियान के जरिये जिले के 550 के गांवों में डोर टू डोर सर्वे कर 6 से 18 साल के 7 हजार बच्चों को शाला त्यागी और अप्रवेशी के रुप में बच्चों की पहचान की गई जिसमें से 6 से 14 वर्ष के 4 हजार बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने में जिला प्रशासन को सफलता मिली है।

जिले की शैक्षणिक दशा राष्ट्रीय स्तर के अनुपात में कमजोर होने से यहां की आर्थिक सामाजिक तौर पर इसका सीधा असर पड़ा है। इसे दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने शत् प्रतिशत बच्चों को स्कूल से जोड़ने का महाअभियान प्रारंभ किया जिसे स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम यानि स्कूल फिर चले अभियान नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत् जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर समिति का गठन कर लगभग 600 दल के माध्यम से 2400 कर्मचारियों के जरिये 579 गांवों को सर्वे किया गया। सर्वे में 7 हजार से ज्यादा बच्चों की पहचान अप्रवेशी एवं शाला त्यागी के रुप में की गई जिन्हें विशेष अभियान चलाकर स्कूलों में प्रवेश देने की कार्रवाई की गई। शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिव की टीम बनाकर गांव-गांव में रैली आयोजित कर जागरुकता कैम्पेन चलाया गया साथ ही कलेक्टर की पाती और वेलकम किट भेंट कर पालकों और बच्चों को आकर्षित किया गया। इस कैम्पेन के जरिये सामूहिक प्रयास से शिक्षा सत्र 2024-25 से 6 से 14 वर्ष की लगभग 4 हजार बच्चों को कक्षा पहली से कक्षा 8वीं में प्रवेश दिलाने में जिला प्रशासन कामयाब हो पाया। इस अभियान के जरिये माओवाद प्रभावित क्षेत्र के 20 सालों से बंद पड़े 28 स्कूलों को फिर से खोलने में सफलता मिली। जिसमें लगभग 1 हजार बच्चों को प्रवेश दिया गया। इस अभियान का सकारात्मक असर यह रहा कि शिक्षा के प्रति ग्रामीणों मे नयी चेतना का संचार हुआ और शिक्षा व्यवस्था को स्थापित करने को लेकर ग्रामीण अब स्वयं स्कूल एवं शिक्षक की मांग करने लगे है।

# शराबी पति ने कांउसलिंग में जाने की बात को लेकर पत्नी के साथ किया जमकर मारपीट

**भानुप्रतापपुर।** कन्हारगांव की एक महिला कांउसलिग में बयान दर्ज कराने गई थी, पति कांउसलिंग में नहीं पहुंचा। इधर शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी के साथ मारपीट कर दिया है। प्रार्थिया अंजली मानिकपुरी पति जितेन्द्र मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष निवासी कन्हारगांव ने पुलिस को बताई है कि दिनांक 11.11.2024 को हम दोनो पति पत्नी के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर में कांउसलिग में बयान दर्ज कराने मै गई थी, मेरे पति कांउसलिंग में नहीं गया था, फिर मैं कांकेर से अपने घर ग्राम कन्हारगांव शाम करीबन 5.00 बजे वापस आई। रात्रि 08.00 बजे करीबन मेरे पति शराब के नशे में आकर मुझे कांउसलिंग में जाने की बात को लेकर अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का व लोहे की राड से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दिया है। मेरे पति द्वारा मुझसे मारपीट करने से मेरे दोनो हाथ में, नाक, गला, सिर मे चोट लगा है।

# श्री राघव मंदिर में की गई सुंदर कांड सामूहिक पाठ का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वाधान में किरन्दुल नगरवासियों के सुख शांति एवं समृद्धि की मंगलकामनाऐं के साथ मंगलवार रात्रि श्री राघव मंदिर प्रांगण में दैनिक संध्या आरती एवं श्रीरामचरितमानस सुंदरकांड सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया।जिसका समापन रात्रि 9:30 बजे हुई।इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चें युवा वयस्क के साथ ही सभी वर्ग के लोगों की भागीदारी रहीं।

# पहुंच विहीन क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राथमिकता : निहारिका बारिक

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बिपीन मांझी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर टी.आर.कुंवर के प्रयासों से अबूझमाड़ सहित पहुंच विहीन क्षेत्रों में भी छत्तीसगढ़ शासन की स्वास्थ्य सुविधाओं एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। विगत दिनों पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह ने नारायणपुर जिले के मसपुर के मसपुर उप-स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की और एएनएम से दवाओं की जानकारी ली। एएनएम को निर्देश दिए गए कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने अबूझमाड़ क्षेत्र में शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उप स्वास्थय केंद्र मसपुर का गहनता के साथ निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजीव बघेल से गैर संचारी रोगों के रोकथाम और उपचार के बारे मे चर्चा की। जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बताया गया कि इस क्षेत्र में एनसीडी की स्क्रीनिंग 30 वर्ष से ऊपर के हर व्यक्ति की जा रही है ।यहां के निवासियों की जीवनशैली और प्राकृतिक रूप से अधिक उपयोगी पदार्थो के साथ जीवन निर्वहन के कारण गैर संचारी रोग का प्रकोप सामान्य क्षेत्रों जैसा अधिक नहीं है साथ ही जिले में मलेरिया की जांच (आरडी किट द्वारा) उपचार मितानिन एवं स्वास्थ्य साथी द्वारा नियंत्रण में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी पूरी जानकारी के साथ बताया गया ।राज्य टीम ने जिले में स्वास्थ्य सेवाए आमजन तक पहुंचाने के लिए जिले में संचालित मोटरबाइक एंबुलेंस, स्वास्थ्य साथी, प्रसव पूर्व देखभाल केंद्र जैसे कुछ विशेष कार्यक्रमों की प्रशंसा की गई एवं रजत बंसल के द्वारा स्वास्थ्य टीम और जिला कार्यक्रम प्रबंधक की विशेष रूप से सराहना की साथ ही और गहनता के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# किरन्दुल में छठ महापर्व के अवसर पर लोकरंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छठ महापर्व के उपलक्ष्य में किरंदुल नगर में संचालित उत्तर प्रदेश बिहार सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिषद किरंदुल के तत्वाधान में 12 नवंबर को एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के रिक्रिएशन क्लब में समूह लोक नृत्य कार्यक्रम कला और संस्कृति का संगम लोक रंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।उल्लेखनीय हैं कि एनएमडीसी के बैलाडिला क्षेत्र को मिनी इंडिया के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना में देश के सभी प्रान्तों के निवासी कार्यरत है। जिस कारण परियोजना द्वारा सभी राज्यों के निवासियों के लिए उनकी कला और संस्कृति को संजोए रखने के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक भवनों का भी निर्माण करवाया गया है।जिसको देखते हुए यूपी बिहार संघ ने एक नई सोच के साथ लोक रंग कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजित लोक रंग कार्यक्रम में देश के सभी प्रान्तों जैसे छत्तीसगढ़ राज्य, केरल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़ीसा, बस्तर, मध्यप्रदेश, यूपी, बिहार, तमिल, पंजाब, हरियाणा जैसे समस्त राज्यों के नृत्यों की प्रस्तुति बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई।सर्वप्रथम लोक रंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चेत राम अट्टामी, विशिष्ट अतिथि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक वर्कस किशन आहूजा, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, आर्सेलर मित्तल के सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश, पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल राजी मोल, एस के एम एस के अध्यक्ष देवरायलु, इंटक के सचिव ए के सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रोशन मिश्रण, डी ए वी स्कूल के प्राचार्य पी एल साहू ने माँ सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस दौरान उत्तर प्रदेश बिहार सामाजिक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, सचिव उपेंद्र त्रिपाठी, अतुल सिंह, धीरज पांडेय, सौरभ सोनी, गौरी तिवारी, जितेंद्र तिवारी, अजय सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे ।मंच संचालन रेखा सिंह ने किया।

# धान खरीदी आज से शुरू, 67 केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए 14 नवंबर से धान खरीदी का कार्य शुरू होगा। इसके लिए जिले के 67 उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिले के 55 हजार 271 किसानों में उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले के सभी खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे उन्हें अपने धान बेचने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने कड़ी निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उन्होंने सभी समितियों के प्रभारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि धान खरीदी के कार्य में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं सतर्कता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी केन्द्रों में साफ सफाई की उचित व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बायोमेट्रिक डिवाइस, सीसीटीव्ही कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, बारदाने, आर्द्रता मापक यंत्र सहित सभी आवश्यक पंजीयो की उपलब्धता की जानकारी ली। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य के किसानों से धान की खरीदी 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। धान खरीदी के लिए जिले में 67 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें जिले के 55 हजार 271 किसान अपना धान बेचेंगे। वर्ष 2023-24 की तुलना में इस वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या में 3 हजार 239 वृद्धि हुई है। धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। समितियों द्वारा सोमवार से शुक्रवार तक शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर धान खरीदी की जाएगी। शासन द्वारा धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बायोमेट्रिक आधारित खाद्यान्न उपार्जन प्रक्रिया लागू की गई है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में खरीफ वर्ष 2024-25 में भी गत वर्ष के अनुसार बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था लागू रहेगी। बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी हेतु किसान स्वयं या उसके द्वारा नामांकित एक नॉमिनी को खरीदी केंद्र में उपस्थित होकर बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन के आधार पर धान विक्रय किया जा सकेगा।

## 23 लाख 42 हजार 662 रुपए की हेराफेरी

# केवटी लैंप्स प्रबंधक एवं अन्य लोगों ने 68 किसानों के साथ किया धोखाधड़ी

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड के ग्राम केवटी में स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंध, कम्प्यूटर आपरेटर समेत स्टाप के लोगो ने 68 किसानों के साथ धोखाधड़ी किया है।2342662/- रूपये वसूली कर उनके बैंक खाता मे जमा नही किया गया है। जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहिन खान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर शाखा भानुप्रतापपुर शाखा प्रबंधक ने पुलिस थाने में रिपोर्ट कर बताई है की। 68 किसानों के साथ धोखाधड़ी कर कुल 2342662/- रूपये वसूली कर उनके बैंक खाता मे जमा नही किया गया है।उन्होंने बताया है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केंवटी के प्रभारी प्रबंध मनोहर महावीर, कम्प्यूटर आपरेटर अनिल टांडिया, ओमप्रकाश जाड़े, विरेन्द्र टांडिया, भोजराज जैन एवं पवन कुमार के द्वारा दिनांक 15-03-2024 से दिनांक 15-05-2024 मे मध्य आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केंवटी के सदस्य धुरवा राम दुखराम ग्राम परवी का 31,503/- देवती बालसिंह ग्राम घोठा 21916/- नंदलाल नोहरसिंह भीरागांव 15000/- मंगतराम गनवा राम ग्राम घोठा 4441/- रामसिंग राजूराम विक्रंमगंज 21017/- पतिराम मेहरू ग्राम घोठा 19015/-जयंती बाई रामसाय केंवटी 47393/- मेहरू बीजूराम परवी 11540/- सरिता बाई मैनू ग्राम बिरकोंदल 17282/- बिरसिंग बलदूराम घोठा 3550/- लक्ष्मण सुखराम केंवटी 7154/- शांतिबाई मानसिंग भीरागांव 76696/- सुखमाय सनऊ परवी 69461/- सुरजो बाई धरमुराम जनकपुर 7700/-विमल मनाराम घोठिया 30000/-मेहत्तर दुखवा राम हरहरपानी 111874/-बैसाखिन कासींराम मोहगांव 45867/-चैतराम लालसिंह घोठा 13934/- नवलसिंह कुल्हे जनकपुर 7955/-दुरूगसिंग केपेराम घोठा 6240/- तुलसो बाई महावीर घोठा 40000/- सुनाबाई बिसाल घोठिया 4923/-उर्मिला नंदलाल हरहरपानी 6141/-हरिशचंद पाटला राम भीरागांव 39356/- सुकबती मांगता जनकपुर 2024/- रजनी दिलीप बागवाही 33000/- तामेश्वरी बाबूलाल भीरागांव 12440/- संतुराम मांझीराम विक्रमगंज 32241/- रामदयाल मानसिंग बीरकोंदल 34412/-मुकेश चैतराम मोहगांव 26212/- सराधु मानचूराम भीरागांव 21134/- देवनाथ घोरसा केंवटी 19000/- तुरसिंह प्रभुराम परवी 64894/-रमगू गुपदेव घोठा 50534/- सुरेश लक्ष्मण घोठिया 13335/- प्रितराम रोहिदास विक्रंमगंज 39156/-घसियाराम युतियार पुतरवाही 16738/- लखन लाल चमरू पुतरवाही 46643/- कंवल सिंह फुलसिंह केंवटी 23084/-संतलाल छबिलाल घोठिया 46481- नंदूलाल सुकदेव हरहरपानी13934/- सवित्री केशव अलवरखुर्द 45000/- शांतिबाई सावजी तुमरीकुही 30133/- रानूराम मनकुर बोटेचांग 3462/-सुबेसिंह रामाराव भुरका 59393/- रामेश्वरी ब्रिजलाल भीरागांव 6406/- मेसो राम हिरेसिंग अलवरखुर्द 103934/- रामेश्वरी बृजलाल 31000/- सुकदूराम श्रवण परवी 30988/- बजनाथ हिरालाल हरहरपानी 15000/- सुकोबाई दरबारी बोटेचंग 27700/- सुकमीबाई सोनसिंह परवी 20000/-बुधोबाई देवनाथ परवी 37604/- मथुरा बाई खेदूराम परवी 51017/- रामसिंह राजू घोठिया 51017/- मंगल राम जैनू राम सोनेकन्हार 4788/- हरसिंग मंसाराम सोने कन्हार 780/-बिसनाथ रामजी बिक्रंमगज 110000/-चैतराम रोहिदास विक्रंमगंज 20856/- सिंगराय दरबारी हरहरपानी 19650/- सुखराम महंत बोटेचांग 7037/- बिदेराम लक्ष्मण परवी 27359/- बोधिराम बिदऊ बोटेचांग 307979/-बिरसूराम रैनूराम बोटेचांग 24640/- सखाराम ईतवारी भीरागांव 58965/- दसमत बाई लक्ष्मण घोठिया 15000/- राधेराम मंगलू राम बोटेचांग 20993/- अन्नूराम बलीराम खड़का 45052/-के साथ धोखाधड़ी किया है पत्र के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय सहकारी संस्थायें कांकेर को अवगत करायी थी जिसके पश्चात् उक्त पत्र का प्रमोद साहू प्रभारी सहकारिता विस्तार अधिकारी विकास खण्ड भानुप्रतापपुर के द्वारा जांच पश्चात् कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एव उप पंजीयक सहकारी संस्थाये के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई हूं। उन्होंने बताया है कि आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित केंवटी का आवेदनकर्ता 58 किसानो एवं अन्य 10 किसानों के द्वारा कुल 2342662/- राशि लेम्पस केंवटी मे जमा कर रसीद प्राप्त किया गया। किन्तु संस्था मे आज पर्यन्त तक वसूली राशि जमा नही किया गया है।

# बंगीय समाज के महिलाओं द्वारा तुलसी विवाह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल में बंगीय समाज के महिलाओं द्वारा मंगलवार रात 10:30 बजे बंगाली कैम्प मंगलभवन में तुलसी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।बता दें तुलसी विवाह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो कार्तिक माह में मनाया जाता है।यह भगवान विष्णु और तुलसी के विवाह का प्रतीकात्मक उत्सव है। इसे सामान्यतः देवउठनी एकादशी के दिन मनाया जाता है, जो दिवाली के बाद आती है।कई बार ग्रह-नक्षत्रों में सही तालमेल न होने की वजह से तुलसी विवाह देवउठनी के अगले दिन भी मनाया जाता है।

# बाइक सवार व्यक्ति अनियंत्रित होकर गिरा, मौत

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार सुबह एक बाइक सवार व्यक्ति अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में उसकी की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक रामसिंग नेताम पिता स्व रैंगढ़िया नेताम उम्र 59 पता ग्राम परवी भानुप्रतापपुर बैगा का कार्य करता था वह अपनी बाइक से किसी काम से भानुप्रतापपुर आ रहा था। तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होने से गिर गया गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई।

# विधानसभा क्षेत्र के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों को सर्वसुविधा युक्त बनाना पहली प्राथमिकता : मंत्री टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शिक्षा, खेल और युवाओं के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजस्व, आपदा प्रबंधन, एवं खेल युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने हाल ही में घोषणा की कि विधानसभा क्षेत्र के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों को सर्वसुविधा युक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। मंत्री वर्मा ने कहा कि जब स्कूलों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, तब बच्चों के लिए पढ़ाई और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण बन सकेगा। स्कूलों में बिजली, पानी, खेल के मैदान, स्मार्ट क्लास, स्मार्ट बोर्ड, प्रायोगिक कक्ष, अतिरिक्त कक्ष, प्रायोगिक सामग्री, रंगमंच, प्रार्थना शेड के साथ-साथ शिक्षक व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा।

## 23 स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 3 करोड 45 लाख स्वीकृत

पूर्व में भी बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के लगभग 25 स्कूलों में प्रार्थना शेड, अतिरिक्त कक्ष और रंगमंच के निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी और अब इस निर्माण कार्य को पूरा किया जा चुका है। मंत्री वर्मा ने यह भी घोषणा की कि बलौदाबाजार विधानसभा के 23 अन्य स्कूलों में प्रार्थना शेड के निर्माण के लिए 3 करोड़ 79 लाख 45 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन स्कूलों में ग्राम जरौद, शिकारी केसली, हथबन्द, लटुवा, नवापारा, मोहभट्ठा, भटभेरा, खपराडीह, पंडित च पाणि बालौदाबाजार, रसेड़ा, चांपा, सलौनी, करमदा, मोहरा, सुहेला, झीपन, आमाकोनी, फरहदा, खिलोरा, बरडीह, गांधी चौक बालौदाबाजार, सेम्हराडीह और रवान शामिल हैं। मंत्री वर्मा ने आगे कहा कि शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है ताकि बच्चों को एक अच्छा और सकारात्मक वातावरण मिल सके, जिससे वे अपनी पढ़ाई में पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने स्कूलों में शिक्षक व्यवस्था और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त

बलौदाबाजार विधानसभा में लगातार विकास कार्यों और निर्माण कार्यों की स्वीकृति से भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। उन्होंने मंत्री वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टंकराम वर्मा के कुशल नेतृत्व में बलौदाबाजार तेजी से विकास करेगा और शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित होंगे। मंत्री वर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए स्थानीय लोगों का कहना है कि इन निर्माण कार्यों से बच्चों को शिक्षा में अधिक सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें आगे बढ़ने का अच्छा अवसर मिलेगा।

## निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश

इस तरह के शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे के विकास से स्कूलों की स्थिति में सुधार आएगा और बच्चों की पढ़ाई में भी उत्साह बढ़ेगा। मंत्री वर्मा ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें ताकि छात्र-छात्राओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बलौदाबाजार विधानसभा में शिक्षा और खेल की सुविधाओं का विस्तार करने के साथ-साथ युवाओं के कल्याण के लिए इस प्रकार की पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

# विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी के तत्वधान में किया नगर में पथ संचालन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ गोंडवाना राज्य की नेतृत्वकर्ता, मुगल आक्रांताओं के खिलाफ अनेक लड़ाइयां लड़ने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर विश्व हिंदू परिषद् दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में पथ संचलन एवं शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 500 बहनों की संख्या एकत्रित हुई। पथ संचलन का कार्यक्रम श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रारंभ हुआ। यह संचलन थाना चौक, जयस्तंभ चौक, संतोषी मंदिर से वापस लौटकर फव्वारा चौक से बाजारपारा से दुर्गा मंदिर व उड़ियापारा से पुनः लक्ष्मीनारायण मंदिर में संपन्न हुआ। संचलन में दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा तलवार,लठ एवं महावीर बजरंगबली के शस्त्र रूपी गदा लेकर नगर भ्रमण किया गया। उद्बोधन के लिए मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत के उपाध्यक्ष प्रेमलता बिसेन दीदी उपस्थित रहीं, इनके साथ विहिप जिलाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर, जिला सह मंत्री बसंत देवता, जिला गौ रक्षा प्रमुख मयंक पाणिग्राही, जिला सत्संग प्रमुख गोलू साहू, विहिप प्रखंड अध्यक्ष विद्याचरण पटेल, विहिप प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, प्रखंड मंत्री विकाश महापात्र, प्रखंड संयोजक प्रदीप साहू, सह संयोजक नंदन सिंह, धर्म जागरण प्रमुख योगेश शर्मा, बजरंगदल से श्रीकांत साहू, नितिन साहू, हिमांशु साहू, गौरव सिंग, यश वैष्णव, विश्वनाथ प्रधान, प्रेमसागर भोई, अनिकेत सिंह, जितेंद्र यादव, अविचल पाणिग्राही, कौशल पटेल, अजय यादव एवं अन्य कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा ।

# नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया देवउठनी पर्व, खूब बिके गन्ने

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

एकादशी देवउठनी व्रत तुलसी विवाह के चलते गन्ने की खूब बिक्री हुई। आपको बताते चलें कि जगत के पालन हार भगवान विष्णु 4 माह के शयन निद्रा के बाद उठते हैं जिन्हें देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है।इस दिन भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी का विवाह भी होता है जिसमें मंडप के लिए गन्ने का अपना अलग खास महत्व है इसी के कारण लोग अपने अपने घर गन्ने ख़रीद कर ले गए।लवन बस स्टैंड में गन्ना विक्रेता लाला साहू ने बताया कि गन्ने की बिक्री अच्छा रहा, लोग बहुत दूर गॉव से पहुँचकर गन्ना खरीदकर ले गए हैं ।आपको बता दें कि शाम को विधिवत सभी लोग माता तुलसी एवं भगवान विष्णु का व विशेष मुहूर्त में कराकर पुनीत कार्य का साक्षी भी बने।

# साहू समाज, पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर चलाएगा जनजागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

साहू समाज धमतरी अपने जिला, तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण इकाई के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों के सहयोग से विभिन्न नशाखोरी, परिवारिक विघटन पर अंकुश लगाने सहित अन्य मुद्दों को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाएगी। साहू समाज धमतरी के प्रतिनिधि मंडल का धमतरी जिला पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्षनेय के साथ वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए समसामयिक आचार.विचार, घटनाओं, नशाखोरी, बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय धमतरी में एक सुझावात्मक बैठक हुई जिसमें साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सुझाव दिया कि संस्कार की कमी, कर्तव्यबोध ना होना, युवाओं को बेहतर कैरियर बनाने हेतु सही मार्गदर्शन का ना मिल पाना, राजनीतिक संरक्षण, संलिप्तता सहित अनेक कारणों से विभिन्न नशाखोरी और अपराध बढ़ रहे है। पारिवारिक विघटन हो रहा है। इस पर रोकथाम हेतु धमतरी जिला के प्रत्येक गांव में सर्व समाज के साथ पुलिस प्रशासन की नियमित अंतराल में बैठक होनी चाहिए। सर्व समाज के किशोर युवक-युवतियों हेतु संस्कार, कैरियर एवं पारिवारिक-सामाजिक, कर्तव्यबोध हेतु सामाजिक कार्यशाला का आयोजन हेतु पुलिस अधीक्षक ने विशेष आग्रह किया। ग्रामीण, परिक्षेत्र, मंडल, तहसील, जिला स्तर की होने वाले बैठकों, कार्यक्रमों में संस्कारवान बनने, बेहतर कैरियर निर्माण के साथ ही बढ़ते नशाखोरी, अपराध पर अंकुश लगाने हेतु सामाजिकजनों/वक्ताओं द्वारा उद्बोधन हो। पुलिस प्रशासन/थाना/चौकी अपनी गश्त बढ़ाएं। नशाखोरी, अपराध के सामानों की आपूर्ति पर तत्काल कार्यवाही हो। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाए। पहले की तरह सुरक्षा समिति, मितान के ध्यान, बीट प्रभारियों को सक्रिय किया जाए। बाहर से आने वाले किरायेदारों, दुकानदारों की मुसाफिरी अनिवार्य रूप से दर्ज कराई जावे। चिकित्सा से संबंधित मेडिकल दुकानों को छोड़कर देर रात्रि तक दुकान ना खुली रहे। बंद करने का एक निश्चित समय हो, आदि विभिन्न सुझाव साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिया गया। पुलिस अधीक्षक धमतरी अंजनेय वार्षनेय ने सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन समाज का प्रतिबिंब होता है। जनमानस के हित में तत्परता के साथ कार्य करती रहती है। विभिन्न नशाखोरी अपराध को रोकने के साथ बेटा पढ़ाओ, बेटी बचाओ.. के लिए जनमानस का सहयोग नितांत आवश्यक है। पुलिस प्रशासन और समाज के आपसी समन्वय, सहयोग से एक आदर्श जिला का परिकल्पना को साकार करने हेतु जनमानस से अपील किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला साहू संघ धमतरी के जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, उपाध्यक्षद्वय तोरणलाल साहू, केकती साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू, तहसील अध्यक्षगण तोषण साहू, गोपाल साहू, राधेश्याम साहू, रोहित साहू, कामता साहू, सचिव जितेंद्र साहू, शेखन साहू, उपाध्यक्ष रमेसर साहू, विजय गौतम साहू, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पवन गजपाल, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चंद्रकला साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ ललित साहू, परिक्षेत्र अध्यक्षगण ललित चौधरी, पोषण साहू, प्रहलाद साहू, रोहित साहू, डेरहु साहू, रामचंद्र साहू, कमलेश साहू, विश्वनाथ साहू, तुलेंद्र साहू, के आर साहू, भीषम साहू उपस्थित थे।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवम्बर से 31 जनवरी तक

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्रदेश सहित जिले में आगामी 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। इसके मद्देनजर स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित नगरनिगम धमतरी के सामुदायिक भवन में धान खरीदी के सुचारू सम्पादन के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिले के 100 धान उपार्जन केन्द्रों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण संयुक्त कलेक्टर प्रीति दुर्गम द्वारा पीपीटी के जरिए नोडल अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सहकारिता विभाग, मंडी, नापतौल एवं खाद्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में धान की रिसायक्लिंग पुनर्चक्रण तथा अवैध धान खरीदी, बिक्री, परिवहन, भण्डारण पर सतत् निगरानी रखने के निर्देश कलेक्टर नम्रता गांधी ने दिया। मंडी के अधिकारियों द्वारा छग मंडी अधिनियम 1972 के विभिन्न धाराओं को भी बताया गया। इसके साथ ही मंडी अधिनियम के तहत कोचियों/बिचौलियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का समतलीकरण, साफ सफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर सेट/ प्रिंटर चालू हालत में हो, जनरेटर, यूपीएस, इंटरनेट की व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरा, आर्द्रतामापी यंत्र, नाप तौल के लिए पर्याप्त कांटा.बांट, बारदाना सुतली, हमाल की उपलब्धता, तारपोलिन, चबूतरा, ड्रेनेज, टोकन व्यवस्था सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिए। साथ ही हर उपार्जन केन्द्र में समर्थन मूल्य दर्शाते बैनर का प्रदर्शन करने कहा है। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों से धान की आवक, कोचिया एवं बिचौलियों द्वारा खरीदी केन्द्रों में किसान के बचत रकबे में खपाने का प्रयास, राईस मिलर द्वारा अन्य स्थानों से चावल लाकर जमा किया जाना एवं धान बिना उठाए समिति से उठाया दिखाया जाना और संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों द्वारा रिसाईक्लिंग पर विशेष निगाह रखने कहा गया। किसानों को भुगतान की व्यवस्था जिला सहकारी बैंक द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में अंतरण किया जाएगा, अन्य किसी के खाते में अंतरण नहीं किया जाएगा। संयुक्त खाते की स्थिति में परिवार के सदस्य के खाते में भुगतान होगा। कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कैश मैनेजमेंट के संबंध में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित् करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि टोकन व्यवस्था सात दिवस पूर्व जारी एवं टोकन में औसत उपज से ज्यादा का टोकन होने पर जांच उपरांत खरीदी की जाए। यह भी निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में जाकर व्यवस्थाओं का सत्यापन करें। इस दौरान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की लिमिट, पंजीकृत किसान, रकबा, छोटे, सीमांत और दीर्घ किसानों सहित अन्य जानकारियों का सत्यापन किया जाएगा। इसके साथ ही नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्र में सुबह 7.30 बजे पहुंचना सुनिश्चित् करें। बता दें कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगी। इसके अलावा नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निगरानी समिति के सदस्यों के नियमित सम्पर्क में रहें और उनका मोबाईल नंबर भी अपने पास रखें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडेंगेए यह सुनिश्चित किया जाए, लापरवाही बरतने पर नोडल अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि

# कुंभकार महासंघ द्वारा तीन दिवसीय चक्रपूजा महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल द्वारा तीन दिवसीय चक्रपूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो 6 से 8 दिसंबर तक चलेगा। इन 3 दिवसीय आयोजन में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। महासंघ के महासचिव धर्मेन्द्रनाथ राणा ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 6 दिसंबर को कलश यात्रा और मूर्ति स्थापना के साथ होगा, जिसके उपरांत कुराल पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। यह पवित्र आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष धार्मिक अनुभव प्रदान करेगा। 7 दिसंबर को महोत्सव के द्वितीय दिवस पर विशेष अतिथियों का स्वागत, सम्मान समारोह और आमसभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे, जो महोत्सव की गरिमा को बढ़ाएंगे। अंतिम दिन, 8 दिसंबर को मूर्ति विसर्जन एवं पूर्णाहुति की रस्में संपन्न होंगी, जिससे महोत्सव का समापन होगा। इसके साथ ही, रात्रिकालीन कार्यक्रम भी हर दिन का मुख्य आकर्षण रहेंगे, जो दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही, संस्कृति की समृद्ध धरोहर को प्रस्तुत करेंगे। धर्मेन्द्रनाथ राणा ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, 22 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में वृत क्षेत्र कसडोल अंतर्गत ग्राम कौहाकुड़ा थाना कसडोल चौकी सोनाखान में आरोपी खोलबहरा चौहान पिता घासीराम के कब्जे से 22 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। उक्त कार्यवाई में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए भर्ती हेतु, 27 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत लवन एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के लिए तिल्दा आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-3 शामिल है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 27 नवम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन जिला बलौदाबाजार- भाटापारा(छ.ग.) के पते पर अपना आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते है।

# अघरिया समाज के महासभा कार्यक्रम में शामिल होगें वित्त मंत्री ओपी चौधरी

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

आगामी 17 नवंबर को मां रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा में अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ का 30 वां महासभा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल होंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में महासमुंद लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ भुनेश्वर पटेल केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज रायगढ़ की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर परिक्षेत्र में बैठकों का दौर जारी है और कार्यक्रम कि रूपरेखा बनाई जा रही है, 30 वां महासभा में 16 नवंबर को कुछ घंटो के लिए आंशिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है,जबकि मुख्य कार्यक्रम 17 नवंबर को आयोजित है। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में त्रिलोचन पटेल पूर्व विधायक सरायपाली, किशोर चंद्र पटेल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उड़ीसा, सुषमा पटेल पूर्व विधायक उड़ीसा, जवाहर नायक पूर्व विधायक सरिया, प्रकाश नायक पूर्व विधायक रायगढ़, निराकार पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़, उषा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद,लक्ष्मण पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, भोजराज पटेल पुलिस अधीक्षक मुंगेली, रामानुज पटेल केंद्रीय संयोजक, प्रेम शंकर पटेल केंद्रीय संयोजक, दीनबंधु नायक अध्यक्ष ओडीशा शामिल होंगे, कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए केंद्रीय अध्यक्ष डॉ भुनेश्वर पटेल, केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ गेसमोती पटेल, केंद्रीय कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल, केंद्रीय महासचिव दीनदयाल पटेल एवं केंद्रीय सचिव धनंजय पटेल एवं सरायपाली क्षेत्रीय पदाधिकारी में अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल, उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष लव कुमार पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि नेहरू लाल चौधरी,अंचल प्रभारी विश्वनाथ नायक, सलाहकार खेमराज पटेल, तुलाराम पटेल, गोपबंधु पटेल,चैतराम पटेल,श्रीधर चौधरी, घुराऊ नायक, महिला संयोजिका सावित्री पटेल, सचिव रामेश्वर पटेल सहित सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, समाज के पदाधिकारी एवं समस्त केंद्रीय आंचलिक पदाधिकारी जुट गए हैं।

# गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं हेतु आयुष्मान आरोग्य मंदिर ठेलकी हुआ एनक्यूएएस प्रमाणित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवा आम जनता को उपलब्ध करवाने बाबत लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन कर उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है। बेहतर सेवाओं के लिए विकास खण्ड बलौदाबाजार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर ठेलकी ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र हासिल किया है। इसे 100 में से 86.83 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की ठेलकी का एनक्यूएएस जिले का पहला वर्चुअल मूल्यांकन था जिसमें समस्त दस्तावेजों का निरीक्षण ऑनलाइन किया गया साथ ही मूल्यांकन कर्ता डॉ प्रवीर गुप्ता तथा एन एस आर हरिकृष्ण द्वारा वीडियो के माध्यम से पूरी संस्था को देखते हुए स्टाफ मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मरीजों का भी इंटरव्यू लिया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी तथा इस सेक्टर रिसदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अविनाश केसरवानी के अनुसार इस एनक्यूएएस में आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा दी जा रही बारह सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण टीम द्वारा किया गया। इसमें प्रसव पूर्व देखभाल, नवजात शिशु देखभाल, परिवार नियोजन, संचारी तथा गैर संचारी रोग प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवा,बाल एवं किशोर स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा सम्मिलित हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया की आयुष्मान आरोग्य मंदिर ठेलकी 8 गाँवों की 7 हज़ार 5 सौ 51 जनसंख्या को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें ठेलकी सहित चाँपा, खम्हरिया, भरूवा डीह, चिचोली, पौसरी, ढाबाडीह, खेलवारडीह सम्मिलित हैं। जबकि कुल पंचायत चार हैं। गौरतलब है जिले में जिला अस्पताल, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित अब तक 19 स्वास्थ्य केंद्र एन क्यू ए एस प्रमाणित हो चुके हैं। जबकि इसे मिलाकर अब रिसदा सेक्टर के चार में से दो स्वास्थ्य केंद्र एन क्यू ए एस प्रमाण पत्र धारित हो गए हैं। ठेलकी केंद्र में सी एच ओ दीपिका साहू, आरएचओ हेमलाल ठाकुर तथा सुरेखा गायकवाड़ अपनी सेवा देते हैं।

# अवैध धान गोदाम में भंडारण 1700 पैकेट को किया जब्त

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

मंडी प्रशासन द्वारा ओडिशा सीमा से लगे 2 अलग अलग ग्रामो में छापामार कार्यवाही करते हुवे पालीडीह सिरपुर में 40 व केदुवा के गोदाम में रखे 1700 पैकेट धान को जप्त किया गया। इस संबंध में मंडी सचिव खिरमान सिंह ध्रुव ने बताया कि खरीफ विपणन समय में धान उपार्जन अवधि को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की टीम द्वारा निगरानी बरतते हुवे कोचियों व बिचौलियों के साथ ही अवैध रूप से धान भंडारण करने वालो पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्यवाही की जा रही है । इसी तारतम्य में अंतर्राज्यीय सीमा जाँच चौकी पालीडीह सिरपुर में अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए एक व्यक्ति अलेख भोई सिरपुर के पास से 40 पाकिट धान ( वजन लगभग 16 क्विंटल ) को पकड़ा गया। उसी तरह ग्राम केदुवा में हेतराम पटेल के गोदाम से 1700 पाकिट धान जप्त किया गया। दोनों पर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस छापामार कार्यवाही में मंडी अनुभाग अधिकारी जयंत सिंह चौव्हाण, बलौदा टीआई उमेश वर्मा , मंडी निरीक्षक सुशील कुमार साहू, मंडी कर्मचारी महेन्द्र भोई, जैनेन्द्र कुमार पटेल, निलेश साहू चंद्रशेखर नायक पुलिस व क्राइम विभाग से मुकेश, कलपराम साहू व वीरेंद्र तथा वन विभाग योगेश्वर कर, कोटवार टिकेलाल, योगेश शामिल थे।

# वार्ड में सफाई कर्मचारियो की उपस्थिति को सत्यापित करेगे, वार्ड पार्षद

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में निगम भिलाई के सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था को और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद 15 कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रत्येक वार्ड में निर्धारित सफाई कर्मचारियो की उपस्थित को सत्यापित करेगे, वार्ड पार्षद। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्डो में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई-रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य के लिए कार्य आधारित निविदा के संबंध में निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन-1 में वार्ड 1 से 8 तक एवं वार्ड 9 से 18 तक। वैशाली नगर जोन-2 में वार्ड 14, 15, 16, 19, 20, 26, 27 एवं 21, 22, 23, 24, 25, 28, 29 तक। मदर टेरेसा नगर जोन-3 में वार्ड 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37 तक। शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन-4 में वार्ड 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44 एवं वार्ड 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51 तक। सेक्टर 06 जोन-5 में वार्ड 69 का 1/2 भाग एवं 70 तक के कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही सफाई करने वाली संबंधित एजेंसी के नियम एवं शर्तो की जानकारी अगले महापौर परिषद की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत करने को कहा गया। उपरोक्तानुसार समस्त वार्डो में सफाई कार्य को सुचारू रूप से संपादित कराये जाने के लिए प्रकरण एमआईसी के बाद सामान्य सभा से स्वीकृति के बाद ही मुर्त रूप लेगा। तब तक के लिए नवीन कार्यादेश होने तक कार्य की निरंतरता बनाये रखने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। जिससे सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। नगर निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु आगामी निविदा होने तक सुरक्षागार्ड व्यवस्था 30.11.2024 तक के लिए समय वृद्धि, देयक एवं वित्तीय स्वीकृति को मंजूरी दी गई है। निगम के वाहन शाखा हेतु उच्चकुशल, कुशल एवं अर्धकुशल वाहन चालक एवं हेल्फर उपलब्ध कराने हेतु आगामी निविदा होने तक 30.11.2024 तक समयावृद्धि एवं अतिरिक्त व्यय राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। महापौर परिषद के बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चैबे, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, नेहा साहू एवं निगम के अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, अभियंता आर.एस. राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी मलखान सिंह शोरी, लेखाधिकारी सी.बी.साहू आदि उपस्थित रहे।

## पीएम आवास योजना 2.0: परिवारों को घर के साथ साथ आर्थिक मदद भी, जाने नया नियम

### पीएम आवास योजना में कई अहम बदलाव के साथ हितग्राहियों को कई फायदे होंगें

- प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अन्तर्गत रैपिड असेसमेंट सर्वे संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी क्षेत्रों में 'सबके लिए आवास' मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू 2.0) का क्रियान्वयन दिनांक 1 सितम्बर 2024 से 5 वर्ष के लिए किया जाएगा।भारत सरकार एवं राज्य शासन के योजना अन्तर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी पात्र लाभार्थियों / परिवारों / क्रियान्वयन एजेंसियों को किफायती लागत पर आवास के निर्माण, विक्रय या किराए के लिए अनुदान प्रदान किया जावेगा। योजना अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप योजना के क्रियान्वयन से पूर्व नगरीय निकाय में संभावित पात्र हितग्राहियों की सूची भारत सरकार के यूनिफाईड वेब पोर्टल पर दर्ज किये जाने हेतु रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य संपादित किया जाना है। बता दे कि राज्य शासन द्वारा 15 नवम्बर, 2024 से रैपिड असेसमेंट सर्वे प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतएव संलग्न दिशा-निर्देशों के अनुरूप नगरीय निकायों में रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए है। पीएम आवास योजना 2.0 शुरू, शहरी गरीब परिवारों को घर के साथ-साथ आर्थिक मदद भी जान लें नया नियम। पीएम आवास योजना में कई अहम बदलाव के साथ अब योजना के 2.0 भी शुरू हो गया है। जिसके तहत हितग्राहियों को कई फायदें होंगे। ऐसे में नियम क्या है ये आपको पता होनी चाहिए। सरकार ने पीएम आवास योजना 2.0 भी शुरू कर दी है। इसके तहत सरकार का मकसद मध्यम वर्ग और शहरी गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता देना है। योजना के तहत शहरी क्षेत्र में किफायती दर पर मध्यम वर्ग के परिवारों को घर मुहैया करवाए जाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए गाइडलाइन भी जारी कर दी है। इसे राज्यों ने भी अपने यहां लागू करना शुरू कर दिया है।

पीएम आवास योजनाः नए सिरे से प्लानिंग-पीएम आवास योजनाः राज्यस्तर पर इसकी प्लानिंग नए सिरे की जा रही है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पीएम आवास योजना 2.0 के पात्र हितग्राहियों को निवास प्रमाण-पत्र 31 अगस्त 2024 के पहले का प्रस्तुत करना होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है।

पीएम आवास योजनाःपीएम आवास योजना के अपात्र हितग्राहियों को भी मिलेगा घर, बस करना होगा यह काम।पीएम आवास योजना 2.0 के नियम पीएम आवास योजना 2.0 के तहत आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ईब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी ) के लोगों को सरकार की ओर से लाभ दिया जाएगा। नियमों के मुताबिक, इनमें से जिन लोगों के पास देश में कहीं भी पक्का घर नहीं है। उन्हें पक्के घर के लिए सहायता दी जाएगी।

## संपत्तिकर एक साथ जमा करने पर 2 प्रतिशत का छूट का लाभ मिल रहा है, निगम भिलाई में

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन/भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष 2024.25 हेतु देय संपत्तिकर पर 30 नवम्बर 2024 तक एक मुश्त भुगतान करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। नगर निगम भिलाई के 5 जोन में एवं मुख्य कार्यालय में कार्यायालयीन अवधि में करदाता संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। यह सुविधा सभी प्रकार के संपत्ति कर करदाताओं के लिए है। जिसका भवन/भूमि स्वामी लाभ उठा सकते है। गौरतलब है कि बहुत से संपत्ति करदाता जानकारी के अभाव में मार्च महीने में संपत्ति कर जमा करने आते हैं समय उनके संपत्ति जमा करने वाली राशि पर ब्याज लिया जाता है। उससे अच्छा है समय से संपत्ति कर जमा करके दो प्रतिशत का लाभ उठाएं, एक आदर्श नागरिक बने। भवन मालिक अपने भवन का संपत्तिकर की स्थिति जानने के लिए हेल्पलाईन व व्हाट्सअप नम्बर 9153986401 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है एवं मांग अनुसार 2 प्रतिशत की छूट के साथ आंनलाईन वेबसाईट https:/chhat-tishgarhmunicipal.comमें अपने देय करो का भुगतान कर रसीद प्राप्त कर सकते है।

## अरसनारा के किसानों ने सिक्स लेन रोड निर्माण से उत्पन्न समस्याओं से कलेक्टर को कराया अवगत

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

पाटन विधानसभा के ग्राम अरसनारा के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी को किसानों की समस्याओं को अवगत कराकर निराकरण करने हेतु पत्र प्रेषित किया है। ग्रामीणों द्वारा जानकारी दिया गया कि केंद्र सरकार द्वारा भारत माला योजना के तहत सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जो ग्राम अरसनारा से होकर गुजर रहा है। उक्त सड़क में पुल, पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य एजेंसी एस एम एस एल - एम बी पी एल गायत्री नगर परपोड़ी, नागपुर द्वारा किया जा रहा है।

**खेतों में नहर से सिंचाई हेतु पुलिया निर्माण या पाईप लगाने की माँग-** ग्रामीणों का कहना है कि हमारा ग्राम कृषि प्रधान ग्राम है, जिसमें किसानों के खेत में लगे फसल हेतु पानी नहर द्वारा सिंचाई कार्य किया जाता है। वर्तमान खरीफ धान फसल लगे खेत में सड़क बनने से किसानों के खेत में पानी एक ओर से दूसरे ओर नहीं पहुंच पाया, जिसके कारण धान का फसल प्रभावित हुआ है । अतः उक्त सड़क निर्माण में पानी सिंचाई हेतु पुलिया या पाईप लगाने किसानों ने माँग किया है।

**पहुंच मार्ग पर बड़ा अंडर पुल का निर्माण हो-** किसानों को टेक्टर ट्राली में पैरा को अपने खेत से घर गौवंश को खिलाने हेतु ट्राली में ऊपर तक भरकर लाते हैं, साथ ही हम किसान अपने धान को बोरी में भरकर ट्रेक्टर ट्राली से धान को सोसायटी में विक्रय करने ले जाते हैं, उस स्थिति में जो वर्तमान में पुल निर्माण किया जा रहा है, उससे ट्रेक्टर ट्राली पार नहीं हो सकता है। हम किसान अपने धान को हार्वेस्टर मशीन से कटाते हैं, हार्वेस्टर की जो धान काटने का कटर है वह भी पुल से पार नहीं हो सकता है।

**10 जनवरी 2024 के पत्र पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं-** ग्राम सरपंच हरिशंकर साहू ने जानकारी दिया कि सिक्स लाईन रोड निर्माण के प्रारम्भ के समय ही दिनांक 10 जनवरी 2024 को कार्यालय राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण रायपुर में किसानों के खेत में पानी पहुंचने हेतु पुलिया निर्माण एवं अरसनारा से लोहरसी पहुंच मार्ग व अरसनारा से चिचा पहुंच मार्ग पर बड़ा पुल निर्माण की मांग किया गया था। जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है, और न ही उक्त विषय पर निर्माण एजेंसी के कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी जवाब नहीं दे पा रहे हैं । जबकि इसके विपरीत अरसनारा से चिचा पहुंच मार्ग पर छोटा पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था, जिसे ग्रामीणों एवं किसानों ने तुरंत कार्य स्थल पर जाकर विरोध किया ,जिसके बाद से पुल निर्माण कार्य तीन माह से रुका हुआ है।

**किसानों के जमीन अधिग्रहण का मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान किया जाए-** सड़क निर्माण में जिन किसानों की जमीन को अधिग्रहण किया है उनमे से कुछ किसानों का आज तक मुआवजा राशि भी नहीं मिला है और न ही न उक्त जमीन में खरीफमें धान का फसल भी नहीं लगा पाया। किसान अपने ही जमीन की मुआवजा राशि के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग पाटन कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। सड़क निर्माण एजेसी द्वारा जिस जमीन की मुआवजा नहीं मिला है वहाँ पर सड़क बनाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसका किसानों ने विरोध कर जब तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं होगा, उक्त जमीन पर सड़क निर्माण कार्य बंद किया जाए । किसानों के इन सभी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्माणाधीन कार्य स्थल पर ग्रामीणों की उपस्थिति में निरीक्षण कराकर हल करने की माँग किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच हरिशंकर साहू, डेहर लाल साहू, पुनाराम साहू, जयप्रकाश साहू, रामकृष्ण निर्मल, लक्ष्मण साहू, कमलेश साहू, कोमल वैष्णव, ठाकुरराम वर्मा, सुलेंन साहू , हिरौदी वर्मा, बैसाखू साहू, विश्राम साहू, भुवन बनपेला, कृष्णा साहू, अरुण साहू, नंदकुमार साहू, लवकुमार साहू, लवण सिंह साहू, खिलावन साहू, लक्ष्यकुमार साहू, गुरुदेव साहू, शीतल साहू,मिलन साहू, दयाल साहू, आनंद धुरंधर, कौशल दीपक, आत्माराम साहू, रमाकांत साहू, पुनारद साहू, नारान्तक साहू, बुधारु साहू, अजय वर्मा, सहदेव साहू, सोमन ठाकुर, सुखलाल साहू, ईश्वर साहू , एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सीईओ ने की मनरेगा एवं एसबीएम की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के सीईओ द्वारा विगत दिवस 11 नवम्बर को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने मनरेगा एवं एसबीएम की समीक्षा की। सीईओ ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत भारत सरकार के स्पष्ट निर्देश के तहत मनरेगा के नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट टैंक, मछली पालन तालाब एवं डबरी निर्माण, कच्ची- पक्की नाली, नाला निर्माण, कुआं, पशु आश्रय शेड, बायो गैस प्लांट, वृक्षारोपण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। कचरा कलेक्शन कर वसूली आवश्यक है क्योंकि स्वच्छताग्राही बहनों द्वारा कचरा कलेक्शन सप्ताह में 3 दिन किया जाना है जिसके लिए पंचायत के सरपंच, सचिव एवं कर निगरानी की टीम बनाई जाए तथा कर वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाए। शौचालयों के रख-रखाव के लिए रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ के माध्यम से लगातार जानकारी देने कहा। त्रिस्तरीय जल शुद्धिकरण तालाबों में किए गए कार्यो की जांच कर तालाबों में शुद्ध जल के स्तर की जांच करने तथा गंदे पानी को तालाबों में जाने से रोकने के लिए किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी लेने कहा।

## ब्राह्मण कल्याण समाज द्वारा आंवला नवमी पूजन कर वार्षिक उत्सव का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज बलौदा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आंवला नवमी का पूजन एवं पालन किया गया जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य नित्यानंद मिश्रा जिला अध्यक्ष जिला उत्कल ब्राह्मण समाज महासमुंद कृष्ण मुरारी पाणिग्रही अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज बलौदा विशिष्ट अतिथि महादेव साहू संयोजक सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज नवीनेंद्र आचार्य सुरेश कर, जगन्नाथ मिश्रा, सुरेश पाणिग्रही, सुनील पाणिग्रही, नरेश कर, मुरलीधर पाढ़ी, कपिलेश्वर पाढ़ी, खिरोद कर, रामलाल दास, गोविंद कर मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे सर्वप्रथम आचार्य रामलाल दास द्वारा समस्त ब्राह्मण समाज के महिला सदस्यों की उपस्थिति में विधिवत रूप से आंवला नवमी का पूजन किया गया तत्पश्चात वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नित्यानंद मिश्रा द्वारा पूरे समाज के विकास के बारे में उद्बोधन दिया गया एवं कार्यक्रम में विप्र समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही समाज के उत्कृष्ट कार्यकर्ता पीतांबर दास चूड़ामणि महापात्र, सुशील महापात्र, अशोक महापात्र, गोविंद कर, रामलाल दास जैन दास, भोजराज दास निरुपमा देवता, सहदेव पंडा साल एवं श्रीफल से मुख्य अतिथि नित्यानंद मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के सचिव श्याम सुंदर साहू कोषाध्यक्ष मानस सह सचिव शिवराज वादी, अनंत राम कर एवं महिला कार्यकर्ताओं में दमयंती पाणिग्रही, कमला पढ़ी, रुक्मणी पाणिग्रही, निरुपमा देवता, हिमसागर रथ, मनोज सतपति उपस्थित थे यह जानकारी सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज बलौदा के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता संजय दास द्वारा दी गई।

## कमिश्नर द्वारा संपत्ति कर का भुगतान करने की अपील से 32 साल पुराने बकायादार ने निगम आकर जमा किया संपत्ति कर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम में संपत्ति कर भुगतान के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने आम नागरिकों से अपील किया है। कमिश्नर के अपील एवं धारा 174 नोटिस मिलने के बाद सन 1992 से 2024 तक से वार्ड 42 के करदाता ने पिछले 32 साल का टैक्स एक साथ भुगतान किया। शहर के कुछ पुराने बकाया दारों ने स्वेच्छा से नगर निगम में आकर अपने संपत्ति कर का भुगतान किया। इन कर दाताओ को निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद भी नगर निगम के द्वारा चलाये जा रहे कर वसूली अभियान में बकाया संपत्ति कर का भुगतान जमा कर जागरूकता दिखाकर अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान राजस्व अधिकारी मनीष कुमार,सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर आदि मौजूद रहे। नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि पुराने और बड़े बकायादारों को स्वयं से आकर कर संपत्ति कर का भुगतान करने वाले करदाताओं को ससम्मान निगम कार्यालय बुलाकर उनको सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने करदाता का पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि स्वयं की जागरूकता से समय समय पर नगर निगम कार्यालय आकर या निगम कर्मचारियो व ऑनलाइन के माध्यम से बकाया कर का भुगतान करने वाले बड़े करदाताओं को अच्छे करदाता के रूप मे सम्मानित किया जायेगा।

### हिंदी यूएसए सेंट लुइस की पहल पर जुटे भारतीय-अमेरिकी, मिलजुल कर मनाई खुशियां

## अमेरिका में भारतवंशियों ने दीवाली-नवरात्रि उत्सव मनाया एक साथ, भिलाई से भी रही भागीदारी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

अमेरिका में बसे भारतवंशियों ने हिंदी-यूएसए सेंट लुइस के बैनर तले तीसरा वार्षिक दिवाली और नवरात्रि महोत्सव शानदार ढंग से मनाया। जिसमें 450 से अधिक लोगों ने भाग लिया, इनमें इस्पात नगरी भिलाई से अमेरिका में अपना भविष्य गढ़ रहे युवा भी सपरिवार शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि भिलाई से जाकर अमेरिका में बस चुके हिंदी के प्रति समर्पित युवा मयंक जैन और उनकी पत्नी अंशु जैन की इस आयोजन में विशेष भागीदारी रही। मयंक जैन ने बताया कि यह सेंट लुइस का सबसे बड़ा इंडोर भारतीय दीवाली मेला था, जिसमें 20 से अधिक विभिन्न प्रकार के स्टॉल और गतिविधियां शामिल थे। इस आयोजन ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समृद्धि को दर्शाते हुए पारंपरिक भोजन, संगीत, नृत्य और कई रोचक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। इस आयोजन में सेंट लुइस काउंटी के प्रॉसिक्यूटर और डेमोक्रेटिक पार्टी के नवनिर्वाचित मिसौरी के यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव मिस्टर वेस्ले बेल, ओसीए सेंट लुइस की उपाध्यक्ष और सेंट लुइस की वियतनामी एसोसिएशन की अध्यक्ष क्रिस्टिना ली, कन्नड़ स्कूल के नेता शशिकांत गजराज और तमिल भाषा स्कूल के नेता मिस्टर नारायण जैसे विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने इस महोत्सव में चार चाँद लगा दिए।

उनकी उपस्थिति ने सेंट लुइस के विभिन्न समुदायों के बीच एकता को और भी मजबूत किया। इस महोत्सव में उपस्थित लोगों ने फोटो बूथ, रंगोली प्रतियोगिता और रैफल ड्रॉ जैसे आनंददायक अनुभवों का आनंद लिया। बच्चों के लिए फेस पेंटिंग और गुब्बारा कला जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। नवरात्रि की थीम पर आधारित दो नृत्य प्रस्तुतियाँ-बच्चों के लिए एक विशेष नृत्य कार्यक्रम और वयस्कों के लिए एक डीजे नवरात्रि डांस ने परिवारों और समुदायों को एक साथ जोड़ा और परंपरा को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का समापन एक भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ। मयंक जैन ने बताया कि हिंदी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के हिंदी यूएसए के मिशन का समर्थन करते हुए, बुक स्टॉल पर भाषा संसाधन उपलब्ध कराए गए। इसके साथ ही इस आयोजन में स्थानीय व्यवसायों को भी प्रोत्साहित किया गया।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प.क्र.-202411201500007/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री किशोर पिता ठूल्लू राम जाति कोष्टा निवासी मरारपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-कोण्डागांवपारा में स्थित भूमि शीट नंबर 01 भूखण्ड क्रमांक 32/6 क्षेत्रफल 9068 वर्गफुट भूमि आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में ठूल्लू पिता मंगलूराम जाति कोष्टा सा.देह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक अपने पिता ठुल्लूराम पिता स्व. मांगूराम की दिनांक 22.09.2019 को मृत्यु होने के कारण छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् आवेदित भूमि से फौती का नाम खारिज कर वैध वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, मेन्टीनेन्स खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 20.11.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा में आज दिनांक 08.11.2024 का जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)



पंजीकृत कार्यालय : 6वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013

DCB BANK

**ई नीलामी बिक्री सूचना**

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत)

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।**

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), सह -उधारकर्ताओं तथा विशेष रूप से गारंटरों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित संपति **डीसीबी बैंक लिमिटेड** के पास बंधक है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन के प्रावधान के अंतर्गत भौतिक कब्जा ले लिया है। अधिनियम, 2002 के अनुसार, नीचे उल्लिखित बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए नीचे बताए अनुसार निविदा सह सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा संपत्तियों की बिक्री की जाएगी। संपत्तियां **"जैसी है जहां है"** और **"जैसी है जैसी है"** स्थिति में बेची जाएंगी।

| क्र. सं. | उधारकर्ता(ओं) और (सह-उधारकर्ता(ओं) का नाम | अचल संपति का विवरण | 1) आरक्षित मूल्य (रु.) 2) ईएमडी (रु.) 3) ई-नीलामी की तिथि 4) कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री भबानी शंकर चौधरी श्रीमती, नेहा चौधरी | फ्लैट संख्या एमआईजी 2/508, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 3, कंचनजंगा कॉम्प्लेक्स, कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 49299 का पूरा टुकड़ा | 1) रू.12,00,000/- 2) रू. 1,20,000/- 3) रू. 04.12.2024 4) भौतिक कब्जा |

**ईएमडी जमा करने की तिथि और समय 03-12-2024 को या उससे पहले सायं 05:00 बजे तक भागीदारी के अनुरोध पत्र केवाईसी, पैन कार्ड, ईएमडी का प्रमाण ईमेल आईडी - Rahul.tamrakar@dcbbank.com/suraj.ghosh@dcbbank.com/prashant.joshi@dcbbank.com पर जमा करना है। इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को ईएमडी राशि लाभार्थी, डीसीबी बैंक लिमिटेड, रायपुर, छीसगढ़ के नाम पर डीडी के माध्यम से जमा करनी होगी।**

**निरीक्षण तिथि एवं समय : 16/11/2024 से 02/12/2024 प्रातः 11:00 बजे से सायं 15:00 बजे के मध्य श्री राहुल ताम्रकार से मो. नं. 909800225 पर सपर्क करें।**

**ई-नीलामी के नियम और शर्तें**

(1) नीलामी बिक्री "ऑनलाइन ई-नीलामी" बोली वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से ऊपर दी गई तालिका में उल्लिखित तिथियों पर 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां जमा करने और ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** देखें।
(2) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता [मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) अहमदाबाद, दूरभाष : 079-6813 6837/80/90, एम: 9265562821/9265562818] से लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। संपर्क व्यक्ति- श्री चिंतन भट्ट, नंबर 9978591888, ईमेल: chintan.bhatt@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net। कृपया ध्यान दें कि, संभावित बोलीदाता केवल अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
(3) नीलामी प्रक्रिया में ऑनलाइन ई-नीलामी भागीदारी निर्धारित प्रारूप में आवेदन करके अनिवार्य है जो वेबसाइट पर प्रस्ताव/निविदा दस्तावेज के साथ उपलब्ध है।
(4) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां प्रस्तुत करने से पहले **https://www.dcbbank.com/cms/showpage/page/customer-corner** लिंक का संदर्भ लेकर नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों को पढ़ें और अधिक जानकारी के लिए सीधे **श्री राहुल ताम्रकार / सूरज घोष** से **9098000225/9302545045** पर संपर्क करें, जो **डीसीबी बैंक लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी हैं।

दिनांक : 14/11/2024
स्थान : रायपुर

डीसीबी बैंक लिमिटेड के लिए
अधिकृत अधिकारी

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन भारत में भारी तबाही

2024 के पहले नौ महीनों में ही 3,200 से ज़्यादा मौतें, 3.2 मिलियन हेक्टेयर में व्यापक फ़सल क्षति और 2.3 लाख इमारतें नष्ट होने के साथ, चरम मौसम की घटनाओं के प्रति देश की संवेदनशीलता से इनकार नहीं किया जा सकता है। सेंटर फ़ॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की 'इंडिया क्लाइमेट रिपोर्ट 2024' के ये निष्कर्ष देश पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की एक चौंकाने वाली तस्वीर पेश करते हैं। रिपोर्ट में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि जनवरी से सितंबर के बीच 93 प्रतिशत दिन चरम मौसम वाले थे, जो स्पष्ट संकेत है कि जलवायु संबंधी आपदाएं न केवल अधिक लगातार हो रही हैं, बल्कि अधिक गंभीर भी हो रही हैं। रिपोर्ट के निष्कर्षों से चरम मौसम की घटनाओं में चौंका देने वाली वृद्धि का पता चलता है। 2024 में, भारत को 274 दिनों में से 255 दिनों में जलवायु चरम का सामना करना पड़ा, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक रिकॉर्ड है। उल्लेखनीय रूप से, 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 से अधिक ने ऐसी घटनाओं का अनुभव किया, जिसमें कर्नाटक, केरल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों ने 2023 की तुलना में 40 से अधिक अतिरिक्त दिनों तक जलवायु चरम सीमाओं का सामना किया।

गंभीर आंकड़े मानव जीवन और आजीविका पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव की ओर इशारा करते हैं। केरल, मध्य प्रदेश और असम मृत्यु दर के मामले में सबसे अधिक प्रभावित राज्य थे, जबकि आंध्र प्रदेश में घरों का सबसे अधिक विनाश हुआ और महाराष्ट्र में सबसे अधिक फसल क्षति हुई। 2024 में उल्लेखनीय घटनाओं में लंबे समय तक चलने वाली हीटवेव और अभूतपूर्व संख्या में गर्म रातें शामिल थीं। इसके अलावा, मानसून का मौसम विशेष रूप से विनाशकारी था, जिसमें जून से सितंबर तक हर एक दिन भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन हुआ। उदाहरण के लिए, असम ने 122 में से 111 दिनों में चरम मौसम का सामना किया, जो तीव्र वर्षा और बाढ़ के अथक प्रभाव को उजागर करता है। 2024 की भारत जलवायु रिपोर्ट भी एक महत्वपूर्ण डेटा अंतर की ओर इशारा करती है। जबकि भारतीय मौसम विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने गर्म रातों जैसी घटनाओं पर नज़र रखने में प्रगति की है, लेकिन इसमें पूर्ण तापमान बेंचमार्क का अभाव है, जिसका उपयोग कई अन्य देश जलवायु डेटा की सटीकता को बढ़ाने के लिए करते हैं। जलवायु से संबंधित नुकसानों पर व्यापक, वास्तविक समय के डेटा की कमी प्रभावी योजना और संसाधन आवंटन में बाधा डालती है, खासकर संवेदनशील क्षेत्रों में। कई कारकों ने भारत की भेद्यता में योगदान दिया है, जिन्हें संबोधित किया जाना चाहिए। असंतुलित विकास, जलवायु प्रभाव के प्रति कम सम्मान और पहाड़ियों में बेतहाशा निर्माण की अनुमति देना बंद होना चाहिए। %खराब विकास% का यह पैटर्न प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को और खराब करता है, खराब बुनियादी ढांचे या अनियोजित शहरी फैलाव वाले क्षेत्रों को उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में बदल देता है। जैसे-जैसे दुनिया पूर्व-औद्योगिक स्तरों से ऊपर 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि की खतरनाक सीमा के करीब पहुंच रही है, भारत की स्थिति प्रभावी जलवायु नीतियों, शमन रणनीतियों और सार्वजनिक जागरूकता की तत्काल आवश्यकता का संकेत देती है। %भारत जलवायु रिपोर्ट 2024% जलवायु निष्क्रियता की बढ़ती लागतों की एक गंभीर याद दिलाती है। एक सामूहिक और तत्काल प्रतिक्रिया की आवश्यकता है, जिसमें बेहतर डेटा संग्रह, टिकाऊ शहरी नियोजन और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से नीतियां शामिल हों। तभी भारत अपने लोगों और पर्यावरण की रक्षा करने की उम्मीद कर सकता है।

# ट्रंप के साथ 'अमेरिका प्रथम' की वापसी

ट्रंप का दूसरा कार्यकाल गठबंधनों को नया आकार देने और अमेरिका-भारत संबंधों, जलवायु नीति और वैश्विक ऊर्जा बाजार सहित महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावित करने का वादा करता है।

**वीके बहुगुणा**
(लेखक, भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी हैं)

डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करके इतिहास रच दिया है। उन्होंने 292 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हासिल किए हैं और मीडिया की पसंदीदा उम्मीदवार कमला हैरिस को हराया है। उनकी शानदार जीत एक महत्वपूर्ण वापसी का संकेत है और इसने वैश्विक स्तर पर इस बात पर बहस को फिर से हवा दे दी है कि उनका दूसरा कार्यकाल क्या लेकर आएगा। यह चुनाव बिना किसी ड्रामे के नहीं था, क्योंकि 15 सितंबर, 2024 को ट्रंप पर हत्या का प्रयास किया गया था, जिसमें शक्तिशाली हित समूहों द्वारा उनके पुनर्निर्वाचन को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने के आरोप लगाए गए थे।

जीत को प्रभावशाली हस्तियों के समर्थन से और आकार मिला, जिसमें भारतीय अमेरिकी विवेक रामास्वामी भी शामिल थे, जो एक पूर्व रिपब्लिकन उम्मीदवार थे और जिन्होंने ट्रंप का समर्थन किया था। रामास्वामी ने कहा, ट्रंप की वापसी अमेरिका की वापसी है, उन्होंने ट्रंप के बदमाश कमांडर-इन-चीफ के रूप में मजबूत व्यक्तित्व की सराहना की, जिसकी कई लोगों का मानना है कि अमेरिका को जरूरत है। ट्रंप के अभियान की सफलता का एक बड़ा हिस्सा एलन मस्क जैसे सहयोगियों से मिले वित्तीय सहयोग के कारण था, जिन्होंने कथित तौर पर अभियान में 119 मिलियन डॉलर का योगदान दिया था।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर मस्क की सक्रिय उपस्थिति और मीडिया आलोचना के खिलाफ ट्रंप का मुखर बचाव, विशेष रूप से टेक्सास, पेंसिल्वेनिया, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलिना और फ्लोरिडा जैसे स्विंग राज्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रंप और मस्क के बीच इस अपरंपरागत गठबंधन ने अटकलों और आश्चर्य को जन्म दिया है, यहां तक कि बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस जैसे विदेश में भी लोगों को प्रभावित किया है। पहले ट्रंप की आलोचना करने वाले यूनुस ट्रंप की सफलता के बाद अनिच्छुक प्रशंसक बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ट्रंप की वापसी से खुश हैं। दोनों नेताओं के बीच मधुर संबंध हैं, जो उनके मजबूत राष्ट्रवादी रुख में निहित आपसी समझ से चिह्नित हैं। हालांकि मोदी प्रोटोकॉल मुद्दों के कारण सितंबर 2024 में ट्रंप की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मिलने में असमर्थ थे, लेकिन ट्रंप की जीत भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करती है और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का सुझाव देती है। ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति संभवतः इस कार्यकाल में विदेशी संबंधों के प्रति उनके दृष्टिकोण को आकार देगी। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे इइइ और यूरोपीय संघ सहित सहयोगियों पर अपने रक्षा लागत का अधिक बोझ डालने के लिए दबाव डालेंगे। वे अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में अमेरिका की भागीदारी को कम कर सकते हैं, इसके बजाय अमेरिकी हितों के अनुरूप शांति समझौतों पर बातचीत करने का लक्ष्य रख सकते हैं।

यूक्रेन पर उनका रुख एक उल्लेखनीय उदाहरण है। ट्रम्प के फिर से चुने जाने का मतलब यूक्रेन के लिए अमेरिकी सैन्य और वित्तीय सहायता में कमी हो सकता है, संभवतः देश पर रूस के साथ शांति समझौते के लिए दबाव डाला जा सकता है - एक ऐसा विकास जो संघर्ष में महत्वपूर्ण कमी ला सकता है।

> यूक्रेन पर उनका रुख एक उल्लेखनीय उदाहरण है। ट्रम्प के फिर से चुने जाने का मतलब यूक्रेन के लिए अमेरिकी सैन्य और वित्तीय सहायता में कमी हो सकता है, संभवतः देश पर रूस के साथ शांति समझौते के लिए दबाव डाला जा सकता है। एक ऐसा विकास जो संघर्ष में महत्वपूर्ण कमी ला सकता है।

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में, ट्रम्प का ध्यान संभवतः चीन के प्रभाव को कम करने पर रहेगा और भारत इन प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। क्षेत्र में चीन के प्रति संतुलन के रूप में भारत का रणनीतिक महत्व ट्रम्प के दृष्टिकोण के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है। अमेरिका-भारत साझेदारी रक्षा, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विस्तारित हो सकती है। चीन से अमेरिकी विनिर्माण को पुनः स्थापित करने के लिए ट्रम्प का प्रयास भारत के लिए नए निवेश अवसर पैदा कर सकता है, खासकर फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च-विकास उद्योगों में। ऊर्जा सहयोग भी संभवतः अमेरिका-भारत संबंधों के लिए मुख्य आकर्षण होगा।

भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं के साथ, ट्रम्प का अमेरिकी ऊर्जा स्वतंत्रता पर ध्यान तेल, प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय प्रौद्योगिकियों में पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार की ओर ले जा सकता है, जबकि अमेरिकी फर्म भारत के ऊर्जा बुनियादी ढांचे में निवेश करने पर विचार कर सकती हैं। हालांकि, ट्रम्प की आव्रजन नीतियां, विशेष रूप से कुशल श्रमिकों के लिए एच-1बी वीज़ा के संबंध में, विवाद का विषय बनी रह सकती हैं।

जबकि ट्रम्प आम तौर पर अत्यधिक कुशल पेशेवरों का समर्थन करते हैं, वीज़ा पर और अधिक प्रतिबंध भारत को अपने स्वयं के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जिससे देश में अधिक विकास और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

जलवायु परिवर्तन वार्ता पर ट्रम्प का रुख विभाजनकारी रह सकता है। बहुपक्षीय जलवायु समझौतों के प्रति उनके संदेह को देखते हुए, वे एक बार फिर वैश्विक जलवायु समझौतों से अमेरिका को वापस ले सकते हैं। यह पेरिस समझौते जैसी पहलों की प्रभावशीलता को प्रभावित कर सकता है, जहाँ विकसित देशों ने विकासशील देशों का समर्थन करने के लिए ;100 बिलियन का वचन दिया है।अब तक, इस राशि का केवल एक अंश ही साकार हुआ है, जिससे वैश्विक जलवायु लक्ष्यों की दीर्घकालिक व्यवहार्यता के बारे में चिंताएँ बढ़ गई हैं। बिना किसी महत्वपूर्ण बदलाव के इन समझौतों का समर्थन करने में ट्रम्प की अनिच्छा जलवायु मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय संकल्प को कमज़ोर कर सकती है।

भारत आतंकवाद के खिलाफ़ ट्रम्प की नीतियों पर बारीकी से नज़र रखेगा, ख़ास तौर पर पाकिस्तान के बारे में, जो ऐतिहासिक रूप से इस क्षेत्र में आतंकवाद से जुड़ा हुआ देश रहा है। ट्रम्प की पिछली बयानबाज़ी और आतंकवाद के खिलाफ़ उनके कड़े रुख से पता चलता है कि वे भारत की चिंताओं के साथ तालमेल बिठा सकते हैं। पाकिस्तान पर अमेरिका का कड़ा रुख सीमा पार आतंकवाद के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को संबोधित कर सकता है, जिससे इस क्षेत्र में अमेरिका-भारत संबंधों को मज़बूती मिल सकती है।

अमेरिकी मीडिया के साथ ट्रम्प के जटिल संबंधों ने, ख़ास तौर पर 2024 के अभियान के दौरान, कहानी में एक और परत जोड़ दी। मस्क उन कुछ लोगों में से एक थे जिन्होंने एक्स पर ट्रम्प का खुलकर समर्थन किया, उन्होंने पक्षपाती मीडिया परिदृश्य की निंदा की जो अक्सर ट्रम्प की आलोचना करता था। इस दृष्टिकोण ने सोशल मीडिया पर मस्क के रणनीतिक प्रभाव से मज़बूत हुए स्विंग राज्यों में उनके मज़बूत प्रदर्शन में योगदान दिया हो सकता है।

जनवरी 2025 में जब ट्रंप व्हाइट हाउस में फिर से प्रवेश करने की तैयारी कर रहे हैं, तो दुनिया को इस बात का अनुमान है कि उनकी नीतियां किस तरह सामने आएंगी। उनके प्रशासन की प्राथमिकताओं से व्यापार और आव्रजन से लेकर अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों और जलवायु कार्रवाई तक, अमेरिका की घरेलू और विदेश नीति में महत्वपूर्ण बदलाव आने की उम्मीद है। वैश्विक नेता और नागरिक समान रूप से यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि शासन के प्रति ट्रंप का मुखर दृष्टिकोण विश्व मंच पर अमेरिका की भूमिका को कैसे पुनर्परिभाषित करेगा।

# विद्युत ऊर्जा - छत्तीसगढ़ में चुनौतियों से भरा एक शताब्दी का सफर

**विकास शर्मा**
प्रकाशन अधिकारी, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, रायपुर

**पॉवर कंपनी की स्थापना की रजत जयंती (15 नवंबर) पर विशेष लेख...**

बिजली है तो यह आधुनिक जीवन है। जल और वायु के बाद विद्युत मानों जीवन की अनिवार्यता हो गई है। लेकिन क्या आज की पीढ़ी इस बात को स्वीकार करेगी कि भारत में सिर्फ 150 वर्ष पहले यह विद्युत ऊर्जा शब्दकोष का हिस्सा भी नहीं था और छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में यह सिर्फ एक शताब्दी का मामला है। स्वतंत्रता के पश्चात देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए विद्युत ऊर्जा के महत्व को समझा गया और इसे गति प्रदान करने के लिए भारतीय विद्युत आपूर्ति अधिनियम 1948 लागू किया गया। उस दौर में छत्तीसगढ़, सेन्ट्र्ल प्राविंस तथा बरार प्रांत का हिस्सा था। छत्तीसगढ़ समेत पूरे प्रांत की राजधानी नागपुर थी जहाँ पहली बार 1905 में बिजली के बल्ब की रोशनी को लोगों ने देखा। लेकिन छत्तीसगढ़ को बिजली के लिए लगभग एक दशक का और इंतजार करना पड़ा।

**पहली बार आई बिजली :** छत्तीसगढ़ में पहली बार बिजली रायपुर और बिलासपुर में नहीं बल्कि अंबिकापुर में आई। यहाँ आज से एक शताब्दी पहले 1915 में लोगों ने बिजली से नगर को रोशन होते देखा। सारंगढ़ में 1924, छुईखदान में 1926, रायपुर और राजनांदगांव में 1928 , जगदलपुर और बैकुंठपुर में 1929, खैरागढ़ में 1930, रायगढ़ में 1931, बिलासपुर में अक्टूबर 1934 और जशपुर में 1941 में बिजली आपूर्ति के प्रमाण हैं। इन्हीं दशकों में बीजापुर, कांकेर समेत कई अन्य स्थानों पर छोटे पॉवर जनरेटरों के जरिए आवश्यक सेवाएं बहाल होती रहीं।

**चालीस के दशक में भूमिगत बिजली केबल :** रायपुर में कोलकाता की निजी कंपनी को विद्युत उत्पादन और वितरण का लाइसेंस दिया गया बाद में म्यूनिसिपल इलेक्ट्रीकल अंडरटेकिंग रायपुर ने इसे अपने हाथ में ले लिया। रायपुर के भाठागाँव तथा नयापारा में मौजूद पॉवर हाउस, बिजली का उत्पादन करते थे। इसमें सिर्फ 240 किलोवॉट बिजली बनती थी जिससे आवश्यक सेवाओं की बहाली की जाती थी। मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रविशंकर शुक्ल ने 15 अगस्त 1951 को रायपुर के गुढियारी में चार हजार किलोवॉट के पहले पॉयलट पॉवर स्टेशन (शासकीय पॉवर हाऊस) का लोकार्पण किया था। 1958 में इसकी क्षमता बढ़कर आठ हजार किलोवॉट हो गई थी पर 1965 में इस बिजली घर को बंद कर दिया गया। 1940 के दशक में भी बिजली के अंडरग्रांउड केबल बिछाए गए थे। भाठागाँव से नयापारा तक 6.6 किलोवोल्ट की साढ़े चार मील की लाइन में से 2.56 मील भूमिगत थी। संयुक्त रायपुर जिले का मानिकचौरी पहला गाँव है जहाँ 1956 में लोगों ने बिजली के बल्बों से घरों को रोशन किया।

**प्रदेश का 'विद्युत तीर्थ' :** छत्तीसगढ़ में विद्युत उत्पादन का पहला बड़ा पड़ाव 25 जून 1957 को आया जब तत्कालीन मुख्यमंत्री कैलाश नाथ काटजू ने कोरबा में एक सौ मेगावॉट क्षमता के कोरबा पूर्व ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना के लिए आधारशिला रखी। सच कहें तो इस संयंत्र की स्थापना, कोरबा को विद्युत तीर्थ के रूप में प्रतिस्थापित करने वाला कदम था। आज कोरबा में केन्द्र , राज्य और निजी क्षेत्र की कंपनियाँ हजारों मेगावॉट बिजली का उत्पादन कर रहीं हैं। वर्ष 2000 के आते तक छत्तीसगढ़ में उत्पादन तथा पारेषण की क्षमता तो अच्छी थी पर मध्यप्रदेश के दौर में वितरण की व्यवस्था में कभी प्राथमिकता नहीं मिली। आज की पीढ़ी उस उपेक्षा से अनभिज्ञ है। नई पीढ़ी उस अंधकार की पीड़ा से अनजान भी है। 1992 तक मध्यप्रदेश के 45 में से 17 जिले पूर्ण विद्युतीकृत हो चुके थे इसमें से छत्तीसगढ़ से एक भी जिला शामिल नहीं था। सिर्फ ढाई दशक बीते हैं और यादें बहुत धुंधली नहीं है जब शेष मध्यप्रदेश में रबी फसल को पानी देने के लिए संपूर्ण छत्तीसगढ़ की बिजली घंटों गुल रहा करती थी।

**राज्य गठन से बदली तस्वीर :** वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद गठित सरकारों ने अपनी ङ्क अपनी दलीय प्रतिबद्धताओं से परे ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाए रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। पहले मुख्यमंत्री अजीत प्रमोद जोगी ने साहसिक निर्णय लेते हुए 15 दिनों के अंदर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल का गठन (15 नवंबर 2000) कर दिया और उन्होंने राज्य के हितों से समझौता नहीं करने का स्पष्ट संदेश दिया। दिसंबर 2003 के बाद डॉ रमन सिंह का नेतृत्व, ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश के लिए मानो स्वर्णिम युग कहा जाएगा। पॉवर सरप्लस स्टेट का दर्जा हासिल करने से लेकर अधोसंरचना का अभूतपूर्व कार्य अपने कार्यकाल में पूर्ण कराया। शासकीय से लेकर निजी भागीदारी से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता को 20 हजार मेगावॉट तक ले जाने में सफलता पाई। डॉ रमन सिंह के बाद भूपेश बघेल ने ऊर्जा क्षेत्र में चल रही सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया।

**संवारेंगे साय, बनायेंगे शक्ति समर्थ :** अब प्रदेश और ऊर्जा विभाग की बागडोर एक संवेदनशील राजनेता विष्णुदेव साय के हाथों में है। विकसित होते छ्त्तीसगढ़ की जरूरतों को मुख्यमंत्री साय ने भलिभांति समझा है और दूरगामी निर्णयों की शुरूआत कार्यकाल के प्रारंभिक समय में ही कर दी है। आज प्रदेश का हर घर रोशन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप अब प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा का भी हब बनाने का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने निर्धारित कर दिया है। राज्य की पॉवर कंपनी ने भी इस दिशा में अपने कदम तेजी से बढ़ा दिए हैं। विद्युत ऊर्जा का यह सफर जो छत्तीसगढ़ में एक शताब्दी से कुछ अधिक समय पूर्व शुरू हुआ था वो निरंतर आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ अब पूरे देश के लिए ऊर्जा प्रदेश और पॉवर हब बन चुका है। यह हमें गर्व की अनुभूति के साथ जिम्मेदारी का एहसास कराता है। आइए, हम अतीत के 'अंधकार' से किए गए संघर्षों, त्याग और दूरदर्शी निर्णयों से मिली सफलताओं की 'किरणों' को पहचाने और एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें जिसमें आने वाली पीढ़ी हमें किसी 'ज्योति पुंज' की तरह स्मरण कर सके।

## आप की बात

### बट रही रेवड़ियां

**महोदय**, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संविधान बढ़ चढ़कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की घोषणा कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार की आर्थिक सर्वेक्षण संस्था केग ने इन राज्यों को चेतावनी दी है कि इन पर चढ़ने वाला कार्य निर्धारित सीमा से बहुत बाहर होगया है।जिसके ब्याज की राशि ही ही 85000 करोड़ रुपए देना होगी। और मुफ्त की रेवड़ियों की राशि मैं हो रही वृद्धि करने के बाद इन राज्योंकी हालत इतनी दयनीय हो जाएगी बड़े निर्माण कार्य करवाना तो ठीक जनता को प्राथमिक सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भी कर्जलेना पड़ेगा। ,मुफ्त का चंदन, घीस मोर नंदन, की प्रवृत्ति को त्यागना होगा होगा जिसकी अपेक्षा राजनीतिक दलों से करनाव्यर्थ है। इसके लिए चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट को मिलकर ही मुफ्त की रेवड़ियों को मतदाताओं को दी जाने वाली रिश्वत मानना होगा। या फिर अपने पार्टी फंड से मुफ्त की रेवड़ियां बांटे। क्योंकि चुनाव जीतने के बाद भी यह पैसा उन नेताओं के घर से नहीं चुकाया जाना है। इसका भार तो जनता पर ही पड़ेगा। और वह भी उस जनता पर जो मुफ्त की रेवड़ियां लेने की श्रेणी में नहीं आती। और हैरानी की बात यह है कि जनता मुफ्त की रेवड़ियों के लिए अपना कीमती वोट देकर अयोग्य लोगों को सत्ता सौंप देती है!

**- सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### साधुत्व को समझो खड़गे जी

**जबसे** यूपी के मुख्यमंत्री तथा गौरखपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भारत के लोगों को बटेंगे तो कटेंगे वाला नारा दिया है। तबसे भारत के विपक्ष की नींद उड़ गई है। देश के हर चुनाव में विपक्ष बटेंगे तो कटेंगे वाले नारे पर योगी आदित्यनाथ को घेरने की कोशिश कर रहा है।अभी कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रांची की एक चुनावी सभा मे योगी पर टिप्पड़ी करते हुए कहा कि एक साधु बटेंगे तो कटेंगे जैसी भाषा नही बोल सकता। उन्होंने ये भी कहा कि साधु का काम समाज को जोड़ने का है तोड़ने का नही। समझने की बात ये ही कि आखिर क्यों खड़गे सहित पूरा विपक्ष योगी के इस वक्तव्य से परेशान हो गया है।योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे वाले वक्तव्य में कोई कमी तो नजर नही आती।योगी के इस बयान पर योगी को समझाने व साधु के कार्य को बताने वाले खड़गे ने व अखिलेश सहित अन्य विपक्षी नेताओ ने साधु के इतिहास को ठीक से नही पड़ा। सनातन इतिहास में जब जब भी समाज मे कोई समस्या उतपन्न हुई उसके समाधान के लिए साधुओं सन्यासियों ने ही आगे बढ़कर समाज को एक करके उसका समाधान किया है। प्राचीन इतिहास में देखेंगे तो भगवान श्रीराम को युवा अवस्था विस्वामित्र जंगल मे राक्षसों को मारने के लिए लाए। हमारे बंटने के कारण ही देश कई हिस्सों में बंट गया।

**- ललित शंकर**, गाज़ियाबाद

### मणिपुर में अशांति

**अगर** मणिपुर में किसी विपक्षी पार्टी की सरकार होती तो क्या उसे केंद्र सरकार चलने देती ? क्या उसे अबतक बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन नहीं लगा दिया जाता? इन दोनों सवालों का उत्तर है हां, कोई भी विपक्षी सरकार होता तो उसे एक साल पहले ही अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल करके गिरा दिया जाता। मगर विडंबना देखिये, डबल इंजन होने का फायदा मुख्यमंत्री बिरेन सिंह को मिल रहा है। मणिपुर के ज़िरीबाम ज़िले में, सोमवार शाम को ही अनिश्चतकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह कर्फ्यू ज़िले में, संदिग्ध कुकी चरमपंथियों के साथ मुठभेड़ के बाद लगाया गया है। इसमें 10 के करीब कुकी लड़ाके मारे गए हैं। केंद्र सरकार का एक खाशियत है, इसका विचार जिस किसी भी गुट के साथ अगर नहीं मेल खाता है तो, ये सरकार उस गुट के लोगों को अलगाववादी कह देती है। दो सौ से ज़्यादा लोगों की मौत, एक लाख से ज़्यादा विस्थापित, लोगों के घर जलाए गए, दुकानें जलाई गईं, चर्च जलाए गए, महिलाओं के नंगा घुमाया गया उनके साथ बलात्कार किया गया। आधुनिक विश्व का यह पहली घटना है जब किसी एक प्रांत में ढाई सौ से अधिक गिरजा घरों को तोड़ा गया, उन्हें आग के हवाले किया गया। अमेरिका के राजदूत ने तो यहां तक कह दिया अगर भारत चाहेगा तो वो मणिपुर में शांति स्थापित करने में सहयोग कर सकता है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### भारत को अनदेखा न करें

**मजबूत** होती अर्थव्यवस्था के चलते अब दुनियां की महाशक्तियां भी भारत को सूपर पावर स्वीकारने लगी है। आर्थिक रूप से लगातार मजबूती की और बढ़ती अर्थव्यवस्था के अलावा भारत कूटनीति रूप से विभिन्न देशों के विरुद्ध अपनी साफ सुथरी छवि भी कायम कर चुका है। क्षेत्रीय और वैश्विक सम्मेलनों में भारत ने जिस प्रकार सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग और सामंजस्य स्थापित किया है उसे नए समीकरण बने हैं। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और संजोकर रखी सनातन संस्कृति की धरोहर ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने दुनियां का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इसके अतिरिक्त कूटनीतिक स्तर पर भी भारत वैश्विक स्तर पर व्याप्त जटिल समस्याओं के सर्वमान्य समाधान निकालना में एक दमदार पक्ष साबित हुआ है। ऐसे में भारत का संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थाई सदस्यता का दावा और पुख्ता हुआ है। रूस तो कई बार इसकी वकालत भी कर चुका है। भारत की उन्नति, तमाम वैश्विक प्रयासों और उपलब्धियों के मद्देनजर अन्य मित्र राष्ट्र भी संयुक्त राष्ट्र संघ के लिए भारत की पैरवी करें तो उचित रहेगा।

**-अमृतलाल मारू रवि**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# आज से धान उपार्जन केंद्र किसानों से होंगे गुलजार

## किसानों को मिलना शुरू होगा उनकी मेहनत का लाभ

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा ज़िले में 14 नवम्बर (गुरुवार) से ज़िले के 129 धान उपार्जन केंद्र किसानों से गुलज़ार होंगे। सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। किसानों को उनकी मेहनत का सम्मान व लाभ मिलने की शुरुआत होगी, यानि धान की ख़रीदी शुरू हो जाएगी। गुरुवार से शुरू होने वाली धान खरीदी को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली है। धान खरीदी में लघु व सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन व बड़े किसानों को तीन टोकन की पात्रता होगी। इसके साथ ही खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए इलेक्ट्रानिक तराजू से ही तौल किया जाएगा। समितियों में किसानों की सुविधा के लिए 'माइक्रो एटीएम' की व्यवस्था भी है। किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में आएगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उपार्जन स्तरीय नोडल अधिकारियों को मानसिक व शारीरिक रूप से धान ख़रीदी के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने कहा। किसानों को कोई परेशानी, असुविधा ना हो इसका खयाल रखने कहा। उपार्जन केंद्रों में छाया-पानी की व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से सुगम धान ख़रीदी के लिए सतर्क रहकर सौपे गये दायित्वों का पालन करने की बात कही। ताकि किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो। धान एवं मक्का का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान की खरीदी विगत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में संचालित और नवीन बनाए गए खरीदी केन्द्रों में की जाएगी। इस प्रकार ज़िले की 102 सहकारी समितियों के सभी 129 ख़रीदी केंद्रों में धान उपार्जन किया जाएगा। 14 नवंबर को धान खरीदी के लिए 2800 किसानों के टोकन काटे गए है । इन किसानों से 14617 मी. टन धान खरीदा जाएगा। ज़िले में खरीफ सीजन 2024-25 में जिले में अब तक 1 लाख 64 हज़ार 733 किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया हैं। पिछले साल 158529 किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया था। जिनका रक़बा 1 लाख 85 हज़ार 928 हेक्टेयर था, जो बढ़कर इस साल 1 लाख 89 हज़ार हेक्टेयर हो गया है। इस साल धान ख़रीदी का अनुमानित लक्ष्य 934687 मैट्रिक टन है । इस साल 7931 नये जुड़े है । पिछले साल 5529 बढ़े थे ।

### पिछले साल अनुमानित लक्ष्य 802842 मैट्रिक टन था

भारत सरकार द्वारा इस वर्ष 2024-25 के लिए औसत अच्छे किस्म के कॉमन धान के लिए 2300 रूपए और ए-ग्रेड धान के लिए 2320 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य तय किया गया है। पिछले साल 23-24 के लिए औसत अच्छे किस्म के कॉमन धान के लिए 2183 रूपए और ए-ग्रेड धान के लिए 2203 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य तय था । समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी कल 14 नवम्बर से 31 जनवरी 2025 खरीदी की जाएगी । राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त ा संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी दिशा-निर्देशानुसार धान खरीफ वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ लिंकिंग सहित निर्धारित की गई है। इस बार भी धान ख़रीदी कार्य में पारदर्शिताके लिए बायोमेट्रिक आधारित खाद्यान्न उपार्जन प्रक्रिया से किया जायेगा। धान और मक्का खरीदी की समस्त राशि का भुगतान किसानों के खाते में डिजिटल मोड से किया जाएगा। जारी आदेश में कहा गया है कि धान उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। भारत शासन की नवीन बारदाना नीति अनुसार धान उपार्जन एवं चावल जमा करने हेतु बारदाने की आवश्यक व्यवस्था करनी होगी। नीति अनुसार धान की खरीदी नए और पुराने बोरों में की जाएगी।

## गौरी-गौरा महोत्सव मे शामिल हुए विधायक साहू क्षेत्रवासियो के मंगलकामना के लिए की प्रार्थना

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एकादशी, देवउठनी की रात बेमेतरा नगर सहित पुरे विधानसभा के अलग-अलग गावों में परंपरानुसार गौरी-गौरा विवाह का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मिट्टी के बने गौरी-गौरा, जिन्हें शिव-पार्वती का प्रतीक माना जाता है को स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। लोक गीतों और नृत्य के बीच उनका विवाह कराया गया। बुधवार के दिन गौरी-गौरा का विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा भी निकाली गई। 13 नम्बर को सुबह विधायक दीपेश साहू बेमेतरा नगर के विभिन्न वार्ड 14 ,वार्ड 15 ,गौरव पथ रोड, नवापारा गौड़ धर्मशाला, वार्ड 18 कलिका कालिका मंदिर, बाजार पारा, शिविल लाइन पारा वार्ड , मोहभट्ठा वार्ड, मानपुर वार्ड नम्बर 02, सुन्दर नगर, सहित विभिन्न स्थानों मे पहुंचकर गौरा गौरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगलवार बुधवार को लगभग 10 से 12 गौरी गौरा पूजन आयोजनों में भी विधायक शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने कहा कि गौरा गौरी पूजन की यह परंपरा प्राचीन छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई है, जहां मिट्टी से भगवान शिव और पार्वती की मूर्तियां बनाकर उनकी बारात निकाली जाती है। इस बारात में रात भर भक्त नाचते गाते हैं। मूलतः यह परंपरा आदिवासी समाज द्वारा शुरू की गई थी, लेकिन अब सभी समुदाय और जाति के लोग इसमें भाग लेते हैं।अंत मे विधायक साहू ने समस्त क्षेत्रवासी और नगर वासियों को एकादशी पर्व, गौरा गौरी विवाह की बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए समस्त जनता जनार्दन कि मंगलकामना के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकाश तम्बोली, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, युगल देवांगन, रेवा राम निषाद, गौरव साहू, ओमकार साहू, निखील साहू, देवराम साहू पार्षद, प्रवीण नीलू राजपूत पार्षद, दीनानाथ साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, पिंटू साहू, सहित भाजपा कार्यकर्त्ता नगरवासी उपस्थित रहे ।

# सवा 6 लाख की सोने चांदी के जेवरात चोरी को पुलिस ने चंद घंटो में सुलझाया, 2 आरोपी गिरफ्तार

## आदतन चोरों को जेल से रिहा होने के बाद फिर से चोरी के मामले में किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के दल्लीराजहरा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। करीबन सवा 6 लाख की सोने चांदी के जेवरात चोरी को पुलिस ने चंद घँटों में सुलझाया है। घटना में शामिल 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वही चोरी किये गए सभी समान को जब्त किया गया है। बताया गया है कि आरोपियों ने जेल से रिहा होने के बाद फिर से चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार दल्लीराजहरा नगर निवासी महेन्द्र प्रताप मौर्य ने लिखित शिकायत दिया उनके लड़के रविन्द्र मौर्य नवरात्रि के समय से स्वास्थ्य खराब चल रहा था, जिसका डॉक्टर से ईलाज कराने के बाद भी ठीक नहीं होने पर 8 नवंबर 2024 की शाम करीबन साढ़े 7 बजे ईलाज कराने परिवार सहित जुंगेरा के मीरा दतार मजार लेकर गए थे। रात में घर का लाईट जलाने के लिए मेरे पडोस में रहने वाली सावित्री यादव को बाहर का चाबी देकर गया था। तभी 12 नवंबर को सुबह 8 बजे पडोसी सावित्री यादव ने फोन कर बताया की घर के सामने का ताला टूटा हुआ है, तब घर पहुंच कर देखा तो घर के सामने का दरवाजा का लॉकर को छेड़छाड किया गया था, जो खुला नही था, तब अपने पास में रखे चाबी से दरवाजा को खोलकर अंदर जाकर देखा तो घर के कमरा के उपर के सीट को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ दिया था, तो कमरा में पेटी के अंदर पुरानी इस्तेमाली सोने चांदी के जेवरात को रखने का डिब्बा, पर्स मे रखे थे, पेटी का सामान बिखरा हुआ था, सोना चांदी का रखने का डिब्बा एवं पर्स वही पर खाली पडा था।

### घर के एसबेस्टस सीट को तोडकर घर में घुस की गई चोरी

पेटी में रखे सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठी, लॉकेट समेत अन्य ज्वेलरी जिसकी कुल कीमत 6 लाख 23 हजार 600 रूपये का सामान वहां नही था, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात में घर के कमरा के शीट को तोडकर अंदर प्रवेश कर रखे सामान को चोरी कर ले गया है। चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी एसआर भगत के मार्गदर्शन में दल्लीराजहरा पुलिस ने संदेही उत्तम देशमुख उर्फ पदरू जो दो माह पूर्व भी जेल से रिहा होकर आया है उसको पुछताछ के लिये थाना लाया गया, जो घटना को अपने साथी देशमुख यादव के साथ दिनांक 11-12 नवंबर की दरम्यानी रात घर के मुख्य दरवाजा को तोडने का प्रयास किये नहीं टूटने पर एसबेस्टस सीट को तोडकर घुसकर सोने चांदी का जेवरात व नगदी रकम चोरी करना स्वीकार किये। आरोपी उत्तम देशमुख चोरी के सोने चांदी के जेवरात को अपने घर के आलमारी में रखा था व नगदी रकम 1 हजार 500 रूपये खर्च करना बताया व 1500 रूपये साथी आरोपी देशमुख यादव को देना बताया। आरोपी उत्तम देशमुख से उपरोक्त संपूर्ण सोने चांदी के ज्वेलरी सामान को उसके घर के आलमारी से बरामद किया गया एवं आरोपी देशमुख यादव से चोरी के बटवारे के 1 हजार 500 रूपये को भी पुलिस ने बरामद किया गया। वही प्रकरण में आरोपियों की गिफ्तारी एवं सोने चांदी के जेवरात की बरामदगी कार्यवाही में थाना राजहरा से निरीक्षक सुनील तिर्की, सउनि सूरज साहू, कांताराम घिलेन्द्र, आरक्षक मनोज साहू, छन्नू बंजारे, शेरअली, योगेश सिन्हा, प्रवीण राजपूत, सुरेन्द्र देशमुख, गिरधर साहू की सराहनीय भुमिका रही है ।

## हरप्रसाद बने भाजपा मध्य मंडल के सक्रिय सदस्य

उतई। भारतीय जनता पार्टी मध्य पाटन मंडल के ग्राम ढौर निवासी हरप्रसाद आडिल ने भाजपा में 106 ऑनलाइन सदस्य जोड़ कर स ि य सदस्य बने हैं। इसके पूर्व 2005 से 2010 तक जनपद पंचायत पाटन के जनपद सदस्य के रूप में कार्य कर चुके है। तब से आज तक विभिन्न गतिविधियां जैसे सामाजिक, राजनीतिक, कृषि, शिक्षा, समाजसेवा, स्वयं सहायता समूह, महिला सशक्ति करण, पर्यावरण, युवक कल्याण इत्यादि क्षेत्र में कार्य किया है। श्री आडिल दलित समाज के गरीब घर में पैदा होकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर परिवार व समाज में नाम रोशन कर रहे है। अभी वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर संगठन में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, मुड़पार शक्ति केंद्र प्रभारी रहकर पिछला विधानसभा व लोकसभा में पार्टी प्रत्याशी विजय बघेल के लिए कार्य किया है। इससे प्रभावित होकर राज्य में सरकार बनने के बाद विजय बघेल सांसद दुर्ग व जिला भाजपा के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के प्रयास से जिला श्रम विभाग में सदस्य के रूप में नियुक्ति कलेक्टर दुर्ग से मिल चुका है। हर प्रसाद आडिल के स ि य सदस्य बनने पर शक्ति केंद्र मुड़पार के संयोजक भोजराम यादव दानी रामसोनबोईर, रूपेश साहू (ढौर), दिलीप सिंहा, संजय वर्मा, बैसाखू सिंहा (महकाकला), विजय वर्मा (महकाखुर्द), हितेश सिन्हा( परेवाडीह) सहित समस्त कार्यकर्ता व वरिष्ठ नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# विधायक ललित चंद्राकर सक्रिय सदस्य बनाने में जुटे

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

सदस्यता अभियान 2024 और सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों पुरई , धनोरा, उतई, डूमरडीह, कातरों, मातरो, करगाडीह, में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर घर घर पहुंचकर भाजपा के विचारों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को साझा करते हुए क्षेत्रवासियों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया, जिससे संगठन को और मजबूती मिली। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से यह अभियान एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा, 'पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के कई मौके मिलेंगे। पीढ़ियों की तपस्या का है फल आज बीजेपी सबसे बड़ा दल बनी है तो इसमें हमारी कई पीढियां की तपस्या रही है. विचारधारा पर आधारित एकमात्र राजनीतिक दल बीजेपी है. हमारी सरकारें अपने विचारों पर आधारित कार्य करती है। भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा को लेकर काम कर रही है वो भारत को विश्व गुरु बनाने का है. भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, हमारे प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है. हम पिछले कुछ वर्षों का चुनाव देखें जिसमें विधानसभा हो या लोकसभा सभी में हमारे कार्यकर्ताओं का योगदान बेहतरीन रहा. बीजेपी का कार्यकर्ता यदि निष्ठा से कार्य करता है तो उसे उसका लाभ मिलता है। शासन की योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य जब शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है तो उनका पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री राजू जंघेल, सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, शुभम वर्मा, करण सेन,कन्हैया साहू, शीतला राजपूत नीलम गड़े,विमला कामड़े, रूपेश पारख, फलेंद्र सिंह राजपूत, ममता चंद्राकर संगीता रजक सुनीता वर्मा,मनमोहन साहू दुर्गेश साहू, विक्की चंद्राकर, केशव महिपाल, विनय गुप्ता पंकज साहू, अभिषेक कुमार, तोषण तारक पिंटू महेंद्र चोपड़ा,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# व्यापारी संघ के नेतृत्व में किए गए आंदोलन के बाद नगर में केंद्रीय विद्यालय शुरू होने का रास्ता साफ

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राजहरा व्यापारी संघ के नेतृत्व में किए गए आंदोलन के बाद नगर में केंद्रीय विद्यालय शुरू होने का रास्ता साफहोता दिख रहा है। इस आंदोलन में व्यापारी संघ के अलावा नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन एवं ट्रेड यूनियन के लोगों ने भी सहयोग दिया था। इन सभी के प्रयास से ही नगर नगर में केंद्रीय विद्यालय शुरू होने की कवायद आरंभ हो रही है। केंद्रीय विद्यालय की सौगात राजहरा को मिलने का सपना लगभग पूरा होने जा रहा है। 13 नवबंर को दूसरी बार रायपुर से आई टीम दल्ली से डौन्डी जाने वाले मार्ग पर गोटूलमुंडा(चोहरा पड़ाव ) के पास स्थित रिक्त पड़े शासकीय 4 हेक्टेयर भूमि का निरीक्षण किया। इससे पहले भी टीम ने इस जगह का अवलोकन किया था। रायपुर की टीम ने बीएसपी हाई स्कूल नंबर 2 में भवन निर्माण तक अस्थाई रूप से इसे संचालित करने के लिए भी निरीक्षण किया। केंद्रीय विद्यालय रायपुर संभाग के सहायक आयुक्त विवेक चौहान , बीएमवाय चरोदा प्रिंसिपल प्रभा मिंज, एसडीएम आरके सोनकर, तहसीलदार हिंसाराम नायक, नायाब तहसीलदार दीपक चंद्राकर, सौरभ जायसवाल जेई सीपीडब्ल्यूडी, उपसरपंच अनिल मिश्रा, राजहरा व्यापारी संघ से अशोक लोहिया, रमेश मित्तल,अजय अग्रवाल, महावीर जैन, आलोक गुणधर, अमित जायसवाल, चिखली सरपंच अहिल्या बाई रावटे एवं कई नागरिकों के समक्ष ग्राम गोटूलमुंडा में केंद्रीय विद्यालय हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया। राजहरा व्यापारी संघ ने केंद्रीय विद्यालय दल्ली राजहरा में खुलने के लिए प्रयास करने पर सांसद भोजराज नाग, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम तहसीलदार का भी आभार व्यक्त किया है।राजहरा की बहुप्रतीक्षित मांग राजहरवासियों की मेहनत से लगभग तय हो गया है। संघ ने इसके लिए सभी राजहरावासियों का आभार व्यक्त किया है जो इस आंदोलन में संघ का साथ दिया। वहीं राजहरा व्यापारी संघ के प्रयास से नगर के पुराना बाजार चौक, पेट्रोल पंप चौक, बस स्टैंड चौक, श्रमवीर चौक में क्रेडा के द्वारा हाई मास्क लाइट लगाया जाएगा। इसके अलावा नगर के विभिन्न वार्डों में पेयजल सुलभ कराने के लिए राजहरा व्यापारी संघ ने कलेक्टर से मांग की थी जिसे तत्काल सीएमओ को आदेश देकर निरीक्षण कराया गया और प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है नगर के सभी वार्डों में बीएसपी का पेयजल सुलभ हो पाएगा।

## पहंडोर सोसायटी में किसान कुटी का निर्माण कार्य अत्यंत स्तरहीन, ठेकेदार ने पुराना दरवाजा लगाया

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

सहकारी समिति पहंडोर में 15 लाख रुपये की लागत से मंडी बोर्ड द्वारा किसान कुटी की स्वीकृति हुई है। जिसका निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा एक साल बाद भी काम पूरा नही किया गया है। जिसको लेकर किसानों में काफी रोष है। किसानो के लिये बनाये जा रहे शौचालय में नए की जगह प्लास्टिक का पुराना दरवाजा लगाया गया है। आज से धान खरीदी शुरू होगा। लेकिन न तो यहां पर पानी की ब्यवस्था हुई है। न ही नल लगाया गया है।छत पर टंकी रख दी गई है।लेकिन पाइप लाइन का भी काम अधूरा है।पूरा निर्माण कार्य स्तरहीन व घटिया किया जा रहा है। जिसके काम पूरा होने के पहले ही जांच की मांग होने लगी है।

मंडी बोर्ड से किसान कुटी का निर्माण हेतु 15 लाख रुपये स्वीकृत हुआ है।लेकिन ठेकेदार स्तरहीन कार्य कर रहा है। दरवाजा भी पुराना लगाया गया है।इसकी जांच होना चाहिए।
पुरुषोत्तम तिवारी
**पूर्व अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति पहंडोर**

किसान कुटी का निर्माण कार्य शुरु से घटिया व स्तरहीन हो रहा है। मैंने पहले ही इसकी जानकारी सोसायटी अध्यक्ष को दे दी थी।
**पुरुषोत्तम् मढरिया**
**सरपंच, ग्राम पंचायत पहंडोर**

किसान कुटी का कार्य अभी तक पूरा नही हुआ है। जबकि 14 नवंबर से धान खरीदी होगा। कार्य शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।
**हेमंत तिवारी**
**प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति,पहंडोर**

# जनदर्शन में मिले आवेदनों का निराकरण पूरी तत्परता से करे अधिकारी-कर्मचारी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पूरे आशा और विश्वास के साथ कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचते हैं। इसलिए हम सभी अधिकारी-कर्मचारियों का यह दायित्व बनता है कि कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदनों का परीक्षण कर पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ उसके निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिससे कि आम जनता को बार-बार शासकीय कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात करने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा भी उपस्थित थे। जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पापरा निवासी भोजकुमार देशमुख ने प्रधानमंत्री आवासा योजना ग्रामीण से लाभान्वित कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम मेड़की निवासी द्रौपदी बाई ने अपने घर में शौचालय निर्माण करने, पाकुरभाट निवासी दिव्यांग रामेश्वर सिंह ने ई-रिक्शा प्रदान करने, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के बड़गांव निवासी भागवत साहू ने अपने पुत्री कुमारी ईशा साहू का शाला के दाखिल-खारिज का नाम सुधरवाने तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मटिया बी निवासी सरिता ठाकुर ने अपने पति के मृत्यु के पश्चात सहायता राशि प्रदान करने की मांग की।

# जर्जर हुई सड़क कुम्ही से ग्रामीणों ने किया पैदल मार्च

## भिम्भौरी से कुम्ही सड़क मार्ग बनवाने ग्रामीणों ने तहसीलदार से की शिकायत

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम भिंभौरी से कुम्ही के सड़क जर्जर होने से ग्रामीण परेशान हो कर पैदल चल कर भिंभौरी के तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा वैसे तो पूरी छत्तीसगढ़ में सड़कों का जाल बिछ चुका है परंतु कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र आज भी हैं जहां पर सड़क की कमी के कारण पूरे गांव का आवागमन बाधित है गांव का विकास केवल सड़क के नाम से नहीं हो रहा है । इसी बीच बेमेतरा जिला अंतर्गत भींभौरी तहसील के भिभौरी से कुम्ही जाने वाले मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं अथवा ना की बराबर है जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने मार्ग को बनाने हेतु गांव से लेकर भिम्भौरी तहसील तक पैदल मार्च किया व तहसील में पहुंचकर ज्ञापन भी दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा समाज सेवक मनीष वर्मा ने बताया कि सड़क की वजह से पूरे गांव का विकास कार्य बाधित है एक छोटे से राशन सामान से लेकर पूरी इंफ्रास्ट्रक्चर तक गांव में नहीं पहुंच पा रही है जिसका प्रमुख कारण भिम्भौरी से कुम्ही मार्ग की सड़क है। ज्ञात हो इस मार्ग में 2 शमशान घाट एवं 1 स्कूल हैं इस मार्ग से प्रतिदिन ग्राम कुम्हि,भींभौरी, सिलघट, ढाबा, देवसरा के ग्रामवासी आना-जाना करते हैं। इस सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लगातार घटनाएं हो रही हैं। जिससे तंग आकर ग्रामीणों ने ग्राम कुम्हि से भींभौरी तक पदयात्रा कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही 7 दिवस का अल्टीमेटम भी दिया अगर इस 7 दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो आगे चरणबद्ध आंदोलन करने की पूरी तैयारी ग्रामीणों ने किया भी है। इस प्रदर्शन में मनीष वर्मा,मनोज वैष्णव ,दुर्गेश वर्मा, खिलु श्रीवास, चंदन वर्मा, निर्मला साहु, परमिला साहु, संगीता निषाद, रिंकू साहू, देवांश वर्मा सहित गांव के ग्रामीणों का सहभागिता रही ।

# भाजपा सरकार किसानों के घर 14 नवंबर से करेगी खुशियों की बारिश

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन ने कहा कि जिले सहित छत्तीसगढ़ में इस वर्ष धान का विपुल उत्पादन देखा जा रहा है। इससे किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है साथ ही भाजपा सरकार द्वारा एक मुस्त 3100 रुपए भुगतान किए जाने की घोषणा से भी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा हैं। इतना ही नहीं ऐन धान खरीदी सीजन में समिति कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने से भी खुशी की लहर है। भाजपा नेता स्वाधीन जैन ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों की सदैव हितैषी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खाते में दो-दो हजार करके सालाना 6000 रुपये प्रदान करने से किसान पहले ही खुश है और यह राशि उनकी खेती की दशा सुधारने के लिए सहायक है। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार 14 नवंबर से सेवा सहकारी समितियां उनके उपार्जन केंद्रों में 3100 रुपये क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी करने जा रही है। यह राशि भी बहुत जल्द मिलेगी और किसान पुराना कर्ज छूट सकेंगे कर्ज नहीं है तो कोई बड़ा कृषि यंत्र ट्रैक्टर ट्राली रिपर हार्वेस्टर आदि खरीद सकेंगे। स्वाधीन ने कहा कि किसान भाई बहन इन दिनों हरुना और माई धान की फसल काट, मिंजाई कर घरों में सहेजकर रख रहे हैं ताकि 14 नवंबर से सेवा सहकारी समिति कार्यालय एवं उनके धान उपार्जन केंद्र खुलने के साथ टोकन लेकर बेचा जा सके फिलहाल जिन किसानों को तुरंत नगद राशि चाहिए वह मंडी में अच्छे कीमत पर बेच पा रहे हैं। इसलिए किसानों में रेट को लेकर प्रसन्नता व्याप्त है।

# पुलिस ने बचाकर समझाईश देकर भेजा था घर, जान देने का था इरादा, रात में झूल गया फांसी के फंदे पर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गोपालपुर में एक ऐसी घटना सामने आई है। जिससे यह बात साफहो जाती है कि जिसकी मौत आती है उसे कोई रोक नही सकता। ठीक ऐसा ही वाक्या ग्राम गोपालपुर के रहने वाले हरिशंकर के साथ हुआ। उसे कल सुबह पुलिस ने गांव के ही एक पेड पर फांसी लगाने के दौरान सुरक्षित उतार लिया गया था और समझाईश के बाद बकायदा हरिशंकर को घर भेजने के बाद राहत की सांस ली थी लेकिन उसी हरिशंकर ने देर रात अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर के डायल 112 को कल सूचना मिली थी कि ग्राम गोपालपुर में रहने वाला हरिशंकर घरेलू झगडे के कारण अपनी पत्नी द्वारा घर छोड़ने से इतना परेशान था कि वह गांव के ही एक पेड पर चढ़कर बकायदा फांसी का फंदा जान देने की कोशिश कर रहा था और इस सूचना पर एक पुलिस टीम वहां भेजी गई और दो घंटे की कडी मशक्कत के बाद बस व सीढी की मदद से न केवल हरिशंकर को पेड से उतारा और उसके गले में फंसे फांसी के फंदे को अलग करके वापस समझाईश देते हुए घर भेजा था। लेकिन आज सुबह सूचना मिली कि हरिशंकर ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी है।

### तीन दिन पहले पत्नी गई थी मायके

मृतक हरिशंकर सिदार का भतीजा अनिल सिदार ने बताया कि उनके चाचा खेती किसानी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते आ रहे थे और उनकी एक बेटी भी जो कि डिग्री कालेज में अध्यनरत है। 3 दिन पहले किसी बात को लेकर झगड़े के बाद हरिशंकर सिदार की पत्नी और अपनी बेटी को लेकर अपने मायके पुजेरीपाली चली गई थी। जिससे क्षुब्ध होकर हरिशंकर सिदार पेड में चढ गया था जिसे पुलिस टीम ने उतारकर समझाईश देकर रात में घर भेज दिया था।

### पड़ोसियो ने देखा शव

सुबह मृतक के घर के बगल में निर्माणाधीन भवन में पानी डालते समय लोगों ने हरिशंकर को फांसी में लटकते देखकर गांव के ग्रामीणों के अलावा सरपंच को पूरे मामले से अवगत कराया। जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और फिर मृतक के परिजनों को घटना से अवगत कराया। सरपंच की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# हत्या के प्रयास मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

## कोतरारोड़ पुलिस ने भेजा न्यायिक रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुरानी रंजिश के चलते हुए मारपीट मामले के फरार आरोपी गोलू उर्फ राकेश महंत को कोतरारोड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक 13 अक्टूबर को मारपीट की घटना हुई थी, थाना कोतरारोड़ में नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा निवासी इसरार खान ने अपने छोटे भाई रियाज खान पर हमले की रिपोर्ट दर्ज कराया, इसरार ने बताया कि रियाज पर हुए हमले की सूचना उसके दोस्त कैलाश ने दी थी, जिसने सुबह 5 बजे फोन कर बताया कि घायल रियाज को अस्पताल लाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर इसरार और उसकी मां ने देखा कि रियाज को सिर, कान, और आंखों में गंभीर चोटें आई हैं, और उसका इलाज जिंदल अस्पताल पतरापाली में जारी है। 13 अक्टूबर को देर रात 2:30 बजे के करीब जब रियाज अपने दोस्त प्रकाश जाते और कुणाल पटेल के साथ रायगढ़ से लौट रहा था, तब सरायपाली ओवर ब्रिज के पास कोसमपाली निवासी समीर उर्फ राजा चैहान, बंटी चैहान और गोलू चैहान ने उन पर पुरानी रंजिश के कारण हमला कर दिया।

आरोपियों ने रियाज और उसके दोस्तों को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और डंडों व मुक्कों से हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस में मामला दर्ज किया। चिकित्सकों ने रियाज की चोटों को गंभीर बताया है। जांच में आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास तेज किए गए, जिसमें पहले समीर उर्फ राजा चैहान (22) और जयकिशन उर्फ बंटी चैहान (19) को कोसमपाली से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस ने उनके मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी जब्त किया था। मामले के फरार आरोपी गोलू उर्फ राकेश महंत (22) को आज पुलिस ने कोतरा रोड स्थित सोनिया नगर वार्ड 40 में छापा मारकर हिरासत में लिया। पूछताछ में गोलू ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# प्रेम सिंह कंवर के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मुंगेली के सभाकक्ष में विदाई समारोह आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल द्वारा जिला मुंगेली में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक साधना सिंह का स्थानांतरण जिला मुंगेली से जिला रायगढ़ होने एवं सउनि. प्रेम सिंह कंवर के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मुंगेली के सभाकक्ष में विदाई समारोह आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक साधना सिंह मूल रूप से जिला रायगढ़ की निवासी हैं, जो 05.09.2019 से 11.11.2024 तक जिला मुंगेली में लगभग 05 वर्ष तक पदस्थापना के दौरान कानून व्यवस्था, अपराध पर्यवेक्षण, महिला अपराध में त्वरित कार्यवाही किये तथा मुंगेली जिले में चलाये गये विभिन्न कार्यक्रम महिला सुरक्षा अभिव्यक्ति एप एवं साईबर जागरूकता से जनमानस हो जागरूक करने में अहम भूमिकाओं को सहजता एवं सकुशल निर्वहन किये पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्यालय डी.एस.पी. के पद पर सफलतापूर्वक कार्य कर आज 11.11.2024 को अपने नवीन पदस्थापना के लिये मुंगेली जिले से कार्यमुक्त हुई। मुंगेली जिले के पूर्व उन्होनें जिला जगदलपुर, बिलासपुर, रायगढ़, जशपुर, कोरबा एवं जांजगीर चांपा में अपनी सेवायें दे चुकी है। मुंगेली जिले में पदस्थापना के दौरान इनकी सेवाएं बहुत ही सराहनीय रही। सहायक उप निरीक्षक प्रेमसिंह कंवर वर्ष 1994 में जिला बिलासपुर में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर जिला मुंगेली स्थानांतरण पर आये जो प्रधान आरक्षक के पद पर 22.01.2015 पदोन्नत हुये तथा वर्ष 2024 में सहायक उप निरीक्षक में पदोन्नत होकर जिले के सभी थाना/चैकी में अपनी सेवायें दिये। सहायक उप निरीक्षक प्रेम सिंह कंवर जो 11.11.2024 को अपने 30 वर्ष की पुलिस सेवा को पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुये। उपरोक्त विदाई समारोह में उप पुलिस अधीक्षक साधना सिंह और सहायक उप निरीक्षक प्रेम सिंह कँवर को जिले के पुलिस अधीक्षक सहित जिले के समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुये विदाई दी गई।

# पैदल घर जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया कई घंटे चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले मे बीती रात अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई मे जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोटरीमाल गाँव के पास पेट्रोल पंप के करीब बीती रात 10 बजे के आसपास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पदुम चैहान उम्र 30 निवासी कोटरीमाल को अपनी चपेट मे ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो है। इस घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, जिसके बाद गुस्साए लोगों ने मौके पर चक्काजाम शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक पैदल अपने घर जा रही थी दौरान पीछे की तरफ से आ रहे वाहन चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया था। इस मामले की जानकारी लगते ही घरघोड़ा पुलिस के अलावा तहसीलदार मनोज कुमार गुप्ता तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाते देने के साथ-साथ तत्कालिक सहायता राशि देते हुए जाम खुलवाया गया जिसके बाद ही घरघोड़ा पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजते हुए आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।

# इसाई समाज के लोग भी पहुंचे जूटमिल थाना हिंदु संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

वार्ड नं. 33 स्थित गांधी नगर मोहल्ले में कल हुए बवाल के बाद अब ईसाई समाज भी फ्रट फूट में आकर वहां प्रदर्शन करने वाले हिंदु संगठनों के विरूध कार्रवाई की मांग पर अड गया है। बड़ी संख्या में आज सुबह से ही ईसाई समाज के महिला व पुरूष स्थानीय पादरी सहित जूटमिल थाना पहुंचे और उन्होंने अपने साथ हुए बर्ताव मारपीट के अलावा जबरन झूठे आरोप लगाकर फंसाने लोगों पर कार्रवाई मांग संबंधी एक आवेदन जूटमिल थाना प्रभारी को सौंपा है। ईसाई समाज के लोगों का यह कहना था कि कल हम शांति पूर्ण ढंग से अपनी चर्च में जो गांधीनगर के पास है प्रार्थना कर रहे थे और हिंदु संगठन के कुछ लोगों ने जमकर गाली गलौज करते हुए सामने के गेट को तोडने की कोशिश की और जमकर हो हल्ला भी किया था और उनके सीसीटीवी कैमरे को भी छेडछाड कर दी। उनका कहना है कि इस संबंध में वे दोषियों पर कार्रवाई चाहते हैं साथ ही साथ उनके जो दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें पुलिस रिहा करे। चूंकि दबाव में आकर जो कार्रवाई की गई है उसके विरोध में वे यहां पहुंचे है और अपने समाज के प्रति काम करते हुए वे धर्मातरण नही बल्कि प्रार्थना सभा के जरिये लोगों से जुड़ते हैं और किसी के उपर कोई दबाव नही डाला जाता। इनमें से एक व्यक्ति का कहना था कि हम धर्म परिवर्तन नही बल्कि दिल परिवर्तन करते हैं और किसी भी धर्म के प्रति दुष्प्रचार नही करते।

# 15 नवंबर को देव उतरेंगे तुर्री धाम की पावन धरा पर देवों की दिवाली होगी महादेव की नगरी में

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शक्ति से लगे बाबा भोलेनाथ की नगरी तुरीधाम में आगामी 15 नवंबर 2024 को शाम 6:00 बजे से देवों की दिवाली का धार्मिक आयोजन किया गया है, इस आयोजन में बनारस की तर्ज पर गंगा आरती होगी तो वहीं महादेव जी की महा आरती के साथी 56 भोग का प्रसाद एवं बाबा का अद्भुत श्रंगार तथा भव्य आतिशबाजी का कायक्रम होगा। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जहां बाबा भोलेनाथ के भक्त जुटे हुए हैं, तो वहीं इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक झालरों की रोशनी से सुसज्जित किया जाएगा तो वही मंदिर के चारों ओर दीपों की रोशनी की जाएगी एवं बाबा विश्वनाथ की नगरी बनारस की तर्ज पर जहां तुर्रीधाम मंदिर के सामने नदी के तट पर ऊंचे आसन पर गंगा मैया की आरती के साथ ही बाबा महादेव की भी आरती होगी, आयोजन समिति के सदस्य सोनू अग्रवाल महाकाल शक्ति ने बताया की तुर्रीधाम में होने वाली देवों की दिवाली कार्यक्रम को लेकर धर्म प्रेमियों में भारी उत्साह है तथा विगत कई वर्षों से निरंतर यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है, एवं इस वर्ष भी होने वाले आयोजन में सभी धर्म प्रेमी अधिक से अधिक सह परिवार इस कार्यक्रम में शामिल हो एवं पुण्य के भागी बने।

# नोडल अधिकारियों को जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु नियुक्त जिला एवं समिति स्तर के नोडल अधिकारियों को जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि धान खरीदी के पूर्व उपार्जन केंद्रों में चेकलिस्ट अनुसार सभी तैयारियां सुनिश्चित करें।

नोडल अधिकारी केंद्रों में जाकर तैयारियों का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को जीरो शॉर्टेज का लक्ष्य हासिल करने गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी धान खरीदी में अनियमितता की शिकायत नहीं आनी चाहिए। कानून व्यवस्था बनी रहे। हैं। वास्तविक किसानों को धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार से परेशानी न हो। कलेक्टर ने धान खरीदी के दौरान संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में टीम गठित कर कोचियों-बिचैलियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी को महापर्व के रूप में मनाते है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ धान खरीदी का कार्य सुचारु रूप से करने, किसानों का संवेदनशीलता से सहयोग करने के साथ ही यदि महिला किसान धान विक्रय करने पहुंचे, तो उन्हें विशेष सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। जिला वनमण्डलाधिकारी संजय यादव ने कहा कि धान खरीदी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। इस दौरान कोचियों-बिचैलियों द्वारा वन क्षेत्र के मार्गो के द्वारा उपार्जन केंद्र में धान लाकर खपाने की कोशिश की जाती है। इसे नियंत्रित करने के लिए सभी चेकपोस्ट में वन कर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने वन क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को आवश्यक सहयोग करने की बात कही। प्रशिक्षण में भौतिक सत्यापन ऐप में दिए गए बिंदुओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 66 समितियों के 105 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत 01 लाख 10 हजार 103 किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। धान उपार्जन केंद्रों में चेकलिस्ट में दिए गए बिंदु के अनुसार तैयारी होनी चाहिए।

# स्वावलंबी भारत अभियान के तहत दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्म जयंती दिवस को स्वदेशी स्वावलंबन दिवस के रूप में नाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वावलंबी भारत अभियान के तहत दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्म जयंती दिवस को स्वदेशी स्वावलंबन दिवस के रूप में भारतीय मजदूर संघ के राजेश पूरी गोस्वामी, भारतीय किसान संघ के संजय सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के यमन दास, अतुल साहू, ध्रुव रूपवानी, स्वदेशी जागरण मंच के आकाश सोनी के संयुक्त तत्वाधान में मुंगेली के सामुदायिक भवन में मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि जेठमल कोटडिया, प्रवीण वैष्णव, लवसिंह श्रीनेत, राजकुमार वाधवा रहे। मुख्य वक्ता विभाग पूर्णकालिक स्वावलंबन भारत अभियान के शंकर त्रिपाठी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शंकर त्रिपाठी ने कहा कि भारत के युवा नौकरी लेने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बने। देश में नौकरी की संख्या कम है युवा बेरोजगारों की संख्या ज्यादा है इसलिए सभी बेरोजगारो को नौकरी मिल पाना संभव नहीं है ऐसी अवस्था में युवाओं को यह निर्णय लेना पड़ेगा/सोचना पड़ेगा। कि वे आजीविका के लिए स्वावलंबन की योजना को अपनाये। इसका मतलब यह नहीं है कि बेरोजगार युवा नौकरी के लिए प्रयास नहीं करे। बेरोजगार युवक प्रयास जरूर करे पर नौकरी नहीं मिलने की स्थिति में स्वावलंबन योजना के तहत अपना जीवन संवारने के लिए अपने चव्वाईस का कार्य चुने और उसमें काम कर अपना रोजगार स्थापित करे और रोजगार मांगने वालो के बजाय रोजगार देने वाले बने। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगो को जानकारी दी जिसमें हमारे श्रीश्रीश्री रविशंकर गुरूदेव इस विषय में जानकारी देते हुए स्वावलंबन की ओर ले जाने की बात कही। यह कटु सत्य है कि देश के बेरोजगार युवाओं की संख्या नौकरी के सीमित साधन से सभी को नौकरी उपलब्ध करा पाना किसी के बलबूते की बात नहीं है। चाहे सत्ता में चाहे कोई भी पार्टी विराजमान रहे। ऐसी अवस्था में जब भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। तो सरकार विभिन्न योजना लागू कर बेरोजगारों को स्वावलंबन अभियान के तहत स्वावलंबी बनाये। और बेरोजगारों को दशा और दिशा का मार्गदर्शन करे। जिससे ही समस्या का सामधान हो सकता है और इसके लिए भारत सरकार ने कार्य योजना तैयार कर रही है।

**7 किमी लंबी ऐतिहासिक वीर पदयात्रा संपन्न...**

# बिरसामुंडा जयंती में पहुंचे केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और सीएम विष्णुदेव

■ जनजातीय नायकों के जीवन गाथा, जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं की लगी प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के जशपुरनगर में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में माटी के वीर पदयात्रा का भव्य आयोजन हुआ। केंद्रीय श्रम और रोजगार एवं युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभारंभ स्थल पुरना नगर में वीर पदयात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जशपुरवासियों ने पारम्पारिक संस्कृति से सभी अतिथियों का भव्य रूप से स्वागत किया।

**बिरसामुंडा के शौर्य को किया याद** - इस दौरान माटी के वीर पदयात्रा कार्यक्रम के शुभारंभ स्थल पुरना नगर मैदान में लगाए गए जनजातीय नायकों के जीवन गाथा, जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित उपस्थित सभी मंत्रियों ने स्टॉल का अवलोकन किया। माटी के वीर पदयात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन वृत्त पर आधारित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही बच्चों ने मलखन के माध्यम से अपने हुनर दिखाए। कार्यक्रम में खेलकूद सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले जनजातीय युवाओं तथा माई भारत से जुड़े वॉलेंटियर को सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित** -इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा सासंद चितामणी महाराज, सरगुजा प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, रामप्रताप सिंह, कृष्ण कुमार राय, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, सुनील गुप्ता, राजा पाण्डेय, संभागायुक्त गोविन्दराम चुरेन्द्र, पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सहित स्थानीय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# मुखबिरी के शक में डायल 112 चालक की पिटाई

## पीड़ित ने भागकर बचाई जान, आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में दो युवकों ने मिलकर पुलिस मुखबिर के शक में डायल 112 चालक की बेतहाशा पिटाई कर दी। किसी तरह भागकर जान बचाकर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में अपराध दर्ज कराया है। उक्त मामला छाल थाना क्षेत्र का है।मिली जानकारी के मुताबिक छाल थाना क्षेत्र के ग्राम कुडेकेला का रहने वाला सचिन कुमार राठौर 23 साल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह छाल के 112 वाहन का चालक है। 10 नवंबर की रात 8 बजे वह हाई स्कूल मैदान के पास था तभी ग्राम तरेकेला का छोटू पठान उसे फोन करके लेने आया और रात्रि करीब साढ़े 8 बजे उसे कुडेकेला हाई स्कूल चैक के पास लेकर पहुंचा जहां ग्राम हाटी का मदन पटेल पहले से ही खड़ा था। पीड़ित सचिन ने बताया कि दोनों उसे 112 का वाहन चलाता है पुलिस का मुखबिरी करता है। दारू जुआ को पकड़वाता है कहते हुए अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्कों से उसकी जोरदार पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने बताया कि किसी तरह जान बचाकर भागा तो वो दोनों उसके घर के पास भी आ पहुंचे जिसके कारण डरकर वह हाटी से कुदमुरा की तरफ भाग गया था। छाल पुलिस उसे कुदमुरा से अपने साथ लेकर थाने पहुंची है, दोनों के द्वारा मारपीट किये जाने से उसके शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। बहरहाल पीड़ित युवक की रिपोर्ट के बाद छाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी पतासाजी में जुट गई है।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल पम्पहाउस कोरबा में हुआ विधिक जागरूकता शिविर

पायनियर संवाददाता ᐸ कोरबा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शिक्षा सेवा दिवस के अवसर पर सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मागदर्शन एवं निर्देश में जिला शिक्षा विभाग से समन्वयन स्थापित कर स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल पम्पहाउस कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश, एस्ट्रोसिटीज एक्ट कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि कोई भी चीज वेस्ट नहीं होती है, वेस्ट में भी बेस्ट निकलता है। पदार्थ एनर्जी में बदलता है एनर्जी पदार्थ में बदलता है। डॉ. अबुल कलाम आजाद की जयंती के कारण आज शिक्षा दिवस मनाया जाता है। भारत की शिक्षा को आधुनिक करने, यूजीसी बनाने एवं संस्थागत करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। अबुल कलाम आजाद जी हमारे देश के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। एक समय वे किसी कॉलेज के प्राचार्य थे, तब हॉस्टल के विद्यार्थियों के द्वारा सामान्य सब्जी जो हमेशा बनती थे, जिसका सभी विद्यार्थियों ने बहिष्कार करने उक्त सब्जी को डस्टबीन में डाल दिये थे। तब वे डस्टबीन से उक्त सब्जी को निकालकर रसोईये से बोलकर अच्छा स्वाद है कहकर रोटी खायी। इसका मतलब यह है कि विवेक आप कॉलेज में आये हो शिक्षा ग्रहण करने के लिये खाना खाने के लिये नहीं आये हैं। आपका प्रथम उद्देश्य शिक्षा ग्रहण करना है। हॉस्टल में रहने के लिये खाना जरूरी है लेकिन खाने से बढ़कर शिक्षा है। जो सीमित साधनों में खाना मिलता है उसे खाईये और शिक्षा प्राप्त किजिये । शिक्षा हमें क्या सीखाती है। शिक्षा का अर्थ है विद्या, विद्या से विवेक आती है। विद्या हमें नम्र बनाती है, विन्रमता से पात्रता उत्पन्न होती है, पात्रता से धन एवं समृद्धि उत्पन्न होती है, समृद्धि से सही आचरण प्राप्त होती है सही आचरण से संतोष होती है। अर्थात् हमें विवेकी, सही आचरण करने वाला, संतोषी बनता है। धैर्यवान तभी हम होंगे तब हम विवेक होंगे। जो अच्छा व्यक्ति है उसके पास भी विवेक है अपराधी के पास भी विवेक है। अच्छा व्यक्ति अपने विवेक का उपयोग करके अपराधी नहीं बनेगा। जिन्हें कानून की जानकारी वे कभी अपराध नहीं करेगा। आप विवेकवान बने। हमें स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है, लेकिन दूसरे के अधिकार का हनन नहीं करना है अधिकार के साथ-साथ अपने कर्तव्य का भी पालन करना होता है। विद्यार्थियों को समझाईश देते हुये कहा गया कि अनुशासित रहें समय पर विद्यालय आयें व अपने कर्तव्य का पालन करते हुये विवेकवान बनें।डॉ0 ममता भोजवानी, विशेष न्यायाधीश के द्वारा पॉक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी देते हुये गया कि अपने ज्ञान का सही प्रयोग करें। बच्चों को सही दिशा में गाईड करें, बालकों एवं बच्चों को लैंगिंग अपराधों से बचाने के लिये पॉक्सों एक्ट बनाया गया है। उसके पूरी प्रक्रिया, क्या सजा का प्रावधान है कि जानकारी बालको के लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम में है। स्कूल आते-जाते कोई आपका पीछा करता है, कोई अभ्रद व्यवहार या छेड़छाड़ करता है तो यह सभी अपराध की श्रेणी में आता है। इस अधिनियम में बालक शब्द का उपयोग किया गया है बालक लकड़ा या लकड़ी दोनों हो सकता है जो 18 वर्ष से कम है। आपको अपने अधिकारों को जानना चाहिये आपके साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होता है तो आपको क्या करना चाहिये इसकी जानकारी देते हुये कहा गया कि कोई गलत टिप्पणी कर रहा है तो हमकों चुप नहीं रहना है। उसका विरोध करना चाहिये अपने पालक या विद्यालय को शिक्षक को बताना चाहिये। यदि आप चुप रहेंगे तो हो सकता है उस व्यक्ति का हौंसला बढ़ेगा। इसलिये ऐसी घटना होती है तो आज तत्काल उसका विरोध करें। अपने घरवाले को बताये आवश्यकता होने पर इसकी रिपोर्ट दर्ज करावें। रिपोर्ट दर्ज कराने में कोई भी हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिये। इसमें विशेष प्रावधान है कि हम बच्चें की पहचान को गोपनीय रखते हैं। तत्काल उस प्रकरण में सुनवाई होती है। इसमें 30 दिन में पीड़िताध्पीड़ित का गवाही होना रहता है, इसमें कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है। पॉक्सों केश में मृत्युदण्ड एवं आजीवन कारावास का प्रावधान है। शिक्षकों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वे बच्चों को सही तरीके से गाईड करें। मोबाईल का सद्पयोग करें।कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा शिक्षा दिवस के हार्दिक दिवस की शुभकामना देते हुये कहा गया कि डॉ. अबुल कलाम आजाद के जन्मदिन को शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों ने किया ईसीसीई गतिविधियों का प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ᐸ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम में आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों द्वारा ईसीसीई गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। परियोजना स्तरीय आयोजित ईसीसीई गतिविधि में शासन के निर्देशानुसार दिए गए थीम के अनुरूप पंचायत स्तर, सेक्टर स्तर पर बच्चों का चयन किया गया। तत्पश्चात 13 नवंबर को परियोजना स्तरीय ईसीसीई गतिविधियों का आयोजन गीदम में किया गया। बच्चों द्वारा कविता पाठ, बाल गीत, कहानी, चित्रकारी व आउट डोर गेम आदि गतिविधि किया गया। तोतले तोतले शब्दों में कविता कहानी बोलकर बच्चे बहुत खुश हुए। 3 से 6 वर्ष के बच्चों द्वारा मंच पर माइक से बोल पाना बहुत ही अतुलनीय है। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र परियोजना अधिकारी ऋतिष टण्डन, बी आर सी गीदम जितेंद्र सिंह चौहान द्वारा वितरण किया गया। बी आर सी गीदम द्वारा बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सेक्टर पर्यवेक्षक व स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# एसईसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान: स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ᐸ कोरबा
www.dailypioneer.com

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में 16 अगस्त से 15 नवंबर 2024 तक चलाए जा रहे तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत, 12 नवंबर 2024 को एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में रैली का आयोजन किया गया जिसमें मानिकपुर के उप-क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय अधिकारी, और 100 से अधिक स्कूली बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को सतर्कता और जागरूकता के प्रति संवेदनशील बनाना था, ताकि वे विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान दें और जिम्मेदारी से कार्य करें। सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा विभिन्न जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

# शहर में निकाली गई नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली सभी समाज प्रमुखों लेकर गायत्री परिवार ने दिया सन्देश

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा शहर में सर्व समाज एवं गायत्री परिवार के द्वारा नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व समाज एवं धार्मिक संगठनों के प्रमुखों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात बड़ी संख्या में लोगों के साथ नशा मुक्ति का बैनर व पोस्टर लेकर नशा छोड़ने के गीत, नारे एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नगर के विभिन्न चौक चौराहों में युवाओं को नशा न करने का संदेश दिया गया। यह रैली शहर में गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ हुई जो कि कबीर कुटी, कुर्मीपारा बाजार चौक, नवीन बाजार, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक, पियर्स चौक होते हुए गायत्री मंदिर में समापन हुआ। समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने बताया कि देश की सबसे बड़ी समस्या नशा है। आज के युवा नशे के कारण खोखला होते चले जा रहे हैं, युवाओं में नशे के प्रति नफरत की बीज बोने की आवश्यकता है। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने कहा कि महिला उत्पीड़न का प्रमुख कारण नशा है, नारी शक्ति ही संगठित होकर नशा को दूर कर सकती हैं। नशा मुक्ति अभियान के जिला प्रभारी मिलापु राम साहू ने कहा कि नशा रूपी राक्षस से सभी समाज को मिलकर लड़ना होगा, क्योंकि यह समस्या सभी समाज की है। जितने भी अपराध, सड़क दुर्घटनाएं, पारिवारिक कलह सभी नशे के कारण हो रहे हैं। डॉ एलआर साहू ने बताया कि कम उम्र में अनेक प्रकार के घातक रोग खासकर मुंह, गले, लीवर, पेट एवं दांतों का कैंसर नाशे के कारण हो रहे हैं। अंत में नशा रूपी राक्षस का पुतला बनाकर दहन किया गया तथा विभिन्न प्रकार के नशे की वस्तुओं की होली जलाई गई। सभी समाज प्रमुखों ने स्वयं नशा न करने व लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान गुरदयाल चावला, नीतू कोठारी, विनोद राघव, वीरेन्द्र जायसवाल, नैना कुर्रे, खोमराम साहू, विनय ताम्रकार, हेमकांत यादव, एसपी सिंह, परमेश्वर राजपूत, कोदूराम साहू, हिरवानी राम निषाद, दीपचंद देवांगन, अशोक भारती, परमेश्वर राजपूत, ढाल सिंह साहू, डेनिम सेन, मनजीत सलूजा, तुलसीराम वर्मा, गेंदराम साहू, भुसावल सिंह चौहान, पोखर सिंह ठाकुर, पर सिंह, राम हृदय वर्मा, धर्मपाल वर्मा, पूर्णिमा दास, विजयदित लहरे, छन्नू लाल, चंद्रशेखर साहू, ममता वर्मा, उषा साहू, पुष्पा विशाल सिंह धुर्वे, पुखराज पटेल, डॉ अनिल रजक, दलहरण तिवारी, मनीष कुमार पाटिल, राजकुमार ध्रुव,डॉ जीवन, बीके वर्मा, अखिलेश यादव, हंसराम साहू, अंगद निषाद, भुवाल चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# परख के मॉक टेस्ट के लिए शिक्षिका ने कराया अभ्यास

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एवं भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में सम्पूर्ण भारत के सभी राज्यों में आगामी 4 दिसंबर को परख सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए 18 नवंबर को विभिन्न विद्यालयों में उसका मॉक टेस्ट लिया जाएगा। इसी सन्दर्भ में साजा विकास खंड की शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानो कि नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने कक्षा 6 के बच्चों को भाषा विषय के 136 प्रश्नों का अभ्यास कराया जो कि एससीईआरटी रायपुर द्वारा निर्देशित प्रश्न बैंक पर आधारित है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य प्रश्न भी हल कराए गए। प्रत्येक प्रश्न को बच्चों के साथ साझा किया गया। उनसे जवाब पूछे गए। उसके बाद शिक्षिका के द्वारा प्रश्न का सही उत्तर भी बताया गया। बच्चों की शंका का भी समाधान किया गया। बच्चे इस कार्य में विशेष रूचि दिखा रहे हैं तथा उनकी समस्या का भी उचित समाधान हो रहा है।

# नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी. के. पॉल 14 नवम्बर 2024 को भारत मंडपम में 43वें आईआईटीएफ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य मंडप का उद्घाटन करेंगे

पायनियर संवाददाता ᐸ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल 14 नवम्?बर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य मंडप का उद्घाटन करेंगे। इस वर्ष का मंडप 'एक स्वास्थ्य' विषय पर केन्द्रित है - एक व्यापक दृष्टिकोण जो मानव, पशु, पौधे और इकोसिस्टम के परस्पर जुड़ाव पर जोर देता है। इन परस्पर निर्भरताओं को पहचानकर, 'एक स्वास्थ्य' विभिन्न क्षेत्रों, विषयों और समुदायों को कल्याण को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए संगठित करना चाहता है।

## 19 कार्यक्रम प्रभागों में उपलब्धियों का प्रदर्शन

39 सूचनात्मक स्टालों के माध्यम से, मंडप स्वास्थ्य सेवा में मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत करेगा, जिसमें जीवन के हर चरण में शामिल कार्यक्रमों और पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा। हाल ही में शुरू किए गए यू-विन ऐप जैसी जन्म-केन्द्रित पहलों से, जो गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए मुफ़्त टीकाकरण की सुविधा प्रदान करती है, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) तक, जिसमें अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं, जिसमें अतिरिक्त 5 लाख टॉप-अप कवर है, मंडप सभी के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के भारत के प्रयासों को दर्शाएगा।

## इंटरएक्टिव स्क्रीनिंग और स्थान

आगंतुकों को एचआईवी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के लिए स्क्रीनिंग और परामर्श सत्रों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। मंडप में भीष्म क्यूब जैसे अभिनव स्थान भी होंगे, ये स्वदेशी मोबाइल अस्पताल है जो वास्तविक दुनिया की सेटिंग में अपने डिजाइन और उपयोगिता को प्रदर्शित करता है।

## आकर्षक गतिविधियाँ और प्रदर्शन

मंडप को न केवल शैक्षिक बल्कि सभी उम्र के आगंतुकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दैनिक नुक्क ड़ नाटक, प्रतियोगिताएँ और खेल दर्शकों को आकर्षित करेंगे और आवश्यक स्वास्थ्य संदेश देंगे। विशेष रूप से तैयार किए गए किड्स ज़ोन में वर्चुअल रियलिटी गेम होंगे जो सीखने के साथ-साथ मौज-मस्ती को भी जोड़ते हैं, जिससे बच्चे चंचल, इंटरैक्टिव वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का पता लगा सकते हैं। इस व्यापक मंडप के माध्यम से, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का लक्ष्य 'एक स्वास्थ्य' दृष्टिकोण के बारे में जागरूकता और समझ फैलाना है, जिससे अंततः स्वास्थ्य के बारे में समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा मिले, जो मानव, पशु और पर्यावरण कल्याण को एकीकृत करता है।

# बॉलीवुड फिल्म अभिनेता भगवान तिवारी ने कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रेरित किया

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में जन्मे बॉलीवुड फिल्म अभिनेता भगवान तिवारी, जो 'रईस' (इंस्पेक्टर देवजी के रूप में) और 'मसान' (इंस्पेक्टर मिश्रा के रूप में) जैसी लोकप्रिय फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं, ने कलिंगा विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस इंटरएक्टिव सत्र में कला एवं मानविकी, बी.ए. फिल्म मेकिंग, बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन और बैचलर ऑफ कॉमर्स विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे। तिवारी का विश्वविद्यालय में अभिषेक शर्मा, निदेशक प्रवेश और मार्केटिंग द्वारा पारंपरिक तिलक और साफा से स्वागत किया गया। उन्हें पॉटेड प्लांट, श्रीफल और शॉल के साथ अतिथियों द्वारा सभागार में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद भगवान तिवारी की उपलब्धियों को उजागर करने वाला संक्षिप्त परिचय और उनके फिल्मी संग्रह का दो मिनट का विडियो प्रदर्शित किया गया। सत्र के दौरान, तिवारी ने बॉलीवुड में अपनी यात्रा और संघर्ष की कहानी साझा की, जिसमें उनके बचपन के कई यादगार क्षण शामिल थे। उन्होंने छात्रों को शिक्षा और समय प्रबंधन के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण दिया, उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को अपने सपनों के लिए एक शेड्यूल बनाने और उसे समर्पण और जुनून के साथ कार्यान्वित करने की सलाह दी। सत्र में श्री नितेश झा, निदेशक एनआईआईआरए एजुकॉम द्वारा छात्रों के लिए करियर के अवसरों पर चर्चा भी शामिल थी, जिसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र हुआ जिसमें छात्रों ने तिवारी के साथ बातचीत की और अपने सवालों का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में, श्री तिवारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके बाद उन्होंने कैंपस का दौरा किया और छात्रों के लिए विकसित इन्फ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। एमबीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अलीशा यादव ने समारोह का संचालन किया। सोशल मीडिया प्रेरक पीयूष के रॉय का स्वागत भी अभिषेक शर्मा द्वारा किया गया। प्रसिद्ध सोशल मीडिया प्रेरक पीयूष के रॉय ने व्यक्तिगत विकास, प्रेरणा और सकारात्मक सोच पर अपने प्रभावशाली संदेशों के लिए व्यापक पहचान हासिल की है। विभिन्न प्लेटफार्मों पर उनकी प्रभावशाली फैन फॉलोइंग है, और उनकी मार्गदर्शन के लिए उन्हें एक बड़ी संख्या में लोग फॉलो करते हैं। रॉय की उपलब्धियों में कई प्रेरणादायक वार्ताएँ देना, प्रमुख इंफ्लुएंसर्स के साथ सहयोग करना, और हजारों लोगों को अपने कंटेंट के माध्यम से प्रेरित करना शामिल है। युवा सशक्तिकरण और आत्मविश्वास पर उनके संदेश उन्हें छात्रों और युवा पेशेवरों के बीच बेहद लोकप्रिय बना रहे हैं। अन्य उपस्थित लोगों में एनआईआईआरए एडुकॉम से सुशांत शर्मा और गीता शर्मा, मार्केटिंग मैनेजर जे विशाल, कला और मानविकी विभाग के संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र शामिल थे।

# पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा 6वी में 40 बच्चों को नवप्रवेशी कराए गए

**लवन।** कसडोल विधानसभा के लवन स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा 6वी में 40बच्चों का नवप्रवेशी दाखिला किये गए, आपको बताते चलें कि बच्चों को उनके पालको के उपस्थित में विद्यालय के प्राचार्या एवं शिक्षको की उपस्थिति में 11 एवं 12 को नवम्बर को तिलक लगाकर दाखिला किये गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या बी.गिरिजा, शिक्षिका मंदोदरी सेठ, शिक्षक राजेंद्र सिक्का, शिक्षिका बिसाखा डांगे, स्मिता पिलाई, शिक्षक राकेश सिंग, प्रशांत गायकवाड़ सहित विद्यार्थियों के माता पिता उपस्थित रहे। सभी बच्चे बलौदाबाजार जिला के बलौदाबाजार, कसडोल, सिमगा, बिलाईगढ़, पलारी, भाटापारा से है।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.)**
फोन न. 0771-2222990, वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in

क्रमांक/4618/जीडीसी/पु.नि.प.प./2024-25 रायपुर/दिनांक 11/11/2024

**// ई-जर्नल्स निविदा सूचना //**

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिये वर्ष 2024-2025 में ग्रंथालय के उपयोग हेतु ई-जर्नल्स के क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Dealers or sub-dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किये जायेगें। इसके लिये राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो ''प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)'' के नाम पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) तैयार कर महाविद्यालय से दिनांक 02/12/2024 तक निविदा प्राप्त किये जा सकते हैं। जो वापसी योग्य नहीं है।

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि- | 02/12/2024 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- | 03/12/2024 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा खोलने की तिथि- | 04/12/2024 समय दोपहर 12.30 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान- | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर |
| निविदा खोलने का स्थान- | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) |

प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)
G-242503753/4

**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक/3468/2/राजस्व/न.पं./2024-25
कुरूद, दिनांक 13/11/2024

**// ईश्तहार //**

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीमती अंजू साहू पति श्री कुबेर साहू निवासी वन्देमातरम वार्ड शिक्षक कालोनी कुरूद द्वारा इस निकाय में नामान्तरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा स्थान वार्ड क्रं. 01 कुरूद, प.ह.नं. 48, तहसील कुरूद व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं. 238/3, 238/5 रकबा क्रमशः 0.011 हे., 0.011 हे. खुली भूमि को **श्री अनुप अग्रवाल, श्री हर्षित अग्रवाल दोनों पिता गुलाबचंद अग्रवाल निवासी वार्ड क्रं. 01 कुरूद** से पंजीकृत बैनामा दिनांक 18/10/2024 से स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है।

अतः भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदक के नाम को नगर पंचायत कुरूद के मांग पंजी में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 1041/क/भू.व्यप/अविअ/24
सरायपाली दिनांक 05/11/2024

आवेदिका तेजकुमारी पटेल पति पवन पटेल निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम झिलमिला में स्थित भूमि खसरा नंबर 141/13 रकबा 0.009 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 1051/क/भू.व्यप/अविअ/24
सरायपाली दिनांक 05/11/2024

आवेदिकागण तेजकुमारी पटेल पति पवन पटेल एवं अन्य निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 964/2, 964/7 रकबा 0.008, 0.008 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 1058/क/भू.व्यप/अविअ/24
सरायपाली दिनांक 05/11/2024

आवेदिकागण तेजकुमारी पटेल पति पवन पटेल निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम झिलमिला में स्थित भूमि खसरा नंबर 141/12 रकबा 0.0120 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 20/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./............/बी-121/2023-24
ग्राम मुंगेली प.ह.नं.............

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिजिया बाई आ. भगतराम जाति तेली निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा मुंगेली प.ह.नं......... तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने बुढ़ा ससुर पुसऊ आ........... का मृत्यु दिनांक 2/11/1960 को होने के फलस्वरूप नगरपालिका/सचिव, ग्राम पंचायत मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24/11/2024 को समय प्रातः 11.00 बजे तहसील कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./............/बी-121/2023-24
ग्राम मुंगेली प.ह.नं.............

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिजिया बाई आ. भगतराम जाति तेली निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा मुंगेली प.ह.नं......... तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने ससुर बुधराम आ.........का मृत्यु दिनांक 25/07/1986 को होने के फलस्वरूप नगरपालिका/सचिव, ग्राम पंचायत मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24/11/2024 को समय प्रातः 11.00 बजे तहसील कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

# धान खरीदी आज से... पिछले सत्र का कमीशन अब तक समितियों को नहीं मिला, मॉड्यूल साफ्टवेयर में तकनीकी त्रुटि के बीच होगी खरीदी

## अन्नदाताओं का महाउत्सव : 3100 रुपए की दर से होगी खरीद, 1,32,468 किसानों का पंजीयन, 59 समितियों में 9 लाख 34 हजार बारदानों के घोटाले पर जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर एक्सक्लूसिव

अब तक सहकारी समितियों को सत्र 2023-24 में धान खरीदी के कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि मार्कफेड ने पहले ही राजनांदगांव जिले में ही 59 समितियों से गायब 9 लाख 34 हजार से ज्यादा बारदानों के एवज में ढाई करोड़ की राशि कटाने के कार्रवाई की है।

इस पूरे मामले में सहाकारिता उपायुक्त ने जांच के आदेश दिए थे। 26 अक्टूबर को इसकी मियाद पूरी हो चुकी है। वहीं धान खरीदी के लिए उपयोग में लाए जा रहे मॉड्यूल साफ्टवेयर में इस बार भी अमानक बारदानों की एंट्री के लिए विकल्प नहीं जोड़ा गया है। इस विकल्प को हटाए जाने के चलते समितियों में आने वाले अमानक बारदानों का बोझ समितियों पर पड़ रहा है।

धान खरीदी का कमीशन भुगतान न किए जाने से समितियों की हालत खस्ता है। समितियों का स्थापना खर्च से लेकर वेतन व अन्य खर्चे इसी राशि से होते हैं। लेकिन मार्कफेड की ओर से अब तक भुगतान नहीं किया गया है। राशि न आने पर समितियों को जमा रकम पर मिलने वाले ब्याज का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है जिससे समिति को आर्थिक क्षति हो रही है। ये राशि समिति के अंशधारक किसानों को मिलती है।

बहरहाल, प्रक्रिया के तहत धान विक्रय के 48 घंटों में किसानों को समर्थन मूल्य की राशि उनके खाते में अंतरित कर दी जाएगी। सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए तय किया है। इसमें से 2183 रुपए की रकम किसानों को धान बेचते ही मिल जाती है। शेष अंतर की राशि प्रति क्विंटल 917 रुपए का भुगतान राज्य सरकार कृषक उन्नति योजना के माध्यम से करती है।

**0 50-50 के अनुपात से होगी खरीदी** - जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के दायरे में 4 जिले शामिल हैं। इनमें राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कबीरधाम शामिल है। जिनमें कुल 222 समितियों के 282 धान खरीदी केंद्र हैं। अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार लगभग सवा 2 लाख किसानों से लगभग 144 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। किसानों के लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 के मध्य 3,100 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। पिछले साल 1,28,069 किसानों ने पंजीयन कराया था। इस बार नए किसानों सहित कुल 1,32,468 ने पंजीयन करवाया है। खरीदी के लिए 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदाने का इस्तेमाल किया जाएगा। राजनांदगांव में 96, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में 27 समितियां हैं। सरकार ने इस दफा धान खरीदी इलेक्ट्रॉनिक तराजू से किए जाने का फैसला लिया है। केंद्रों में नए तराजू पहुंच गए हैं। इनकी तौल की प्रमाणिकता का काम पूरा कर लिया गया है।

### बुधवार को लौटे प्रबंधक-कर्मचारी

हड़ताल पर गए प्रबंधक और कर्मचारी बुधवार को ही केंद्रों पर वापस लौटे हैं। इससे पहले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की जिम्मेदारी नोडल अधिकारियों को सौंपी गई थी। जब प्रबंधक और कर्मचारी केंद्रों में वापस लौटे तो इसमें कई कमियां मिली। बुधवार को कई केंद्रों में देर रात तक व्यवस्था बनाने का कार्य जारी रहा। धान के भंडारण, सुरक्षा हेतु कैप कवर और दूसरे संसाधनों पर गौर किया गया।

### सरकार ने मानी मांगे

समितियों में बारदान घोटाले की जांच और नए सत्र की खरीदी के बीच प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। इस बीच 10-11 नवंबर को हड़ताल कर रहे संघ के प्रतिनिधिमंडल और सरकार के बीच बातचीत में कुछ मुद्दों पर सहमति बनी जिसके बाद हड़ताली अपने काम पर वापस लौट आए। सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम में संशोधन किये जाने के आदेश 11 नवम्बर 2024 को जारी कर दिये गए। माह भर के भीतर धान का उठाव सहित अन्य मुद्दों के निराकरण की दिशा में भी प्रयास किए गए हैं।

### साफ्टवेयर में अमानक का विकल्प अब भी नहीं

धान खरीदी की प्रक्रिया के लिए धान खरीदी मॉड्यूल साफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जाता है। इस साफ्टवेयर में समिति प्रबंधकों को अमानक बोरों की जानकारी अपडेट करने के लिए अमानक का विकल्प मुहैया कराया गया था। राईस मिलर्स द्वारा लौटाए जाने वाले या दूसरे अमानक बोरों की जानकारी इस विकल्प में अपडेट की जाती थी। लेकिन वर्ष 2020-21 में इस साफ्टवेयर से अमानक का विकल्प ही हटा दिया गया। अब समितियों को राइस मिलर्स द्वारा लौटाए गए बारदानों को अमानक की श्रेणी में रखने का कोई विकल्प नहीं मिल रहा है। हालांकि समिति प्रबंधक मिलर्स को ऐसे बारदाने न लौटाकर जिम्मेदार साबित हो रहे हैं।

**राजनांदगांव।** गुरु नानक जयंती से पूर्व सिख समाज द्वारा कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भजन-कीर्तन करते हुए समाजिक जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा में पंजप्यारों ने अगुवानी की। अलग अलग स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया।

# मोहारा मेला आज से... बैकुंठ चतुर्दशी से संक्रांति तक शिवनाथ किनारे उमड़ेगी भीड़

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर परंपरागत शिवनाथ नदी किनारे मेले का आयोजन आज से शुरु होगा। तीन दिनों तक मेले में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ेगी। शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालु शिवनाथ नदी में डुबकी लगाकर दीपदान करेंगे। मान्यता अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह शिवनाथ के किनारों में स्नान करने के लिए बड़ी तादाद में लोग तड़के 4 बजे से पहुंचने लगते हैं। मेला का आगाज 14 नवंबर से शुरू होगा, जो 16 नवंबर तक चलेगा। दूर-दराज के दुकानदार यहां आकर अपनी-अपनी दुकानें सजाने की तैयारी में आखिरी वक्त तक जुटे हुए हैं। यहां छोटी-बड़ी दुकानों से लेकर छोटे-बड़े झूले लगाए जाते हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनी रहेगी। मेला परिसर में झूले और दुकानें सज गई हैं। अंचल के सबसे बड़ा मेला होने की वजह से लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। इधर प्रशासन भी नदी किनारे सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त में जुट गया है। प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन शिवनाथ नदी तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। बड़ी संख्या में लोग स्नान कर मेले का आनंद उठाते हैं। मेला में सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व निगम प्रशासन भी अलर्ट है। नदी तट के किनारे पुलिस बल व गोताखोर भी तैनात किए जाएंगे। भक्तों की भीड़ पर नजर रखने नाविकों को भी तैनात करने की तैयारी है।

### तीनों दिन होंगे सांस्कृतिक आयोजन

मोहारा मेला में तीनों दिन शाम में मनोरंजन के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 14 नवम्बर को संध्या 6 बजे से नरेश वर्मा का मया के डोरी लोक मंच की प्रस्तुति दी जावेगी, वही 15 नवम्बर को महादेव हिरवानी का धरोहर लोक मंच की प्रस्तुति होगी। अंतिम दिन 16 नवम्बर को विष्णु कश्यप का स्वरधारा की प्रस्तुति होगी। जिसमें कलाकारों द्वारा सुमधुर गीत एवं नृत्य के माध्यम से अपनी कला की प्रस्तुती दी जायेगी।

# छह महीने पहले नाबालिग को भगाया-रेप, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नाबालिग बालिका को छह महीने पहले भगाकर ले जाकर रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रार्थिया ने 10 अप्रैल 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे उसकी नाबालिग लडक़ी भारतीय स्टेट बैंक खैरागढ़ के पास बिना बताए कहीं चली गई है, जो घर वापस नहीं आई है। सूचना है कि नाबालिग लडक़ी को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर कहीं ले गया है। मुखबिर की सूचना पर खैरागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में टीम बनाकर आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को 11 नवंबर को रायपुर भानपुरी से पंचराम भारती के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी पंचराम भारती द्वारा शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर रेप करने की पुष्टि होने पर मामले में धारा 366(क), 376(2) (ढ) भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गई। आरोपी पंचराम भारती (21) बेमेतरा के विरुद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने पर 12 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# किसानों को धान की रकम चुकाए बिना अनाज कारोबारी फरार

**राजनांदगांव।** चिल्हाटी इलाके के ग्राम मिरचे के किसानों के धान की रकम चुकता किए बगैर अनाज कारोबारी फरार हो गया है। इसकी शिकायत स्थानीय किसान पेन सिंह कंवर ने दर्ज कराई है। उसने बताया कि अंबागढ़ चौकी में रहने वाले देवरी के मूलनिवासी कारोबारी मयंक जैन से उसे 1,15000 रुपए की रकम लेनी है। कारोबारी ने उससे 51 क्विंटल धान तकरीबन वर्ष भर पहले खरीदा था।

किसान ने अपनी शिकायत में कारोबारी द्वारा कई और किसानों की रकम हजम करने की सूचना भी पुलिस को दी है। उसने बताया कि, गांव के कई किसानों से मयंक जैन ने रकम अदायगी का वादा करके रबी सीज़न की फसल खरीदा था। उसने कुछ दिनों में रकम देने की बात कही लेकिन इसके बाद वो भुगतान टालता गया। अब कारोबारी अंबागढ़ चौकी स्थित किराए का घर खाली कर फरार हो चुका है। मामले में चिल्हाटी पुलिस ने धारा 406 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# पहले मैच में लालबाग क्लब से भिड़ेगा एमसी इलेवन

- दुधिया रौशनी में खेली जाएगी 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप द्वारा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 14 से 20 नवम्बर तक स्व. सुरजीत कौर भाटिया 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। उद्घाटन समारोह संध्या 6 बजे से अतिथियों की उपस्थित में सम्पन्न होगा। हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले राजनांदगांव में लंबे अंतराल बाद फ्लड लाईड में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में शहर की जानी मानी 8 स्थानीय टीमें भाग ले रही है। इस स्पर्धा में भाग ले रही हॉकी टीमो में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी जिसमे कई सेवानिवृत्त हो चुके है तथा सीनियर और जूनियर खिलाड़ी शामिल रहेंगें। स्पर्धा लीग पद्धत्ति से खेली जाएगी। स्पर्धा के तहत कल दो मैच खेला जाएगा जाएगा जिसमे पहला मैच लालबाग क्लब विरुद्ध एम सी इलेवन के मध्य संध्या 6:30 बजे तथा सिटी क्लब विरुद्ध दिग्विजय क्लब के मध्य 7:30 बजे से खेला जाएगा।

## बिल्हारी अंचल में शामिल होंगे जससम्राट दिलीप षडंगी

# चेतू बाबा मंदिर से निकलेगी माता देवाला दर्शन यात्रा

- विधायक के मार्गदर्शन में 15 को निकलेगी दर्शन यात्रा

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र में जारी माता देवालय दर्शन यात्रा 15 नवम्बर को बिल्हारी अंचल में निकलेगी। उक्त यात्रा प्रदेश में पहली बार ग्राम्य देवी देवताओं की ग्रामीण व पौराणिक मान्यता से नई पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से निकाली गई है। विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन में निकाली जाने वाली उक्त यात्रा के दरम्यान वरिष्ठ साहित्यकारों के माध्यम से संकलित पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। विधायक दलेश्वर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे बिलहरी में चेतू बाबा मंदिर प्रांगण से यात्रा निकलकर पुराना नवागांव में समापन होगा। विधायक साहू ने बताया कि यात्रा के माध्यम से युवा पीढ़ी को ग्रामीण क्षेत्र में विराजित देवी देवता से संबंधित मान्यताओं और वैज्ञानिक कारणों से अवगत कराना है। यात्रा दरम्यान ग्राम के विभिन्न देवी देवताओं के बैरग निशान व बाना के साथ शीतला माता, ठाकुर देव, साहड़ा देव, भगवान पाठ, भैंसासुर, कंकाली माता, राव देवता गोसाई माता, अन्नकुमारी माता, बमलाई माता, नाग माता, धरती माता, धुकी माता, कुमारी पाठ, सतबहिनी, गढ़ माता सहित अन्य देवी देवताओ की झांकी आकर्षण का केंद्र होंगी। यात्रा के साथ जस व भजन सम्राट दिलीप षड़ंगी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। यात्रा को सफल बनाने किसान नेता गुलाब वर्मा, हेमदत्त वर्मा, जयचंद ठाकुर, सूरज कौशल, राधेश्याम वर्मा, फगुआ वर्मा व मोतीलाल वर्मा जुटे हुए हैं। इस संदर्भ में माता देवालय यात्रा को प्रारंभ करने वाले विधायक दलेश्वर साहू ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य हमारे पूर्वजों द्वारा आदिकाल से सनातन धर्म के प्रतीक ग्रामीण क्षेत्र में विराजित देवी देवताओं के प्रति आस्था व श्रद्धा जगाने के साथ प्राचीन और पौराणिक संस्कृति व मान्यताओं को जन जन तक पहुंचाना है।

# आपरेशन मुस्कान... नाबालिग महाराष्ट्र से बरामद, युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गैंदाटोला पुलिस ने इलाके से गायब हुई एक नाबालिग को महाराष्ट्र से बरामद किया है। उसे बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने वहीं से एक युवक को गिरफ्तार भी किया है। किशोरी की गुमशुदगी की रिपोर्ट 28 अगस्त को दर्ज कराई गई थी। पुणे से आरोपी शिवाराम पटेल (26) के कब्जे से किशोरी को बरामद किया गया है। उसे परिजन के हवाले किया गया है। आरोपी पर धारा 64 (2)(ड), 69, 87 बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

## कमला कॉलेज में स्वधायी प्रथम सेमेस्टर, छात्राएं की कक्षाएं प्रारंभ

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव स्वधायी (अमहाविद्यालयीन/प्राईवेट) पंजीकृत छात्राओं की संपर्क कक्षाएं प्रारंभ हो गयी है। छात्राएं अविलंब संबंधित विषय एवं विभाग में उपस्थित होकर अध्यापन कक्षाओं का लाभ उठावें। निर्धारित अध्यापन अवधि के दौरान ही सतत् आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा (सीईए-01 एंड 02) एवं असाइंटमेंट दिया जावेगा, जिससे सभी पंजीकृत छात्राओं की सहभागिता नियमानुसार अनिवार्य है। इस संबंध में विस्तृत सूचना महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं कॉलेज के वेबसाइट में जारी की गई है।

# मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज सिलिंग भूमि के विक्रय के साथ उसके रकबे में किया गया भारी हेरफेर

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

शासन के सिलिंग जमीन से जुडे तीसरे अंक मे प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटपर के बी-1 वर्ष 77-78, 78-79, 80-81 में खसरा नम्बर 155/1 का मूल रकबा 2.967 हे. भूमि सिलिंग भूमि के रुप में मध्यप्रदेश शासन के नाम दर्ज था, वर्तमान में हल्का पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर यह रकबा 5.278 हे. है जिसमें 1.996 हे. शासकीय भूमि के रुप में दर्ज है बाकि भूमियाँ विक्रय कर दी गई है, रकबा दुगना हो गया है। इसी तरह ग्राम पटपर के बी-1 वर्ष 77-78,78-79, 80-81 में खसरा नम्बर 183+521 का रकबा मूल 3.108 सिलिंग भूमि के रुप में मध्यप्रदेश शासन के नाम दर्ज था , वर्तमान में यह रकबा 3.465 हे. है जिसमें 1.108 हे.

1977-78 में सिलिंग भूमि के रुप में शासन के नाम भूमि विक्रय
बिना किसी अधिकार व आदेश के सुधार कर सिलिंग भूमियों का विक्रय, जानकारी छुपाने के लिए ही लगभग 20 वर्ष से ग्राम पटपर का मिशल नक्शा लापता

शासन कि हजारों करोड़ कि सिलिंग जमीन को बेचने वालों पर क्या हो सकती है कारवाई?
2022 मे तहसील कार्यालय द्वारा सिलिंग जमीन के नामांतरण के प्रतिवेदन को वापस किया

भूमि शासकीय भूमि के रुप में शासन के नाम दर्ज है बाकि भूमियाँ बेच दी गई है। इस गडबडी को छिपाने के लिए ही मिशल नक्शा गायब कर दिया गया है, गौरतलब है कि सीलिंग जमीन आमतौर पर सरकारी जमीन होती है, जो सरकार के स्वामित्व में होती है। यह जमीन सरकार द्वारा विभिन्न उद्देश्यों के लिए आरक्षित की जाती है, जैसे कि सार्वजनिक उपयोग के लिए। सरकारी भवनों और संरचनाओं के निर्माण के लिए। सार्वजनिक सेवाओं के लिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए। अन्य सरकारी उद्देश्यों के लिए।

**सीलिंग जमीन की विशेषताएं:** सरकारी स्वामित्व में होती है।

विशिष्ट उद्देश्यों के लिए आरक्षित की जाती है।

इसका उपयोग व्यक्तिगत या निजी उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता है। इसका प्रबंधन और नियंत्रण सरकार द्वारा किया जाता है।

सीलिंग जमीन के प्रकार:

सार्वजनिक जमीन।

सरकारी भवन जमीन।

सार्वजनिक सेवा जमीन।

पर्यावरण संरक्षण जमीन।

अन्य सरकारी जमीनें।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सीलिंग जमीन का उपयोग और प्रबंधन सरकारी नियमों और विनियमों के अनुसार किया जाता है। सिलिंग जमीन को बेचने व खरीदने वालों पर निम्नलिखित कार्रवाई हो सकती है:

**बेचने वालों पर कार्रवाई-** अपराधिक मामला दर्ज करना:- सिलिंग जमीन को बेचने वाले व्यक्ति के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है।

जुर्माना लगाना:- अदालत द्वारा जुर्माना लगाया जा सकता है।

जमीन की वसूली:- सरकार द्वारा जमीन की वसूली की जा सकती है।

व्यक्तिगत संपत्ति की जब्ती:- अदालत द्वारा व्यक्तिगत संपत्ति की जब्ती की जा सकती है।

**खरीदने वालों पर कार्रवाई-** जमीन की रद्दी:- खरीदी गई जमीन की रद्दी की जा सकती है।

जमीन की वसूली:- सरकार द्वारा जमीन की वसूली की जा सकती है।

जुर्माना लगाना:- अदालत द्वारा जुर्माना लगाया जा सकता है।

व्यक्तिगत संपत्ति की जब्ती:- अदालत द्वारा व्यक्तिगत संपत्ति की जब्ती की जा सकती है।

**अन्य कार्रवाई**-सरकारी अधिकारियों की जांच:- यदि सरकारी अधिकारी इस मामले में शामिल हों, तो उनकी जांच की जा सकती है।

**पुलिस कार्रवाई:-** पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया जा सकता है और आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सकती है।

न्यायिक जांच:- अदालत द्वारा न्यायिक जांच की जा सकती है।

## सैमसंग इनोवेशन कैम्पस ने 3500 युवाओं को तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित कर 2024 प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग इंडिया ने साल 2024 के सैमसंग इनोवेशन कैम्पस (एसआईसी) प्रोग्राम के तहत 3500 विद्यार्थियों को प्रमाणित करने का काम पूरा कर लिया है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस भारत सरकार की स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया पहलों के अनुरूप है और इसका फोकस युवाओं की नौकरी करने की योग्यता को बढ़ाने पर है। इसके अंतर्गत उन्हें तकनीकी के अधिक मांग वाले क्षेत्रों जैसे कि एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षित किया जाता है। वर्ष 2024 में सैमसंग की प्रमुख सीएसआर पहल ने 3500 विद्यार्थियों को शामिल करते हुए अपनी पहुँच बढ़ाई, जबकि 2023 में 3000 विद्यार्थियों को इसमें शामिल किया गया था। इसमें एसआईसी प्रमाणन के 12 इवेंट्स हुए थे, जिनका आयोजन उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों में हुआ था। एसआईसी के अंतर्गत कोर्सेस छह यूनिवर्सिटीज और एक नेशनल स्किलिंग इंस्टिट्यूट में चले। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, ''एआई नई-नई टेक्नोलॉजी वाले जमाने की शुरूआत करते हुए हमारी जिन्दगी को बदलने के लिये तैयार है। ऐसे में आज के युवाओं को शामिल करना और बेहतर भविष्य बनाने के लिये उनकी क्षमता का इस्तेमाल करना आवश्यक है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के माध्यम से हम भारतीय युवाओं में कौशल की कमी को दूर करना चाहते हैं, ताकि वे भविष्य में नई-नई खोज कर सकें। यह प्रोग्राम भारत के विकास की गाथा, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया का एक मजबूत भागीदार एवं योगदान देने वाला बनने के लिये सैमसंग की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## समाज के समग्र विकास के लिए एक दृष्टिकोण विषय पर व्याख्यान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विगत दिनों छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बिमल चंद्र मल ने कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शिक्षा में मानव मूल्य: समाज के समग्र विकास के लिए एक दृष्टिकोण विषय पर व्याख्यान दिया। आयोजित व्याख्यान, समग्र रूप से छात्रों और समाज के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक ढांचे के भीतर सहानुभूति, नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना जैसे मानवीय मूल्यों को एकीकृत करने के महत्व पर केंद्रित था। डॉ. मल ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा का लक्ष्य न केवल अकादमिक उत्कृष्टता होना चाहिए, बल्कि नैतिक और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का पोषण भी होना चाहिए, जिससे छात्रों को दयालु और जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनने के लिए तैयार किया जा सके। इस कार्यक्रम में रविंदर सिंह हुरा, डॉ. एस.के. मौलिक, डॉ. अरुण दुबे, डॉ. रवींद्र कुमार पांडे, डॉ. सुरेंद्र सराफ, डॉ. अनीता धमलवार, और आनंद श्रीवास्तव, सीआईईटी के छात्रों और संकाय सदस्यों सहित प्रतिष्ठित सदस्यों ने भाग लिया। आयोजित व्याख्यान में शिक्षा के लिए मूल्य-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता और व्यक्तियों और समुदायों को बदलने की इसकी क्षमता पर सार्थक चर्चा की। उपस्थित लोगों ने डॉ. मल की विचारोत्तेजक अंतर्दृष्टि की सराहना की कि कैसे शिक्षा एक बेहतर, अधिक नैतिक समाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## दलजीत कौर ने 10 लाख रुपये का टाको बेल फाउंडेशन एंबिशन एक्सेलरेटर्स ग्रांट पुरस्कार जीता

### छत्तीसगढ़ की बेटी का संकल्प : ग्रामीण युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने की जशपुर की युवती की पहल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

**क्या आप हमें अपनी जीवन की कहानी के बारे में बता सकते हैं और यह भी कि इसने आपको किस प्रकार आकार दिया?**

मैं छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के एक छोटे से, सुंदर गाँव से हूँ जो हरित पहाड़ों के बीच बसा हुआ है, यहाँ आवागमन और सुविधाओं की कमी है। मेरे परिवार ने मुझे हमेशा पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया, दूसरों की मदद करने के महत्व को सिखाया।

स्कूल के दिनों में, मैंने अपने शिक्षकों और सहपाठियों के साथ कई कार्यक्रमों में भाग लिया और उनसे बहुत कुछ सीखा। मेरे परिवार की शिक्षा और समर्थन ने मुझे एक नया दृष्टिकोण दिया। उनके समाज में अच्छे कार्यों से प्रेरित होकर, मैंने भी समाज में अच्छे कार्य करने के उद्देश्य से काम करना शुरू किया।

**प्रगति शुरू करने के लिए आपको कहाँ से प्रेरणा मिली?**

मेरे परिवार की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता ने मुझे गहराई से प्रेरित किया है, जो

उन्होंने अपने पेशेवर और सामाजिक कार्यों के माध्यम से दिखाया है। उनके निस्वार्थ योगदान को देखकर मेरे अंदर सकारात्मक परिवर्तन लाने की इच्छा जागृत हुई। इस प्रेरणा ने मुझे कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन के चेंजमेकर फॉर ग्राम स्वराज्य फेलोशिप कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मुझे कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन से अमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन मिला। उनके समर्थन ने मुझे अपने सपनों को वास्तविकता में बदलने की शक्ति दी, और मैं 'प्रगति' के माध्यम से अर्थपूर्ण परिवर्तन लाने के अवसर के लिए आभारी हूँ।

**प्रगति को लॉन्च करते समय आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और आपने उन्हें कैसे पार पाया?**

हमें अपने ग्रामीण क्षेत्र में प्रगति को लॉन्च करने में सीमित संसाधनों, नेटवर्क सीमाओं और सामाजिक दृष्टिकोण जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हमने समुदाय की भागीदारी, रणनीतिक साझेदारी और स्थानीय सशक्तिकरण के माध्यम से इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त की। हमारे अनुभव ने लचीलेपन, दृढ़ता और संदर्भगत समझ के महत्व को रेखांकित किया। हम अर्थपूर्ण **परिवर्तन के लिए अपनी रणनीतियों में सुधार करते रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

**जब आप सामाजिक प्रभाव डालने के बारे में सोचते हैं तो आपके विचार में आपकी उम्र क्या भूमिका निभाती है?**

मुझे लगता है कि उम्र सामाजिक प्रभाव बनाने में बाधा नहीं है। वास्तव में, मुझे लगता है कि विभिन्न आयु वर्गों के व्यक्तियों के साथ सहयोग करना एक ताकत है। एक साथ काम करके, हम बड़ी पीढ़ियों की ज्ञान और अनुभव और युवा पीढ़ियों की ऊर्जा और नवाचार का लाभ उठा सकते हैं। यह अंतर-पीढ़ीगत दृष्टिकोण हमें एक दूसरे से सीखने, अपनी धारणाओं को चुनौती देने और सामाजिक परिवर्तन के लिए अधिक प्रभावी समाधान बनाने की अनुमति देता है।

**आपकी पहल 'प्रगति' का उद्देश्य क्या है?**

मैं और मेरी टीम छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में कम उम्र के युवाओं की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं, जो की मादक पदार्थों का दुरुपयोग और शिक्षा में रुचि की कमी के कारण अपनी शिक्षा से दूर हो रहे हैं।व्यक्तिगत रूप से, मैंने देखा है कि यह समस्या कैसे व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों को प्रभावित करती है, उनके पूरे जीवन और शिक्षा को प्रभावित करती है।

**इस समस्या का समाधान करने के लिए हमने ग्राम स्तरीय हितधारकों के सहयोग से तीन समाधान विकसित किए हैं:**

**बाल सभा :** ग्रामीण युवाओं और समुदाय के सदस्यों में पदार्थ दुरुपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए।

**इवनिंग क्लासेस :** ग्रामीण युवाओं को चित्रकला, शिल्पकला और गायन जैसी गतिविधियों में शामिल करके शिक्षा में रुचि वापस लाने के लिए।

**खेल आयोजन :** पारंपरिक खेलों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ना और उन्हें अपनी सही मार्ग से जोड़ने के लिए।

**प्रगति के माध्यम से आप किन समस्याओं को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं?**

हम छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में कम उम्र के युवाओं में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और शिक्षा में रुचि की कमी की समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे वे अपनी शिक्षा और स्कूल त्याग देते हैं। यह समस्या केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों को भी प्रभावित करती है।

**प्रगति की अब तक की कुछ सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियां क्या रही हैं?**

प्रोजेक्ट प्रगति के शुरू होने के बाद से, हमने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं में पदार्थ दुरुपयोग और शिक्षा में रुचि की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हमारे जागरूकता, शिक्षा और खेल पहलों के माध्यम से, हमने ग्रामीण युवाओं और समुदाय के सदस्यों को पदार्थ दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूक किया है। इन प्रयासों से उल्लेखनीय परिणाम मिले हैं। 40 से अधिक युवाओं ने पदार्थ दुरुपयोग को पीछे छोड़ दिया और अपनी शिक्षा फिर से शुरू की, हमारे लक्ष्य समूह में ड्रॉपआउट दर में महत्वपूर्ण कमी आई है। हमने शैक्षिक प्रदर्शन में सुधार और सीखने के प्रति उत्साह में वृद्धि भी देखी है।

## सांसद कमलेश जांगड़े को जी एम फसलों के बारे में हितग्राहियों के द्वारा सौंपा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह भारतीय किसान संघ जिला जांजगीर चांपा के द्वारा बम्हनीडीह विश्राम गृह में सांसद कमलेश जांगड़े को जी एम फसलों के बारे में हितग्राहियों के साथ राय के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें गुणवत्ता विहिन बीज के अनुमति नहीं देने एवं बाजार में उसकी बिक्री रोकने संबंधी बातें कही गई है। इस कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के छत्तीसगढ़ प्रांत के उपाध्यक्ष देव प्रसाद तिवारी, तहसील बम्हनीडीह के अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जायसवाल, जिला मंत्री मोहन कश्यप, बम्हनीडीह खंड के संघचालक मनहरण चंद्रा, रघुनंदन पटेल, सहकारिता प्रमुख रमेश डडसेना, नरोत्तम कश्यप, उमाशंकर कश्यप एवं गगन जयपुरिया सभापति जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के साथ साथ ग्रामीण किसान उपस्थित थे। सांसद महोदया द्वारा इस बात को अमल करने का आश्वासन दिया गया।

## अज्ञात वाहन की ठोकर छात्रा की मौत मार्निक वॉक में जाते समय हुई घटना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिला मुख्यालय में स्थित मेडिकल कालेज अस्पताल में अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक शक्ति जिले के डभरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छवारीपाली की रहने वाली चंद्रकांती सिदार 16 साल की कुछ सहेलियां पुलिस भर्ती के अलावा वन रक्षक भर्ती की तैयारी कर रही थी। जिसके तैयारी के संबंध में वे सभी रोजाना सुबह 5 बजे उठकर दौड़ने के मैदान जाती थीं। इसी बीच सुबह दौडने के लिये सभी सहेली डभरा से चंद्रपुर मार्ग में स्थित चैत्राभांठा मैदान जा रही थी। जब वे लोग मैदान से करीब 200 मीटर पहले पहुंचे ही थे कि एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चंद्रकांती सिदार को जोरदार ठोकर मारकर फरार हो गया।

**उपचार के दौरान हुई मौत**-अचानक घटी इस घटना के बाद चंद्रकांती की सहेलियों ने इस पूरे घटना की जानकारी सबसे पहले उसके परिजनों को दी जिसके बाद घायल युवती को डभरा स्वास्थ्य केन्द्र ले जाकर भर्ती कराया गया जहां स्थिति में सुधार नही होता देख उसे आज सुबह 8 बजे के आसपास रायगढ़ मेडिकल अस्पताल रिफर किया गया जहां उपचार के दौरान कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

**9वीं की छात्रा थी मृतका**-अज्ञात वाहन की ठोकर से युवती की मौत हो जाने के बाद मृतका के शव का पोस्टमार्टम उपरांत मृतका के शव को अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंपते हुए चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया रहा है कि मृतका डभरा क्षेत्र के किरारी स्कूल में 9वीं की छात्रा थी।

## शकील अहमद मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम के नये अध्यक्ष

**रायपुर।** विगत दिवस रायपुर की सामाजिक संस्था मुस्लिम इंटेलच्कुअल फोरम की आमसभा की बैठक नूरानी स्कूल, राजातालाब में सम्पन्न हुई जिसमें आम राय से शकील अहमद को 3 सालों के लिये अध्यक्ष चुना गया। उल्लेखनीय है कि यह संस्था विगत 35 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्यरत है। शकील अहमद की नियुक्ति पर निवृत्तमान अध्यक्ष एम. के. गौरी, मास्टर जफर अमजद, शफ़ीक अहमद, एस. एम. हाशिम, हाजी बशीर खान, नज़र हुसैनी, नूर कुरैशी आदि फोरम के तमाम सदस्यों ने मुबारकबाद दी है।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में हुआ कैंपस ड्राइव, 81 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार के अन्तर्गत संचालित नर्सिंग कॉलेज मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग कुम्हारी, श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग रायपुर, रविशंकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग नवा रायपुरव बिलासा इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग बिलासपुर के विद्यार्थियों के लिए एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट मुंबई ने प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की। आपको बता दे कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट मुंबई की डॉ. असिफा शेख-डिप्टी मेडिकल डायरेक्टर एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट, अवेश अली खान के साथ प्रिया मौजूद रहे। प्लेसमेंट ड्राइव में पहले लिखित परीक्षा आयोजित की गई उसके बाद सफल छात्रों का साक्षात्कार किया गया। जिसमे सभी नर्सिंग के ज्यादातर छात्रों ने सभी प्रकिया में खरी उतरी व स्टाफ नर्स के पद पर अच्छे पैकेज पर चयनित हुई। इसी कड़ी के प्लेसमेंट ड्राइव में ओम प्रकाश त्रिपाठी- डिप्टी डायरेक्टर, सादाब- स्किल ट्रेनर, सुधीर साहू- अस्सिस्टेंट डायरेक्टर पब्लिक रिलेशन, राकेश यादव-कैमरा मैन, सोनम साहू-ट्रेनिंग प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर नर्सिंग कुम्हारी, स्वेता - ट्रेनिंग प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर नर्सिंग रायपुर, चांदनी - ट्रेनिंग प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर नर्सिंग नवा रायपुर, जेरिस- ट्रेनिंग प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर नर्सिंग बिलासपुर का अहम योगदान रहा। एस.एस.बजाज कार्यकारी निदेशक रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट व डॉ. एस.के. सिंह कुलपति श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाये दी।

### लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और ठेकेदार कुंभकरणी निंद में

## दस माह से बंद पड़ा है शबरी पुल का मरम्मत कार्य, आम जनता परेशान

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शबरी पुल की मरम्मत कार्य बंद पड़े लगभग दस माह हो गये हैं, इसे पूरा कराने की ओर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नही है । जिसके कारण शबरी पुल पर आवागमन करना खतरे से खाली नही है।

बलौदाबाजार जिले से शिवरीनारायण को जोड़ने वाला शबरी पुल माघी मेले के बाद से पुल के रोड का काम अधूरा लटका हुआ है जहां शबरी पुल के एक तरफ की मरम्मत का काम पूरा हुआ है जबकि दूसरी तरफ की मरम्मत का काम अधूरा पड़ा है। जिससे लोगों को शबरी पुल से आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। शबरी पुल की मरम्मत करने के लिए शासन से 78 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। जिसमें शबरी पुल के ऊपरी परत को उखाड़कर नई परत बिछानी है । शबरी पुल में मरम्मत का काम

ठेकेदार द्वारा 20 दिसम्बर 2023 को शुरू किया गया था। जो मेले के चलते अधिकारियों ने एक तरफके रोड के काम को पूर्ण करा कर बंद कराया गया था जिसे दुबारा फिर से चालू ही नहीं कराया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों के मॉनिटरिंग नहीं करने से काम दुबारा चालू ही नहीं हुआ है। शबरी पुल में मरम्मत कार्य शुरू कराने न जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही ठेकेदार इस ओर ध्यान दे रहा है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है।

### मरम्मत शुरू कराने भारी वाहनों का करना होगा रूट डायवर्ट

शबरी पुल के दूसरी तरफ की मरम्मत शुरू कराने से पहले पुल पर आवागमन करने वाले भारी वाहनों को बिर्रा और पामगढ़ की ओर से रूट डायवर्ट करना होगा। मरम्मत के समय शबरी पुल पर भारी वाहनों के चलने से कार्य में परेशानी होती है। साथ ही पुल पर रोजाना जाम की स्थिति बन जाती है जिससे लोगों को जाम में फंसकर घण्टों परेशान होना पड़ता है। भारी वाहनों को रूट डायवर्ट करने से काम भी तेजी से हो सकेगा और लोगों को जाम की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी।

### बलौदाबाजार जिले से रोज बड़ी संख्या में लोग खरीददारी के लिए शिवरीनारायण आते हैं

शिवरीनारायण नगर बड़ा व्यापारिक केंद्र है। जहां प्रतिदिन आसपास के लगभग 50 गांवों के लोग अपनी दैनिक आवश्यकता की वस्तु खरीदी करने आते हैं। बलौदाबाजार जिले से भी रोजाना बड़ी संख्या में लोग शिवरीनारायण खरीदी करने व अन्य कार्यों से आते हैं। शबरी पुल पर अभी भी एक तरफहुए गड्डों व दरारों की वजह से जान माल का खतरा बना हुआ है।

## अमृतसर यात्रा पर निकले श्रद्धालु

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

राजवंत सिंह बग्गा लखनऊ वाले के नेतृत्व में लगभग 50 लोगों का एक जत्था संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से रवाना हुआ। यह जत्था राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई और भाटापारा होते हुए अमृतसर जा रहा है। यह जत्था अमृतसर साहिब, ननकाना साहिब, पाकिस्तान और लाहौर के प्रमुख गुरुद्वारों के दर्शन करके अमृतसर साहिब वापस आएगा। भाटापारा से हरजीत कौर गुम्बर भी इस यात्रा पर जा रही हैं। उन्हें बधाई देने के लिए भाटापारा सिख समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से बलवंत सिंह सलूजा, हरभगवान गुम्बर, कुलवंत गुम्बर, गुरमित गुम्बर, बबलू चावला, राजा गुम्बर, अमरजीत सलूजा, जोंटी गुम्बर आदि शामिल थे। समाज के सभी प्रमुख लोगों ने हरजीत कौर गुम्बर को पुष्पगुच्छ और शुभकामनाएं देकर उनकी यात्रा का शुभारंभ किया।

# एसबीआईएमएस के तेजस नायक बने मिस्टर और रिजा खान बनी मिस

## वार्षिक फेस्ट अविरल के पहले दिन जमकर दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी चिकित्सा महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कला प्रदर्शनी ''कलांजली'' का शुभारंभ बुधवार दोपहर 2 बजे सम्पन्न हुई। कला प्रदर्शनी का उद्घाटन एसबीआईएमएस की एम.डी. डॉ. नीता नायक ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में शहर के जाने-माने आर्टिस्ट इंदू चटर्जी, शमिता चक्रवर्ती एवं के.के. अग्रवाल उपस्थित थे। जिन्होंने स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका भी निभाई।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में कला प्रदर्शनी में जान डाल दी। रंगोली, मेहंदी, कैलीग्राफी, स्केच एवं स्पॉट पेंटिंग, बेस्ट ऑफ वेस्ट के साथ-साथ अन्य कई विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। स्टॉफ के द्वारा निर्मित पेंटिंग भी आकर्षण का केन्द्र रही।

कला परिषद की चेयरपर्सन डॉ. नीरजा अग्रवाल के साथ उनकी टीम में डॉ. वंदना देवांगन, डॉ. अरूण जायसवानी, डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉ. सतीश खलको के अलावा कला परिषद के सचिव अभिषेक पटेल का विशेष योगदान रहा।

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायुपर का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'अविरल 2024' बुधवार से प्रारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. विवेक चौधरी, डीन पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीआईएमएस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक ने की। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. देवेन्द्र नायक एवं विद्यार्थियों की ओर से अमरत्व मिश्रा ने किया। डॉ. देवेन्द्र नायक का स्वागत डॉ. अनिशा नागरिया ने डॉ. नीता नायक का स्वागत डॉ. नुपूर श्रीवास्तव ने डॉ. देवश्री सरकार का स्वागत डॉ. सुमेधा अंगनकर ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से बालाजी परिवार के प्रेरणा स्त्रोत श्री आर.के. नायक एवं श्रीमती सत्यवती नायक उपस्थित थे। जिनका स्वागत सांस्कृतिक समिति के सभापति डॉ. मानिक चटर्जी जी ने किया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. मानिक चटर्जी ने दिया। मुख्य अतिथी डॉ. विवेक चौधरी ने अपने उदबोधन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने फाईन आटर्स एवं अन्य टेलेन्ट के साथ साथ यहां के एकेडेमिक्स की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में जेएनएम चिकित्सा महाविद्यालय के पुराने अनुभवी शिक्षक जिनका लाभ महाविद्यालय को मिलेगा। कार्यक्रम संचालन डॉ. अनिशा नागरिया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. नुपूर श्रीवास्तव ने किया। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुए सबसे पहले संगीत स्पर्धा में एकल गायन, युगल गायन एवं समूह गान की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा भी आकर्षक गीतों की प्रस्तुति दी गई।

संगीत स्पर्धा के आखिर में शाम का मुख्य आकर्षण 'फैशन शो' पैजेंट था। जिसमें विभिन्न आकर्षण परिधान में छात्र एवं छात्राएं रैंप पर वॉक करती नजर आई। मिस्टर एवं मिस एसबीआईएमएस आकर्षण का केंद्र रही।

संगीत स्पर्धा के निर्णायक डॉ. छाया बैनर्जी, डॉ. केतन शाह एवं डॉ. संचिता निहाल रहे और फैशन शो पेजेंट के निर्णायक डॉ. सुनील खेमका, डॉ. मोनिका अग्रवाल और डॉ. गीता अग्रवाल रहे।

स्पर्धा में डायरेक्टर नितिन पटेल, बीरेन्द्र पटेल, डॉ. पुष्पेन्द्र नायक, भोजराम पटेल, शोभेन्द्र पटेल के साथ मेडिकल इचार्ज डॉ. दीपक जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राजधानी में दो दिनों तक बिखरेगी आदिवासी लोक नृत्यों की छटा

## जनजाति गौरव दिवस पर पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकार अपनी संस्कृति की दिखाएंगे झलक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस के भव्य आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकार भी अपनी संस्कृति की झलक बिखेरेंगे। 14-15 नवम्बर को आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पूर्वोत्तर भारत के पांच राज्यों मेघालय, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के कलाकार रायपुर पहुंच चुके हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन पर कलाकारों का पुष्पाहार और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पूर्वोत्तर राज्यों से आए ये कलाकार वांगला-रुंगला, रेट-किनॉन्ग, गेह पदम ए ना-न्यी ई, सोलकिया जैसे लोक नृत्यों की प्रस्तुति से अपनी संस्कृति के विविध रंग बिखेरेंगे। जनजातीय गौरव दिवस पर प्रस्तुति देने मेघालय से 20 सदस्यों की टीम रायपुर आई है। यह दल गारो जनजाति द्वारा फसल कटाई के बाद किया जाने वाला वांगला-रुंगला लोक नृत्य प्रस्तुत करेगी। इसके कलाकार मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 200 किलोमीटर दूर नॉर्थ कर्व हिल्स से आए हैं। दल का नेतृत्व कर रहे मानसेन मोमिन ने बताया कि वांगला गारो जनजाति का लोकप्रिय त्योहार है। यह जनजाति कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। फसल कटाई के बाद उर्वरता के देवता मिसी सालजोंग को धन्यवाद देने के लिए वे यह नृत्य करते हैं। वे फसल उपलब्ध कराने के लिए भगवान को धन्यवाद देते हैं, उनकी पूजा कर नाच-गाकर प्रार्थना करते हैं और नई फसल का भोग लगाते हैं। देवता मिसी सालजोंग को धन्यवाद देने से पहले किसी भी कृषि उत्पाद का उपयोग नहीं किया जाता है। वांगला-रुंगला आदिवासी लोक नृत्य में महिला और पुरुष दोनों हिस्सेदारी करते हैं। पुरुष नर्तक अपना परंपरागत ढोल लेकर नृत्य करते हैं जिसे दामा कहा जाता है। वांगला-रुंगला लोक नृत्य में नर्तकों का नेतृत्व करने वाले को ग्रिकगिपा या तोरेगिपा कहा जाता है। इसमें महिलाएं संगीत की धुन पर अपने हाथ हिलाती हैं, जबकि पुरुष अपने परंपरागत ढोल को बजाकर नृत्य करते हैं। मिजोरम की राजधानी आईजोल से रायपुर पहुंची लोक नृत्य दल यहां सोलकिया नृत्य की प्रस्तुति देगी। इसके 20 सदस्यों के दल में 11 पुरूष और नौ महिलाएं शामिल हैं। यह नृत्य मुख्यतः मिजोरम की मारा जनजाति द्वारा किया जाता है। 'सोलकिया' का अर्थ दुश्मन के कटे हुए सिर से है। सोलकिया नृत्य मूल रूप से दुश्मनों पर जीत का जश्न मनाने के लिए किया जाता था। खासकर उस मौके पर जब विजेता द्वारा दुश्मन का सिर ट्रॉफी के रूप में घर लाया जाता था। लेकिन अब यह सभी महत्वपूर्ण अवसरों पर मिजो समुदायों के पुरुषों और महिलाओं द्वारा किया जाता है। मिजोरम के कलाकारों के दल का नेतृत्व कर रहे जोथमजामा ने बताया कि सोलकिया नृत्य की शुरुआत पिवी और लाखेर समुदायों द्वारा की गई थी। इस लोक नृत्य के साथ आने वाला स्वर संगीत गायन की तुलना में मंत्रोच्चार के अधिक निकट है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का करेंगे विमोचन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# बालको में कला एवं साहित्य का रहा समृद्ध इतिहास

पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

भारत एक बहुसांस्कृतिक देश है जहां क्षेत्रीय आधार पर नृत्य, संगीत, रंगमंच, की विविधता देखने को मिलती है। देश के प्रत्येक राज्य की सभी संस्कृतियों एवं परंपरा को एक मंच पर लाकर बालको ने इस क्षेत्र को मिनी इंडिया बना दिया। कला विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम है। कला एवं साहित्य से लोग समान विश्वास, दृष्टिकोण और मूल्यों को साझा करते हैं। बालको देश की कला, साहित्य एवं संस्कृति के समृद्ध इतिहास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी नगरवासियों के मनोरंजन के लिए समयांतराल पर कला एवं साहित्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।

1976 में बालको क्लब द्वारा गाला फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया जिसमें 20 पॉपुलर फिल्मों जंजीर, अभिमान, आनंद, अनुपमा, हम दो और नया दौर को दिखाया गया। मशहूर नाट्य निर्देशक हबीब तनवीर द्वारा 1977 में 'नया थियेटर' के अंतर्गत हास्य नाटक 'चरणदास चोर' तथा 'गॉव का नाम ससुराल, मोर नाम दमाद' का तथा बालको कर्मचारियों द्वारा गठित सांस्कृतिक समिति 'बानी कुंज' ने तरूण ऑपेरा ऑफ कलकत्ता द्वारा स्पार्टाकस नाटक का सफल मंचन किया। आंध्रा समिति द्वारा बहुभाषी संगीत प्रतियोगिता में हिंदी, छत्तीसगढ़ी, तेलगू, मलयालम, बंगाली और तमिल भाषा के गाने प्रस्तुत किए गए। कुछ महीने के अंतराल में समिति ने पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।

आंध्रा मित्र कला मंडली द्वारा 1978 में राजामुद्री से 'दुर्गा कुचिपुड़ी नृत्य कलाशाला' समूह को कुचिपुड़ी नृत्य के लिए बुलाया था। समूह ने 18 तरीकों के कला तथा लोकनाट्य को प्रदर्शित किया जिसमें बालगोपाल, गोल्ला कलापम, भष्मासुर, कुचिपुड़ी, भारतनातट्यम और कथककली आदि की प्रस्तुति शामिल थी। इसी साल केरल समाजम् द्वारा कोल्लम से कला मंडलम् गंगाधरम एंड पार्टी ऑफ इंडियन डांस एकेडमी को बुलाया गया था, जिन्होंने अनेक नृत्य एवं नाट्य, शिल्पी, कालीदास आदि की प्रस्तुति पेश की। महिलाओं ने कैकोट्टिकली तथा बच्चों ने वामनावतारम् (महाबली चरित्रमं) की मनमोहनी प्रस्तुति दी। इसी साल एक 'बानी कुंज' कमेटी ने टैगोर के नाटक चित्रांगदा और शापमोचन तथा बालको मलयाली एसोशिएशन (बीएमए) ने ओणम के अवसर पर प्रसिद्ध सोशल ड्रामा ज्वलनम् का मंचन तथा नृत्य का आयोजन किया। 1979 में हिंदी दिवस के अवसर पर अभिव्यक्ति साहित्य एवं नाट्य समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में मनोहर मनोज, संदीप सपन, रामप्रताप सिंह विमल तथा अंजुम रहबर एवं पूर्णिमा निगम ने भाग लिया। बालको कल्याण विभाग एवं कोरबा की साहित्य संस्था 'सौरभ साहित्य समिति' के संयुक्त प्रयास से आयोजित 'सरस कवि सम्मेलन' में अखलाक सागरी, लक्ष्मण मस्तूरिहा, सरफुद्दीन तिगाला ने कविता पाठ किया। बालको द्वारा 1980 में 15वें वार्षिकोत्सव की संध्या बेला पर प्रसिद्ध नृत्यांगना और पद्मश्री यामिनी कृष्णामूर्ति ने भरतनाट्यम नृत्य किया। रामलीला मैदान में आयोजित कव्वाली में कलकत्ता से कव्वाल कामिनी नाज तथा गुलाम कादिर परवेज ने अपने कव्वाली से सभी नगरवासियों का मनोरंजन किया।

1982 के कवि गोष्ठी कार्यक्रम को आकाशवाणी, रायपुर से तीन सदस्यीय दल रिकार्ड करने आएं। श्रमिक, विद्यार्थी तथा बालको महिला मंडल से हुए बातचीत तथा अन्य कार्यक्रम को 12 अगस्त के दिन प्रसारित किया था। भोपाल भोजपुरी समाज द्वारा भोजपुरी हास्य नाटक 'लोहासिंह ने डाक्टरी की' का सफल मंचन तथा आकाशवाणी, भोपाल के कलाकार अशोक सिंह, मेहरा सिंह तथा र ा दत्ता ने अपने आवाज का जादू बिखेरा। लेडिज क्लब द्वारा तीज उत्सव पर संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रूसी महिलाओं ने भी गीत तथा समूह गान किया। इसी साल अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 'राडोस्ट' रूसी लोकनृत्य पर सोवियत (रूस) के कलाकारो ने अपने प्रस्तुति से सभी को लाजवाब कर दिया था। वर्ष 1984-85 में भारत सरकार के खान विभाग ने अपने उपक्रम और संगठनों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से राजभाषा शील्ड, राजभाषा ट्रॉफी और राजभाषा कप प्रदान करने की योजना शुरू की थी। इसी साल हिंदी में उत्कृष्ट योगदान के लिए बालको को पहली बार ही राजभाषा शील्ड का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। 1985 में मरहूम मोहम्मद रफी की पांचवी पुण्य तिथि के अवसर पर गजलों भरी शाम 'याद-ए-रफी' का सफल आयोजन किया। छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक मंडल ने 'मशीन', 'मुर्गीवाला' तथा ''जनता पागल' है लघुनाटक की प्रस्तुति दी। इसी साल बालको ने 'संगीत सरिता'(बालको कर्मचारियों की संस्था) तथा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, बालको के तत्वाधान में शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया। इसमें कलकत्ता के कव्वाल भोला अनवर तथा हुमा वारसी को बुलाया गया था। बालको द्वारा संगीत संध्या के आयोजन में भिलाई के विख्यात सितारवादक नितिन ताम्हनकर, बांसुरीवादक तापीकर, तबलावादक बी.एस भट्टी एवं भूइंया तथा गायन में सोनी तथा डी. के. गंधे ने अपनी प्रस्तुति दी। 1986 में राष्ट्र कवि स्वर्गीय मैथिलीशरण गुप्त की जन्म-शताब्दी के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें देश के सुप्रसिद्ध हास्य और व्यंग के लोकप्रिय जनकवियों तथा गीतकारों को आमंत्रित किया गया था। इसमें सुरेन्द्र शर्मा, संतोष आनंद, ओम प्रकाश आदित्य, हरि ओम पंवार, अशोक चक्रधर और पुरुषोत्तम प्रतीक उपस्थित थे। हिंदी में बालको के योगदान को देखते हुए 1987 में इस्पात एवं खान मंत्रालय, खान विभाग के अधीन उपक्रम और संगठन के सेमिनार को बालको कोरबा संयंत्र में आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। सेमिनार का विषय 'धातु उद्योग-समस्याएं और चुनौतियां' थी। श्रीराम दरबार के नाम से देश-विदेश में सुविख्यात शर्मा बंधुओं गोपाल, शुकदेव, कौशेलेंद्र व राघवेंद्र शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। 1988 में बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा सुप्रसिद्ध पद्मश्री तीजनबाई के पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पंडवानी लोक गीत-नाट्य की पहली महिला कलाकार तीजनबाई पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से अंलकृत हैं। 1992 में भारतर डा. भीमराव अबेडंकर जन्मशताब्दी पर अंबेडकर के जीवन से संबंधित परिचर्चा, विचार-गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। 1995 नेशनल शेफ्टी कौंसिल, मध्य प्रदेश चैप्टर के रजत जयंती समारोह के अवसर पर भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स (बीएचएल), भोपाल में त्रि-दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया था। सेमिनार में बालको सांस्कृतिक मंडल द्वारा 'असुरक्षित का जनाजा' नामक नाटक प्रस्तुत किया था। नाटक की लोकप्रियता को देखते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय सेफ्टी कौंसिल में भी प्रस्तुत करने के लिए चुना गया था। बालको क्रिड़ा एवं सांस्कृतिक परिषद ने 1998 में छठे लोक कला महोत्सव के अवसर पर भिलाई, बस्तर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर तथा कोरबा आदि विभिन्न स्थानों के प्रसिद्ध कलाकारों ने भाग लिया था। प्रसिद्ध भवई नृत्य कलाकार तुलसी राम ने सिर पर गिलास तथा उसके ऊपर ग्यारह घड़े रखकर डांस प्रस्तुत किए।

बालको ने सदैव ही स्थानीय कला एवं साहित्य को बढ़ावा दिया है। छत्तीसगढ़ के म्यूरल, गोंकरा एवं भित्ती कला एवं कर्मा नृत्य को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी ने अनेक मंच प्रदान किए है। विगत कई वर्षो से कंपनी अपने कैलेंडर में छत्तीसगढ़ के समृद्ध कला एवं संस्कृति को संजोने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया है। भाषा की उपयोगिता को समझते हुए कंपनी ने हिंदी दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी तथा कला को बढ़ावा देने के लिए फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'मल्हार' का आयोजन किया है। बालको हमेशा से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध रहा है।

14 Nov. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तो में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
VASTU समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403